वर्ष- 13 अंक - 114
लखनऊ, बुधवार 24 दिसंबर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- रू 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार



samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

नया विधेयक खत्म करेगा ग्रामीण संपत्ति विवाद : जयवीर सिंह 03

ईडी ने पूर्व विदेश मंत्री की पत्नी के खिलाफ 17 मामलों में दाखिल की चार्जशीट 10

## लखनऊ में सर्दी के मद्देनजर नर्सरी के बच्चों की 27 तक छुट्टी, समय में बदलाव

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कुछ दिनों से लगातार गिरते तापमान और घने कोहरे के कहर से सर्दी का सितम जारी है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने प्री-प्राइमरी से नर्सरी तक के स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी है। साथ ही कक्षा एक से कक्षा 8 तक के स्कूलों का समय बदला है।

जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर ने मंगलवार को आदेश जारी किए जिसमें सभी विद्यालयों में प्री-प्राइमरी से नर्सरी तक की कक्षाओं के लिए 24 से 27 दिसंबर तक अवकाश रहेगा। वहीं, कक्षा 1 से कक्षा 8 तक की कक्षाओं का संचालन 24 दिसंबर से अग्रिम आदेशों तक सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा। आदेश में कहा है कि बीते दिनों में तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की गई है और सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने से छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। इसी को देखते हुए यह निर्णय एहतियातन लिया गया है। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। इस आदेश की प्रमाणिकता जनपद की आधिकारिक वेबसाइट lucknow.nic.in पर भी देखी जा सकती है।

# टीजीटी, पीजीटी, टीईटी के लिए लाखों प्रतियोगियों को करना होगा इंतजार

### आयोग पारदर्शिता के लिए इंटरनल विजिलेंस सिस्टम करेगा स्थापित, विज्ञापन संख्या 51 के असिस्टेंट प्रोफेसर की परीक्षा का रिजल्ट परीक्षण के बाद होगा जारी

▶ यूपी शिक्षा सेवा चयन आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष पूर्व डीजीपी की अध्यक्षता में हुई पहली बैठक

समृद्धि न्यूज



यूपी शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा परीक्षा नियंत्रक से यह अपेक्षा की गई है कि बीते दिनों स्थगित टीजीटी व पीजीटी की परीक्षाओं के साथ ही शिक्षक पात्रता परीक्षा यानी टीईटी के संबंध में परीक्षा तिथि निर्धारित करने के लिए अन्य आयोगों व भर्ती संस्थाओं के परीक्षा कैलेंडर का अध्ययन कर समय सारणी करें तैयार

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज के नवनियुक्त अध्यक्ष पूर्व डीजीपी डॉ प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोग की पहली महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। इस दौरान चयन आयोग के क्रियाकलापों में पारदर्शिता लाने और परीक्षा सम्बंधी अन्य कार्यों में शुचिता सुनिश्चित करने के लिए आंतरिक विजिलेंस प्रणाली यानी इंटरनल विजिलेंस सिस्टम स्थापित करने का महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है।

इस फैसले के तहत आयोग में जल्द ही विजिलेंस अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी। यूपी शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा परीक्षा नियंत्रक से यह अपेक्षा की गई है कि बीते दिनों स्थगित टीजीटी और पीजीटी की परीक्षाओं के साथ ही शिक्षक पात्रता परीक्षा यानी टीईटी के सम्बंध में परीक्षा तिथि निर्धारित करने के लिए अन्य आयोगों और भर्ती संस्थाओं के परीक्षा कैलेंडर का अध्ययन कर समय सारणी तैयार करें। अर्थात टीजीटी, पीजीटी और टीईटी के लाखों प्रतियोगी छात्रों को परीक्षा और नियुक्ति के लिए इंतजार करना होगा। आयोग के समक्ष प्रस्तुत होने वाली समय सारणी के आधार पर आयोग इन परीक्षाओं की तिथियों का भविष्य में निर्धारण करेगा।

#### भर्ती परीक्षाओं को समयबद्ध व पारदर्शी ढंग से कराने के लिए जल्द ही जारी होगा कैलेंडर

इसी के आधार पर आगामी परीक्षाओं के आयोजन के लिए परीक्षा केंद्रों के चयन और विभिन्न प्रकार की एजेंसी के चयन आदि की कार्यवाही की जाएगी। भर्ती परीक्षाओं को समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जल्द ही कैलेंडर जारी किया जाएगा, ताकि भर्ती परीक्षाओं को पूरी तरह से पारदर्शी और शुचिता के साथ सम्पन्न कराया जा सके।

यह भी निर्णय लिया गया है कि विज्ञापन संख्या 51 असिस्टेंट प्रोफेसर की परीक्षा के बाद लम्बित इंटरव्यू के सम्बंध में लम्बित बिंदुओं के परीक्षण के बाद जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। यूपी शिक्षा सेवा चयन आयोग की इस महत्वपूर्ण बैठक में अदालत के आदेशों के अनुपालन में अन्य प्रकरणों पर भी विचार विमर्श किया गया। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की बैठक मे लिए गए महत्वपूर्ण फैसलों की जानकारी आयोग के उपसचिव और जनसम्पर्क अधिकारी संजय कुमार सिंह ने दी है।

| -: सर्राफा बाजार भाव :- | |
|---|---|
| सोना | प्रति 10 ग्राम |
| 24 कैरेट | = 1,38,700/ |
| 22 कैरेट | = 1,27,150/ |
| 18 कैरेट | = 1,04,060/ |
| चांदी | प्रति किलो |
| | = 2,30,000/ |

## संक्षिप्त समाचार

### सीएक्यूएम ने छह थर्मल पावर प्लांट्स पर लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली।** दिल्ली और आसपास के इलाकों में हवा की गुणवत्ता लगातार बिगड़ती जा रही है। इसके मद्देनजर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने मंगलवार को सख्त कदम उठाते हुए 6 थर्मल पावर प्लांट्स को कारण बताओ नोटिस भेजा है। इन सभी प्लांट्स पर जुर्माना भी लगाया गया है। सीएक्यूएम ने एक बयान में बताया कि इन पावर प्लांट्स में फसल अवशेष (पराली) से बने बायोमास पेलेट/ब्रिकेट को कोयले के साथ जलाने के नियमों का सही से पालन नहीं किया गया। जबकि नियमों के अनुसार कोयला आधारित पावर प्लांट्स को कम से कम 5 प्रतिशत बायोमास कोयले के साथ मिलाकर जलाना जरूरी है।

### श्रीलंका को 45 करोड़ डॉलर की मदद करेगा भारत

**कोलंबो।** भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने चक्रवाती तूफान दित्वा से प्रभावित श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके से मंगलवार को यहां मुलाकात की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से राष्ट्रपति अनुरा को संदेश दिया और चक्रवात प्रभावित पड़ोसी के साथ एकजुटता प्रगट की। विदेश मंत्री ने एक्स पर इसकी जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि भारत ऑपरेशन सागर बंधु के तहत हमारी प्रथम रिस्पॉन्डर गतिविधि को आगे बढ़ाते हुए श्रीलंका के लिए 45 करोड़ अमेरिकी डॉलर के पुनर्निर्माण पैकेज की घोषणा करता है। भारत अपने सभ्यतागत संबंधों, नेबरहुड फर्स्ट और विजन महासागर के आधार पर श्रीलंका के साथ मजबूती से खड़ा है।

### ढाका में भारतीय उच्चायुक्त तलब, वीजा सेवाएं निलंबित

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने ढाका में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को बुलाकर हालिया घटनाओं पर गहरी चिंता जताई। विदेश मंत्रालय की विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। पिछले 10 दिन में भारतीय उच्चायुक्त को दूसरी बार तलब किया गया। इस बीच ढाका ने अपने दिल्ली स्थित बांग्लादेशी मिशन से वीजा सेवाओं को निलंबित करने की घोषणा की है। प्रोथोम आलो अखबार की रिपोर्ट में आज दोपहर यह जानकारी दी गई। अखबार ने विदेश मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से कहा कि वर्मा को सुबह 10 बजे बुलाया गया। उन्होंने मंत्रालय में विदेश सचिव असद आलम सियाम से मुलाकात की।

### राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने किया संसद का सत्रावसान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संसद के शीतकालीन सत्र का सत्रावसान कर दिया है। लोकसभा और राज्यसभा सचिवालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार मंगलवार को सदन के शीतकालीन सत्र का सत्रावसान कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि 19 दिसंबर को संसद के शीतकालीन सत्र में दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चतकाल के लिए स्थगित कर दी गयी थी। इस दौरान सदन की कुल 15 बैठकें हुईं और 8 विधेयक पारित किए गए।

# किसान ऊर्जा का प्रवाह करता है तो धरती उगलती है सोना

सीएम ने चौधरी चरण सिंह की 123वीं जयंती पर किसानों को दी ट्रैक्टर की चाबी, हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने किसान सम्मान दिवस पर किसानों का उत्साह बढ़ाते हुए उनकी मेहनत को प्रणाम किया। सीएम ने किसान समृद्धि योजना के तहत ट्रैक्टर पाने वाले किसानों के चेहरे की चमक का जिक्र किया। बोले कि कोई किसान अपनी मां तो कोई पत्नी को ट्रैक्टर में बिठाकर ले जा रहा है। यही किसान की ताकत होती है, सर्दी, गर्मी की परवाह किए बिना जब वह पसीना बहाता है और सर्दी को अपनी अस्थियों में समाहित कर ऊर्जा का प्रवाह धरती मां के साथ करता है तो खेती अन्न उत्पादन के रूप में सोना उगलती है।

मुख्यमंत्री योगी ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस पर विधान भवन प्रांगण स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। सीएम ने 'किसान सम्मान दिवस' पर किसानों को ट्रैक्टर की चाबी दी। साथ ही किसानों, वैज्ञानिकों, एफपीओ आदि को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने चौधरी चरण सिंह सीड पार्क अटारी लखनऊ के प्लॉट आवंटन प्रक्रिया का बटन दबाकर शुभारंभ किया।

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अपनी मेहनत से किसानों ने प्रगति की है। 2014 में जब नरेंद्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली, तब पहली बार किसान भी सरकार के एजेंडे का हिस्सा बना। धरती हमारी मां और हम सभी इसके पुत्र हैं, इसलिए पुत्र का दायित्व है कि जब मां बीमार या संकट में हो तो पुत्र उसे संकट से उबारने में योगदान देता है। पहली बार स्वायल हेल्थ कार्ड के माध्यम से पीएम मोदी ने 2014 में धरती मां की सेहत के बारे में हर किसी को जागरूक किया।

अन्नदाता किसानों को प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना से जोड़ा, फिर एक-एक करके प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से लेकर पीएम किसान सम्मान निधि, एमएसपी की गारंटी हो या बीज से लेकर बाजार तक किसानों की सुविधाओं को बढ़ाया गया। सीएम योगी ने कहा कि शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, बहराइच में गन्ना किसानों ने एक-एक हजार कुंतल प्रति हेक्टेयर उत्पादन का नया रिकॉर्ड बनाया है। सीएम ने कृषि व गन्ना विभाग से कहा कि हर किसानों को वहां ले जाकर तकनीक से अवगत कराया जाए।





**16 लाख निजी ट्यूबवेल से जुड़े किसानों का ऋण माफ**

सीएम ने किसानों के हित में किए गए कार्य को गिनाया। बोले कि 16 लाख निजी ट्यूबवेल से जुड़े किसानों का ऋण माफ कर दिया है। हर वर्ष सरकार 3600 करोड़ रुपये पावर कॉरपोरेशन को देती हैं। सहकारिता के माध्यम से संचालित एलडीबी के द्वारा किसानों को साढ़े 11 प्रतिशत ब्याज दर पर लोन मिलता था, अब यह छह फीसदी पर मिलेगा। किसान के हित में सरकार सब कुछ करेगी। अब योजनाओं की स्पीड सुस्त नहीं है। अब किसानों को सुरक्षा की चिंता नहीं है। सरकार किसानों के साथ खड़ी है। चौधरी चरण सिंह की सोच के अनुरूप डबल इंजन सरकार किसानों के हितों के लिए सदा कार्य करेगी।

**किसान हितैषी थे चौधरी चरण**

सीएम योगी ने चौधरी चरण सिंह के वक्तव्य का जिक्र किया। वे हमेशा देश, गांव व किसान के हित में काम करते थे। वे कहते थे कि जब तक किसान गरीब रहेगा, भारत अमीर नहीं हो सकता। ग्रामीण भारत ही असली भारत है। भारत की समृद्धि का मार्ग देश के खेत व खलिहान से होकर गुजरता है। जागरूक जनशक्ति ही सफल लोकतंत्र का आधार है। यूपी सरकार में उन्हें जब मौका मिला तो भूमि सुधार कार्यक्रम लागू किया। जमींदारी उन्मूलन, भूमि सुधार अधिनियम के माध्यम से उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। बिचौलियों द्वारा किसानों का शोषण बंद करने के लिए मंडी अधिनियम पारित कराया। पटवारी व्यवस्था का भी उन्मूलन किया।

### कुलदीप सेंगर को राहत : आजीवन कारावास की सजा निलंबित, सशर्त जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने उन्नाव बलात्कार मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे भाजपा के निष्कासित नेता कुलदीप सिंह सेंगर की सजा मंगलवार को निलंबित कर दी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद और न्यायमूर्ति हरीश वैद्यनाथन शंकर ने 15 लाख रुपये के निजी मुचलके और इतने की ही तीन जमानत राशियां जमा करने का निर्देश देकर सेंगर को जमानत दे दी। उच्च न्यायालय ने सेंगर को निर्देश दिया कि वह न तो पीड़िता के घर के पांच किलोमीटर के दायरे में जाएंगे और न ही उसे या उसकी मां को कोई धमकी देंगे। अदालत ने कहा, शर्तों का उल्लंघन होने पर जमानत रद्द कर दी जाएगी।÷ उच्च न्यायालय ने बलात्कार मामले में दोषसिद्धि और सजा के खिलाफ अपील लंबित रहने तक सेंगर की सजा पर रोक लगाई है। उसने दिसंबर 2019 के निचली अदालत के फैसले को चुनौती दी थी। संबंधित मामले के अनुसार, सेंगर ने 2017 में नाबालिग लड़की का अपहरण कर बलात्कार किया था। उच्चतम न्यायालय के एक अगस्त 2019 के निर्देश के आधार पर बलात्कार और अन्य संबंधित मामले उत्तर प्रदेश की एक निचली अदालत से दिल्ली स्थानांतरित कर दिए गए थे। पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत होने से संबंधित मामले में सजा के खिलाफ सेंगर की अपील अब भी लंबित है।

## माघमेला में श्रद्धालुओं की सुरक्षा प्राथमिकता, रोडमैप बनकर तैयार



**तैयारियों को धरातल पर उतारने की कवायद शुरु**

यूपी आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत योगेंद्र डिमरी का कहना है कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। अब धरातल पर उतारने की कवायद शुरू हो रही है। सभी एजेंसियों में समन्वय पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने बताया कि इन विषयों से जुड़ी बिंदुओं की मॉक ड्रिल और एक्सरसाइज 27 दिसंबर से शुरू हो रही है जिसमें अग्नि शमन और जल सुरक्षा जैसी तैयारियों को परखा जाएगा।

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** संगम किनारे लगने जा रहे माघ मेले में 12 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की सुरक्षा और प्रबंधन प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है। इससे निपटने के लिए आपदा प्रबंधन और उससे जुड़ी सभी सुरक्षा एजेंसियों ने सुरक्षा और प्रबंधन का रोड मैप तैयार कर लिया। अब इसे धरातल पर उतारने की कवायद शुरू की जाएगी। संगम तट पर 3 जनवरी से लगने जा रहे आस्था के महा समागम माघ मेले में इस बार अब तक आयोजित सभी माघ मेलों से अधिक 12 से 15 करोड़ के बीच श्रद्धालुओं के त्रिवेणी के तट पहुंचने का अनुमान है।

श्रद्धालुओं की इस संख्या को देखते हुए भीड़ प्रबंधन और किसी भी तरह की आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए यूपी आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और माघ मेला प्रशासन की सहयोगी एजेंसियों विचार-विमर्श किया और सुझाव रखे। न्यू कैंट में सदर स्थित कोबरा आडीटोरियम में दो दिवसीय सिंपोजियम एवं टेबलटॉप एक्सरसाइज मंगलवार को खत्म हुई। इसमें हुए संवाद हासिल हुए अनुभवों और निष्कर्षों को अब धरातल पर उतारने की कवायद शुरू हो रही है।

**सुरक्षा से जुड़े स्टेक होल्डर्स में रहेगा पूरा समन्वय, मेले में जुटेंगे 12 करोड़ से अधिक श्रद्धालु**

### सुरक्षाबलों ने आतंकी के साथी को हथियार व गोला बारूद संग किया गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी के साथी को हथियार और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया है। उसके पास से 01 पिस्टल, 05 जिंदा राउंड समेत हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया। पुलिस ने कहा कि अवंतीपोरा पुलिस सीआरपीएफ की 185 बटालियन और 50 राष्ट्रीय राइफल्स समेत ज्वाइंट फोर्स ने पुलवामा जिले के वुयान खेव इलाके में एक सर्च और कॉर्डन ऑपरेशन किया। इस दौरान गुलाब बाग त्राल निवासी अब्दुल रशीद हजाम को गिरफ्तार किया गया।

## यूपी विधानसभा सत्र में उठा एसआईआर व बीएलओ की मौतों का मामला, विपक्ष ने जमकर किया हंगामा

▶ मृतक सभी बीएलओ के परिवार को 50 लाख मुआवजा व परिवार के एक सदस्य को नौकरी दे सरकार

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** यूपी में चुनाव संबंधी कार्यों के दौरान बूथ लेवल ऑफिसर्स पर अत्यधिक व असंगत कार्यभार डाले जाने का मामला मंगलवार को विधानसभा में उठाया गया है।

कांग्रेस की नेता आराधना मिश्रा ने कहा कि एसआईआर के दौरान मृतक सभी बीएलओ के परिवार को 50 लाख रुपये मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जाए। विधानसभा में कांग्रेस की नेता आराधना मिश्रा ने नियम-56 के अंतर्गत सदन में यह मामला उठाया और एसआईआर पर चर्चा कराने की मांग की। मोना ने कहा कि पर्याप्त संसाधनों के अभाव, अवकाश न मिलने और लगातार फील्ड ड्यूटी के कारण बीएलओ शारीरिक और मानसिक रूप से अत्यधिक दबाव में काम करने को विवश हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कई जिलों मुरादाबाद, बिजनौर, लखनऊ, हाथरस, गोंडा और देवरिया सहित अन्य स्थानों पर ड्यूटी के दौरान या अत्यधिक थकान व तनाव के चलते कर्मचारियों की मौत, हृदयाघात तथा गंभीर शारीरिक क्षति की घटनाएं सामने आई हैं। इन घटनाओं से संबंधित कर्मचारियों के परिजनों में गहरा आक्रोश है।

### यूपी गैंगस्टर विकास दुबे पर बनी वेब सीरीज 'यूपी 77' को नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कथित तौर पर गैंगस्टर विकास दुबे के जीवन पर आधारित वेब सीरीज 'यूपी 77' को रिलीज किए जाने से रोकने की याचिका पर केंद्र सरकार और वेब सीरीज निर्माताओं से जवाब मांगा। यह याचिका मुठभेड़ में मारे गए दुबे की पत्नी ने दायर की है। वेब सीरीज 25 दिसंबर को ओटीटी मंच 'वेव्स' पर रिलीज होने वाली है। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने याचिका पर नोटिस जारी किया और मामले की अगली सुनवाई बुधवार के लिए निर्धारित की। दुबे 2020 में उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ एक मुठभेड़ में मारा गया था।

**नीरज चोपड़ा ने पत्नी के साथ पीएम से की मुलाकात**



**नई दिल्ली।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और विश्व प्रसिद्ध भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने अपनी पत्नी हिमानी मोर के साथ मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। यह भेंट प्रधानमंत्री आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर हुई। प्रधानमंत्री ने इस मुलाकात की जानकारी सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा करते हुए कहा कि नीरज चोपड़ा और उनकी पत्नी के साथ विभिन्न विषयों पर सार्थक बातचीत हुई, जिसमें खेल से जुड़े मुद्दे प्रमुख रहे।

## नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की साइबर सिक्योरिटी संभालेगी टेक महिंद्रा

एजेंसी

▶ नेटवर्क व हवाई अड्डे के आईटी ढांचे के लिए 24 गुना सात निगरानी व प्रबंधन मुहैया कराएगी टेक महिंद्रा

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने अपने नेटवर्क को मजबूत करने और साइबर सुरक्षा ऑपरेशन के लिए महिंद्रा समूह की कंपनी टेक महिंद्रा के साथ करार किया है।

दोनों कंपनियों की संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि इस उद्देश्य के लिए टेक महिंद्रा एकीकृत नेटवर्क एंड सिक्योरिटी ऑपरेशन्स सेंटर स्थापित करेगी। यह हवाई अड्डे पर निर्बाध और सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित करेगा। टेक महिंद्रा नेटवर्क और हवाई अड्डे के आईटी ढांचे के लिए 24 गुना 7 निगरानी एवं प्रबंधन मुहैया करायेगी। इसमें एप्लिकेशन्स, डाटाबेस, नेटवर्क, सर्वर, स्टोरेज सिस्टम और संबंधित डिजिटल प्लेटफॉर्म शामिल होंगे। नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस्टफ स्नेलमैन ने कहा, एक नये हवाई अड्डे के तौर पर हमारे पास नेटवर्क की मजबूती, सुरक्षा और डिजिटल इकोसिस्टम में पहले दिन से ही परिचालन की उत्कृष्टता शामिल करने का अवसर है। टेक महिंद्रा के साथ हमारी सहभागिता एक मजबूत और भविष्य के लिए तैयार नेटवर्क तथा साइबर सुरक्षा फ्रेमवर्क तैयार करने की दिशा में एक कदम है।

सौगात

**परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने छह इलेक्ट्रिक बसों का शुभारम्भ करते हुए कहा**

# इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ने से पर्यावरण को होगा लाभ

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** प्रयागराज में स्वच्छ, हरित एवं आधुनिक सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत लीडर रोड डिपो कार्यशाला प्रयागराज में आरजी मोविलिटी द्वारा 6 इलेक्ट्रिक बसों का शुभारम्भ किया गया। इन बसों के संचालन प्रयागराज से वाराणसी, अयोध्या व कानपुर मार्गों पर किया जायेगा।

परिवहन मंत्री ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि प्रदेश के लोगों को प्रदूषण रहित आरामदायक एवं सस्ती परिवहन सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री के कुशल निर्देशन में परिवहन निगम के बेड़े में इलेक्ट्रिक बसों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जिसका सीधा लाभ पर्यावरण को होगा। इलेक्ट्रिक बसे शून्य उत्सर्जन तकनीकी पर आधारित है, जिससे वायु प्रदूषण एवं ध्वनि प्रदूषण में उल्लेखनीय कमी आयेगी। साथ ही डीजल ईंधन पर निर्भरता घटेगी और ईंधन लागत में बचत होगी। इलेक्ट्रिक बसों के संचालन से सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को अधिक किफायती और पर्यावरण अनुकूल बनाया जा सकेगा। यह पहल प्रदेश सरकार की स्वच्छ ऊर्जा नीति, पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के लक्ष्यों के अनुरूप है। इलेक्ट्रिक बसों का संचालन प्रयागराज, अयोध्या एवं वाराणसी जैसे प्रमुख धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन नगरों के बीच आधुनिक एवं हरित परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

**बुलंदशहर में नवनिर्मित बस अड्डे का वर्चुअली लोकार्पण**

**बुलंदशहर।** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह आज विधानसभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष में बुलन्दशहर स्थित शिकारपुर में नवनिर्मित बस अड्डे का वर्चुअली लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि उक्त बस अड्डा शिकारपुर की जनता के लाभदायक होगा। यहां के बसों की संख्या बढ़ाई जायेगी, सभी जगहों से आवागमन सुनिश्चित कराई जायेगी। परिवहन मंत्री ने कहा कि आज देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व चौधरी चरण सिंह की जन्म शताब्दी का भी अवसर है। पूरा देश, प्रदेश उनका जन्म शताब्दी वर्ष भी मना रहा है। इस अवसर पर शिकारपुर, बुलन्दशहर में विधायक अनिल शर्मा के प्रयासों से बस अड्डे का लोकार्पण किया गया। 2 करोड़ 18 लाख रूपये की लागत से बस अड्डे का निर्माण किया गया है, जिसका सीधा लाभ वहां की जनता को मिलेगा। परिवहन निगम के दो मार्गों यथा शिकारपुर से अनूप शहर तथा शिकारपुर से खुर्जा अलीगढ़ मार्ग पर दो बसों का संचालन किया जायेगा।

# पसका मेला आयोजन की तैयारियों को समय से करें पूर्ण

## कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी गोण्डा प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में तैयारियों के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ हुई बैठक

समृद्धि न्यूज



**गोण्डा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी गोण्डा प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में पसका मेला आयोजन की तैयारियों के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य आगामी पसका मेले को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक ढंग से संपन्न कराना रहा। बैठक में मेला आयोजन से जुड़ी सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि पसका मेला जनपद का एक महत्वपूर्ण धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं आमजन सम्मिलित होते हैं। ऐसे में सभी विभागों की जिम्मेदारी है कि आपसी समन्वय से कार्य करते हुए समय से पहले सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करें, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।

जिलाधिकारी ने साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए कि मेला क्षेत्र में नियमित रूप से सफाई अभियान चलाया जाए। कूड़ा निस्तारण, शौचालयों की नियमित सफाई तथा स्वच्छता बनाए रखने हेतु पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। साथ ही मोबाइल टॉयलेट की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। विद्युत सुरक्षा के संबंध में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि मेला क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ एवं सुरक्षित होनी चाहिए। सभी अस्थायी विद्युत कनेक्शनों की जांच पूर्व में कर ली जाए तथा खुले तारों एवं जोखिमपूर्ण स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाए। किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचाव के लिए विद्युत विभाग को सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। पार्किंग एवं यातायात व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पर्याप्त पार्किंग स्थलों का चिन्हांकन किया जाए। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए ट्रैफिक प्लान तैयार कर उसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न न हो।

सुरक्षा व्यवस्था के तहत जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग को मेला क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरे एवं गश्त व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। नदी क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बैरिकेटिंग की समुचित व्यवस्था करने तथा गोताखोरों एवं आपदा प्रबंधन टीम की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। इसके अतिरिक्त पेयजल व्यवस्था के लिए पानी के टैंकर, अस्थायी हैंडपंप एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए पसका मेले को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

बैठक में अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी, खंड विकास अधिकारी परसपुर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्नलगंज, नगर पंचायत परसपुर, ग्राम प्रधान पसका सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# साई मंदिर से चांदी के मुकुट व नथुनी चोरी होने की घटना का खुलासा

समृद्धि न्यूज़



**गोंडा।** 22 दिसंबर को प्रातः लगभग 08:00 बजे थाना कोतवाली नगर, क्षेत्रान्तर्गत कचहरी गेट नं0 03 के सामने स्थित मन्दिर से अज्ञात चोर द्वारा 03 चाँदी के मुकुट, 01 सोने की नथुनी तथा दानपात्र से लगभग 300-400 रुपये चोरी किए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना पर उच्चाधिकारीगण द्वारा थाना स्थानीय पुलिस बल के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ताला तोड़े जाने के स्पष्ट निशान नहीं पाए गए, जिससे ताला खोलकर चोरी किए जाने की सम्भावना प्रतीत हुई।

मंदिर के अध्यक्ष अभिषेक जायसवाल की लिखित तहरीर के आधार पर थाना को0 नगर में अज्ञात अभियुक्तों के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। आज दिनांक 23.12.2025 को थाना को0 नगर पुलिस द्वारा अथक मेहतन एवं प्रयासोपरांत चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए चोरी करने के 02 आरोपी अभियुक्तों 01. अनुज मिश्रा उर्फ गोलू पुत्र राम कृपाल मिश्रा निवासी प्रकाश टेन्ट हाउस के पीछे, तालाब के बगल, काशीराम कॉलोनी थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा, 02. सन्दीप उर्फ कल्लू कश्यप पुत्र रामू निवासी आसरा आवास थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा को आसरा आवास के पास स्थित खण्डहर से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के 03 अदद मुकुट सफेद धातु, 01 अदद नथुनी पीली धातु व 996 रू0 के विभिन्न मूल्य के सिक्के बरामद किया गया गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना को0 नगर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर न्यायालय रवाना किया गया।

# खबरें एक नजर में

### पुलिस ने एक माह में 80 वाहन किए सीज

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** आई जी अमित पाठक के फरमान से जिले के पुलिस हरकत में आई और अवैध रूप से चल रही डगामार वाहनों पर पुलिस ने कारवाही करना शुरू कर दिया।नगर पुलिस ने एक माह में 80 वाहनों को सीज कर दिया। नगर प्रभारी विवेक त्रिवेदी ने बताया कि आईजी अमित पाठक के निर्देश पर अवैध रूप से सड़को और चौराहों पर जाम लगाने वाले वाहनों को सीज करने की कारवाही की गई। जिस में गुरुनानक चौराहा सद्भावना चौकी के पास और मिश्र रैलियों ,बड़गांव क्षेत्र में भी वाहनों को सीज करने की कारवाही की गई। बीते 19 नवंबर से 17 दिसंबर के बीच 80 वाहनों को सीज किया गया। जिसमें दीपांशु वर्मा पुत्र राम कुमार वर्मा, बृज किशोर पुत्र माधव राज सादिक अली पुत्र सिराज अरुण मौर्य पुत्र मुन्ना लाल चंद्र भान सिंह पुत्र महेंद्र प्रताप सिंह अनिल कुमार तिवारी पुत्र शिव शंकर सुरेश कुमार पुत्र मदन गोपाल अजय कुमार पांडेय पुत्र राम शंकर मो शाहिद पुत्र हसन अश्मा खातून पुत्री जहिर खान विनोद कुमार यादव पुत्र छवि कुमार यादव सूर्य प्रकाश तिवारी पुत्र शिवम इंद्र कुमार मिश्रा पुत्र मेवा राम मिश्र विनय कुमार वर्मा पुत्र राम केदार वर्मा आशीष श्रीवास्तव पुत्र मदन मोहन मो जीशान पुत्र खुर्शीद कायमअली पुत्र शेर खान हरीश चंद्र रस्तोगी पुत्र बनवारी लाल पुष्पा देवी पत्नी राम किशुन रेहान पुत्र मुशीर सहित 80 वाहनों को सीज किया गया है।ज्यादा तर वाहन गुरुनानक चौराहे से एल बी एस चौराहे तक सड़कों पर जाम लगा कर अवैध रूप।से। लखनऊ की सवारी बैठा रहे थे।

### भागवत कथा में बड़ी संख्या में सुनने आए श्रद्धालु

**बेलसर/गोंडा,समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत बेलसर रगड़गंज बाजार मे मदन कसौधन के यहां चल रहे सात दिवसीय भगवत कथा मे मथुरा वृंदावन से आए कथा व्यास आचार्य राम जी महाराज के मुखारविंद से सातवें दिन सुदामा चरित्र कथा बड़े विस्तार से भक्तों को रसपान कराया कथा में क्षेत्रीय लोग बड़ी संख्या में कथा सुनाने आए शिवनाथ गुप्ता भोजवाल प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय भारतीय अखंड पार्टी, रामकुमार कसौधन, व्यापार मंडल महामंत्री, राजेश भोजवाल, दीपक भोजवाल अजय कसौधन सुशील कसौधन प्रदीप कसौधन संतोष दुबे महेश शिव प्रकाश कसौधन, मोदनवाल बबलू जयसवाल व बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग, कथा में शामिल हुए।

### अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, एक ने तोड़ा दम

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के रानीपुर इलाके में एक सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिसके बाद चालक मौके से फरार हो गया। यह घटना रानीपुर थाना क्षेत्र के निंदुरा ग्राम के पास हुई। निंदुरा निवासी कैलाश (25) और सत्यम (32 ) बाइक से हुजूरपुर से वापस लौट रहे थे, तभी हाईवे के पास यह हादसा हुआ। आसपास के लोगों ने तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दी और एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक राजेश सोनकर ने परीक्षण के बाद कैलाश को मृत घोषित कर दिया। सत्यम का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हुई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### अलाव तापते समय युवक झुलसा, पैर जला

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के कैसरगंज इलाके में एक युवक अलाव तापते समय आग की चपेट में आने से झुलस गया। यह घटना देर रात डिहुआ ग्राम में हुई। 30 वर्षीय सोनू नामक युवक अपने घर के पास ठंड से बचने के लिए अलाव ताप रहा था। अचानक आग की लपटें तेज हो गईं, जिससे उसके कपड़ों में आग लग गई। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत आग बुझाई। इस घटना में युवक का एक पैर बुरी तरह झुलस गया। परिजन उसे तत्काल स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा उसका इलाज किया जा रहा है।

### सीमांत क्षेत्र में अवैध सागवान लकड़ी जब्त

**तुलसीपुर, समृद्धि न्यूज** । सीमांत क्षेत्र में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध सख्ती जारी रखते हुए सशस्त्र सीमा बल की 09वीं वाहिनी और वन विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। दिनांक 22 दिसंबर 2025 को दोपहर लगभग 1:15 बजे समवाय खंगरानाका, 09वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल को विश्वसनीय स्रोत से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम देवपुरा में अवैध रूप से सागवान की लकड़ी काटकर खेत में छिपाकर रखी गई है। यह ग्राम अंतर्राष्ट्रीय सीमा से लगभग 13 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। सूचना की पुष्टि के बाद तत्काल वन विभाग, बनकटवा को अवगत कराया गया। सशस्त्र सीमा बल एवं वन विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम देवपुरा में छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान एक खेत से पहले से काटकर रखे गए सागवान की लकड़ी के कुल 80 बोटे बरामद किए गए। मौके पर नजदीकी ग्रामीणों से पूछताछ की गई, परंतु किसी भी व्यक्ति ने लकड़ी के संबंध में कोई ठोस जानकारी नहीं दी।

# पीड़िता को नहीं मिला न्याय, एसपी से लगाई गुहार

समृद्धि न्यूज





**गोन्डा।** जनपद के थाना मोतीगंज मे पीड़िताओ को न्याय नहीं मिलने से पुलिस अधीक्षक के दरबार मे पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता के मुताबिक घटना 17.12.2025 की है पीड़िता पर विपक्षियों द्वारा जानलेवा हमला तब कर दिया गया जब पीड़िता के खेत की फसल नोचकर विपक्षियों ने गन्ने के खेत मे फेंक दिया था, जिसकी शिकायत पीड़िता को करना भारी पड़ गया।वहीं पीड़िता ने चौकी प्रभारी कहोबा थाना मोतीगंज के पास शिकायत लेकर पहुंची तो उसको चौकी पर रोक लिया गया।

कुछ देर इंतज़ार कराने के बाद थाने भेजा जहां पीड़िता के चोटों का निरीक्षण हेतु भेजा गया लेकिन पीड़िता के मुताबिक विपक्षियों पर मुकदमा नहीं दर्ज किया गया और आश्वासन देकर घर भेज दिया गया।थाने पर न्याय न मिलता देखकर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक गोन्डा के दरबार पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। शिकायत के अनुसार विपक्षीगणो ने प्रार्थिनी को पटक-पटक कर मारे-पीटे, गम्भीर चोट आयी,कान फट गया है, जान-माल की धमकी व माँ बहन की भद्दी-भद्दी गाली दिये हैं।

पीड़िता की सास रीता रोने चिल्लाने की आवाज सुनकर बचाने आयी तो उसे भी काफी मारा-पीटा है, सास को भी काफी चोट आयी है परन्तु उसके सास के चोटों का निरीक्षण तक नहीं कराया गया। पीड़िता ने मुकदमा दर्ज कराने तथा सास रीता के चोटों का मेडिकल परीक्षण कराये जाने का आग्रह किया है।वहीं पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने इस मामले और पीड़िता को तथा सास को लगे चोटो देखकर नाराजगी जताई और मोतीगंज थाने को तत्काल किये कार्यवाही से अवगत कराने को कहा।अब देखना है कि मोतीगंज थाने मे ऐसे बहुत से मामले होंगे और पीड़ितों को न्याय नहीं मिलता होगा हर कोई मामला पुलिस अधीक्षक दरबार नहीं पहुंच पाता होगा जो एक विचारणीय सवाल है।

# जिला जज, डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण



समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** जनपद न्यायाधीश श्री दुर्ग नरायन सिंह, जिलाधिकारी गोण्डा श्रीमती प्रियंका निरंजन एवं पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने वहां पर कैदियों से वार्ता की तथा उन्हें जेल में दी जा रही सुविधाओं एवं उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान कारागार अस्पताल में जाकर वहां पर भर्ती कैदियों से मुलाकात किया, साथ ही सभी भर्ती कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। जिलाधिकारी तथा एसपी ने स्वयं विभिन्न बैरकों, अस्पताल, भोजनालय, भंडार कक्ष, पुस्तकालय आदि का निरीक्षण किया तथा संबंधित को निर्देश दिए कि जेल में जेल मैनुअल के अनुसार कैदियों को सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। इसके साथ ही ऐसे कैदी जिनके पास वकील नहीं है उनके लिए सरकारी वकील का भी प्रबंध कराया जाय। जेल में निरुद्ध कैदियों का बराबर मेडिकल चेकअप कराने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कारागार में 35 कैदियों को चश्मा वितरण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संत लाल पटेल, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जय गोविंद, जेल अधीक्षक, डिप्टी जेलर, कारागार डॉक्टर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एसआईआर का सत्यापन सभी बूथों पर किया जाना आवश्यक : बृजेश पांडेय

**बहराइच।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर एक आवश्यक बैठक सभी मोर्चो के पदाधिकारी के साथ जिलाध्यक्ष भाजपा बृजेश पांडे ने की। बैठक में आगामी 25 दिसंबर से अटल बिहारी बाजपेई की जन्म शताब्दी वर्ष मनाए जाने के संबंध में जानकारी दिया साथ-साथ सभी बूथों पर का सत्यापन सभी बूथों पर किया जाना आवश्यक बताया। सभी बूथ प्रवासियों के साथ यह कार्यक्रम किया जाएगा। सभी मोर्चो के अध्यक्ष को जिम्मेदारी व अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी सभी बूथों पर मनाए जाने के लिए आग्रह किया। जिसमें युवा मोर्चा संयोजक अरुणेंद्र सिंह अंकित, अखिलेश यादव, सौरभ मिश्रा, महिला मोर्चा महामंत्री उर्मिला शुक्ला, डॉ ज्योति सिंह, किसान मोर्चा के महामंत्री भारत लाल पांडे, नागेंद्र सिंह पिछड़ा मोर्चा महामंत्री हनुमान यादव, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष तौशिब महामंत्री दानिश अंसारी सभी को जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे ने सहित अटल बिहारी बाजपेयी जन्म शताब्दी सभी बूथो पर मनाने का आग्रह किया।

# जमीनी विवाद में फायरिंग, एक घायल खेत जोतने के दौरान मारपीट, केस दर्ज



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** पयागपुर थाना क्षेत्र के कलूई गांव में मंगलवार सुबह जमीनी विवाद को लेकर हुई फायरिंग में एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। यह घटना उस समय हुई जब श्रावस्ती निवासी मनोज चौधरी के भाई मनीष वर्मा (पूर्व प्रधान) अपने साथियों के साथ खरीदी गई 40 बीघा जमीन पर खेत जोतने पहुंचे थे।

मनोज चौधरी ने यह जमीन मार्च माह में खरीदी थी, जिस पर कलूई गांव के सुशील मिश्रा अपना दावा जता रहे थे। सुबह करीब आठ बजे खेत पर पहुंचने के बाद मनीष वर्मा का सुशील मिश्रा के परिवार से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर सुशील मिश्रा ने अपने साथियों के साथ मिलकर मनीष वर्मा पर हमला कर दिया और फायरिंग भी की, जिससे वे घायल हो गए। घायल मनीष वर्मा को तत्काल पयागपुर के स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल मनीष वर्मा के भाई मनोज चौधरी ने बताया कि विपक्षी जबरन उनकी जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं, जिसके चलते उन्होंने आज हमला किया। पयागपुर थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में तहरीर प्राप्त हो गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है।

# नीति आयोग के सहयोग से डिजिटल हुआ राजकीय जिला पुस्तकालय

**बहराइच।** जनपद स्तर पर प्रतियोगी छात्रों के लिए अध्ययन हेतु डिजिटली सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से नीति आयोग भारत सरकार से वर्ष 2023 में प्राप्त हुई धनराशि रू. 103.65 लाख से गेंद घर मैदान स्थित राजकीय जिला पुस्तकालय बहराइच को डिजिटल लाइब्रेरी के रूप में विकसित करने के साथ साथ पाठकों के लिए सुविधाओं का विस्तार किया गया है। डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना से एक स्थान पर न्यूनतम शुल्क पर प्रतियोगी छात्रों को आफलाइन व आनलाइन अध्ययन सामग्री उपलब्ध करायी जा रही है। उल्लेखनीय है कि राजकीय जिला पुस्तकालय के अपग्रेडेशन कार्य में सबसे बड़ी चुनौती पूर्व में स्थापित लाइब्रेरी में रखी हुयी पुस्तकों, फर्नीचर व अलमारी को हटाकर रिनोवेशन कराना था। परन्तु तमाम चुनौतियों का सामना करते हुए पाठकों की सुविधा के लिए राजकीय जिला पुस्तकालय को वातानुकूलित करने के साथ-साथ पुस्तकालय को डिजिटली अपग्रेड करते हुए वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है।

# एसडीएम के नेतृत्व में नानपारा में गरजा बुलडोजर

समृद्धि न्यूज





**बहराइच।** नानपारा तहसील क्षेत्रान्तर्गत ग्राम लालबोझी स्थित गाटा संख्या 670 रकबा 0.024 है. जो कि राजस्व अभिलेखों में श्रेणी 6-1 जलमग्न भूमि (तालाब) के नाम दर्ज है पर यासीन पुत्र छुटकन खा उर्फ रियासत उल्ला खा, निवासी मझोबा भुलोरा, परगना व तहसील नानपारा द्वारा लंबे समय से बनाई गई 10 दुकानों को उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी के निर्देश पर तहसीलदार नानपारा, राजस्व निरीक्षक व क्षेत्रीय लेखपाल ने जेसीबी के माध्यम से पक्की बनी 10 दुकानों को नियमों के अंतर्गत ध्वस्त करवा दिया।

सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण पर जेसीबी से धवस्तीकरण होने पर अवैध कब्जेदारों में बेचैनी बढ़ गई है। तहसील प्रशासन की सख्त कार्रवाई से यह स्पष्ट संदेश क्षेत्र में गया है कि सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसडीएम द्वारा की गई कार्रवाई जलस्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। तालाब के अतिक्रमण मुक्त होने से ग्रामीणों को भविष्य में जल संरक्षण का लाभ मिलेगा। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान तहसीलदार नानपारा के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम मौके पर मौजूद रही। सम्पूर्ण कार्यवाही शान्तिपूर्ण एवं सुचारू रूप से सम्पन्न हुई। एसडीएम नानपारा ने बताया कि शासन व प्रशासन के स्पष्ट निर्देश है कि सरकारी भूमि, तालाब, चकरोड एवं सार्वजनिक संपत्तियों को अतिक्रमण से मुक्त् किया जाय। उन्होंने बताया कि तहसील क्षेत्र अन्तर्गत भविष्य में भी अवैध अतिक्रमणों के विरूद्ध अभियान जारी रहेगा। सरकारी भूमि पर मिसी प्रकार के अवैध अतिक्रमण को कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के नेतृत्व में तहसील प्रशासन अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध पूरी दृढ़ता से कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# शिक्षा की सौगात : डॉ. सर्वेश कुमार शुक्ला नर्सिंग कॉलेज को मिली आईएनसी की मान्यता

समृद्धि न्यूज




**बहराइच।** जिले को एक नयी शिक्षा की सौगात मिल गई है, जिससे उच्च गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का लाभ विद्यार्थी यही ले सकेंगे। बहराइच - सीतापुर हाईवे मार्ग के सबलापुर स्थित डॉ. सर्वेश कुमार शुक्ला इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज को इंडियन नर्सिंग काउंसिल (आईएनसी) से आधिकारिक मान्यता प्राप्त हो गई है। मान्यता मिलने से क्षेत्र में नर्सिंग एवं पैरामेडिकल शिक्षा को नई दिशा मिलेगी।

कॉलेज को आईएनसी की स्वीकृति मिलने के बाद अब छात्र-छात्राओं को मान्यता प्राप्त नर्सिंग शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। संस्थान आधुनिक सुविधाओं, योग्य शिक्षकों एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण के साथ विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। जिले के वरिष्ठ सर्जन व संस्था चेयरमैन डा. सर्वेश कुमार शुक्ला व डायरेक्टर पल्लवी शुक्ला ने बताया कि आईएनसी की मान्यता मिलना संस्थान के लिए गर्व का विषय है और इससे क्षेत्र व शहर के विद्यार्थियों को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। यह उपलब्धि बहराइच जनपद में स्वास्थ्य शिक्षा के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। उन्होंने बताया कि मान्यता मिलने से नर्सिंग कालेज के छात्र-छात्राओं को अपनी पढ़ाई पूरी करने के पश्चात देश-विदेश के किसी भी अस्पताल में नौकरी मिल सकेगी। मान्यता मिलने से पूरे कालेजों में खुशी का माहौल है। डायरेक्टर पल्लवी शुक्ला ने सभी विद्यार्थियों को मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की। कालेज के सभी फैकल्टी व विद्यार्थियों ने चेयरमैन डा. सर्वेश कुमार शुक्ला व डायरेक्टर पल्लवी शुक्ला को नर्सिंग कालेज को आईएनसी की मान्यता मिलने पर बधाई दी। नर्सिंग प्राचार्य हरीश नागर ने संस्था प्रबंधन,शैक्षणिक गैर शैक्षणिक कर्मचारियों एंव छात्र-छात्रों को मार्गदर्शन एवं सहयोग करने के लिए धन्यवाद प्रेषित किया।

जागरुकता

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

# बाल श्रम व बाल विवाह रोकथाम को लेकर आयोजित हुई कार्यशाला

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** रोसा संस्था के तत्वावधान में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए बाल श्रम एवं बाल विवाह की रोकथाम तथा जागरूकता विषय पर आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन ब्लॉक शिवपुर, जनपद बहराइच में किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य जमीनी स्तर पर कार्य कर रही आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को बाल अधिकारों, संबंधित कानूनों एवं सामाजिक जागरूकता की रणनीतियों से सशक्त बनाना रहा।

कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को बाल श्रम निषेध एवं बाल विवाह प्रतिषेध कानून, इनके सामाजिक व मानसिक दुष्परिणाम, बच्चों की पहचान व संरक्षण की प्रक्रिया तथा संदिग्ध मामलों में संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करने की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही समुदाय स्तर पर जागरूकता फैलाने, अभिभावकों को समझाने तथा बच्चों के सुरक्षित भविष्य के निर्माण में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका पर विशेष रूप से चर्चा की गई। रोसा संस्था के प्रतिनिधि हृदयराम यादव ने कहा कि बाल श्रम और बाल विवाह समाज की गंभीर समस्याएँ हैं, जिनका उन्मूलन तभी संभव है जब समुदाय स्तर पर निरंतर जागरूकता और समय पर हस्तक्षेप किया जाए। इस दिशा में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं, क्योंकि वे सीधे परिवारों और बच्चों के संपर्क में रहती हैं। कार्यशाला में समूह चर्चा, प्रश्न-उत्तर सत्र एवं व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया, जिससे प्रतिभागियों को विषय को व्यवहारिक रूप से समझने का अवसर मिला। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें अपने कार्यक्षेत्र में बच्चों के हित में अधिक प्रभावी भूमिका निभाने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि बाल श्रम एवं बाल विवाह के विरुद्ध जागरूकता अभियान को निरंतर जारी रखा जाएगा तथा किसी भी संदिग्ध मामले की सूचना संबंधित विभागों को समय से दी जाएगी।

### रवींद्र नाथ सिंह क्रिकेट क्लब ने करीम चिश्ती को नौ रन से हराया

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन बहराइच के तत्वावधान में आयोजित राम प्यारे शिव शंकर क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा मुकाबला मंगलवार को राम प्यारे शिव शंकर इंटर कॉलेज शिवपुर के मैदान पर खेला गया। मैच के मुख्य अतिथि विद्यालय के शिवाजी रहे। मुकाबला करीम चिश्ती क्रिकेट क्लब और रवीन्द्र नाथ सिंह क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। टॉस जीतकर करीम चिश्ती क्रिकेट क्लब ने पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी रवीन्द्र नाथ सिंह क्रिकेट क्लब ने निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 186 रन बनाए। टीम की ओर से अनुज ठाकुर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए सर्वाधिक 100 रन बनाए। करीम चिश्ती क्लब की ओर से मृदुल श्रीवास्तव ने 3 विकेट लेकर प्रभावी गेंदबाजी की। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी करीम चिश्ती क्रिकेट क्लब की टीम 20 ओवरों में 177 रन ही बना सकी।

# कृषि क्षेत्र में नवाचार ही किसानों की आय बढ़ाने का सशक्त माध्यम

## किसान दिवस पर राज्यपाल ने मोती की खेती परियोजना का किया शुभारंभ, सीप की सर्जरी प्रक्रिया का किया अवलोकन

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** किसान दिवस पर मंगलवार को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन परिसर में मोती की खेती (पर्ल फार्मिंग) परियोजना का तालाब में सीप अवतरण कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के समस्त किसानों को किसान दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

राज्यपाल ने कहा कि देश की प्रगति किसानों की समृद्धि से जुड़ी है और कृषि क्षेत्र में नवाचार ही किसानों की आय बढ़ाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने परियोजना स्थल पर कृषि-केंद्रित कंपनी मणि एग्रो हब प्राइवेट लिमिटेड, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदर्शित मोती के सीप की सर्जरी प्रक्रिया का अवलोकन किया और इसे एक उपयोगी व लाभकारी नवाचार बताया। ऐसी पहलें किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए आजीविका के नए अवसर सृजित करती हैं। राज्यपाल ने जनपद बलिया के प्रगतिशील किसान श्री जे.पी. पांडेय की प्रेरक सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि वैज्ञानिक तरीके से पशुपालन, मूल्य संवर्धन और स्थानीय बाजार के विकास से किसान आत्मनिर्भर बन सकता है।उन्होंने कहा, किसान जब ठान लेता है कि उसे कुछ करना है, तो वह बड़ी उपलब्धि हासिल करता है। उन्होंने परिश्रम के साथ सही सोच, प्रभावी प्रबंधन और विभागीय समन्वय पर बल दिया। कार्यक्रम में विशेष कार्याधिकारी राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ. पंकज एल. जानी, विशेष कार्याधिकारी अशोक देसाई, विशेष सचिव श्रीप्रकाश गुप्ता सहित राजभवन के अधिकारी-कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### प्रोटोकॉल से आगे बढ़कर जिम्मेदारी निभाने के निर्देश

मौसम के अनुरूप पशुपालन प्रबंधन, नियमित बैठकें, योजनाबद्ध कार्य, नवीनतम तकनीक का उपयोग और औपचारिक प्रोटोकॉल से आगे बढ़कर जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए। राजभवन में किए जाने वाले नवाचारों को संस्थागत रूप देने और मणि एग्रो हब प्रा. लि. के साथ समझौता ज्ञापन करने के निर्देश भी दिए। मणि एग्रो हब के निदेशक आनंद त्रिपाठी ने बताया कि मोती की खेती एक वैज्ञानिक, टिकाऊ और लाभकारी कृषि उद्यम है। लगभग 2000 वर्ग फीट के तालाब में 10,000 सीपों की खेती से 18 माह में औसतन 8.5 लाख रुपये तक की शुद्ध आय संभव है। भारत सरकार की मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत इस पर 50 प्रतिशत तक अनुदान उपलब्ध है।

# पारिवारिक दलों का गठबंधन है सपा प्रमुख अखिलेश यादव का पीडीए : पंकज चौधरी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा है कि उनका पीडीए का मंत्र परिवारवाद गठबंधन से ज्यादा कुछ नहीं है।

लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने उत्तर प्रदेश की राजनीति को देश की राजनीति का केंद्र बताते हुए कहा कि उनके पास 35 वर्षों का राजनीतिक अनुभव है और वह सभी को साथ लेकर चलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पार्टी में कार्यकर्ता सर्वोपरि हैं और आगे भी उनके सम्मान व हितों के लिए निरंतर काम किया जाएगा।

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर 25 दिसंबर को अटल शताब्दी समारोह मनाया जाएगा। इसी दिन से 31 दिसंबर तक प्रदेश भर में सुशासन दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पंकज चौधरी ने कहा कि 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रेरणा स्थल का लोकार्पण करेंगे, जबकि 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया जाएगा।

विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी और सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं और सभी को उनकी जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि पीडीए का अर्थ पारिवारिक दलों का गठबंधन है, जिसका स्वरूप उत्तर प्रदेश के साथ-साथ अन्य राज्यों में भी देखा जा सकता है।

## खबरें एक नजर में

### बाइक सवार युवक की मौत, बबूल के पेड़ से टकराया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक तेज रफ्तार बाइक बेकाबू होकर बबूल के पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार 23 वर्षीय युवक राहुल गौतम की मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, मृतक राहुल गौतम बंथरा के गुलाब खेड़ा निवासी मजदूर महेश गौतम का बेटा था। राहुल मजदूरी करता था। मंगलवार सुबह करीब 9 बजे राहुल अपनी बाइक से घर से लगभग 1 किलोमीटर दूर कासिम खेड़ा तिराहे पर दही लेने जा रहे थे। बंथरा-बिजनौर रोड पर दुदइया खेड़ा स्थित ग्लोरी पब्लिक स्कूल के पास यह हादसा हुआ। सामने से आ रहे एक वाहन से बचने के प्रयास में राहुल की बाइक बेकाबू होकर सड़क किनारे एक बबूल के पेड़ से जा टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि राहुल गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और एम्बुलेंस से राहुल को सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक राहुल के परिवार में उनके पिता महेश गौतम, मां गुड़िया, दो विवाहित बड़ी बहनें और एक विवाहित बड़ा भाई है।

### चारबाग में आशा वर्कर्स का हंगामा, पुलिस ने घेरकर रोका

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में चारबाग रेलवे स्टेशन पर आशा वर्कर्स ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन से सम्बद्ध आल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियन के बैनर तले प्रदेश भर से आशा वर्कर्स पहुंचीं। उन्होंने अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की। आशा वर्कर्स का कहना है कि 5 सूत्रीय मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं, मगर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। भीषण ठंड में यूपी के 75 जनपदों से आईं आशा वर्कर्स चारबाग रेलवे स्टेशन पर जुटी। वे स्टेशन से पैदल विधानसभा की ओर कूच करने वाली थीं। इससे पहले ही पुलिस पहुंच गई। 4 थानों की फोर्स ने सभी आशा वर्कर्स को चौतरफा बैरिकेडिंग करके रोक लिया। चारबाग से निकलने के लिए आशा वर्कर से काफी संघर्ष और हंगामा किया, मगर पुलिस ने किसी भी आशा वर्कर को आगे नहीं बढ़ने दिया। इस दौरान आशा वर्कर्स ने नारा लगाया- 2 हजार में दम नहीं, 20 हजार से कम नहीं। फिलहाल सभी आशा वर्कर्स चारबाग रेलवे स्टेशन पर बैठी हैं। लगातार नारेबाजी कर रही हैं।

### एक ही लिफ्ट में जाते दिखे केशव मौर्य और शिवपाल यादव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश विधानसभा शीतकालीन सत्र का आज तीसरा दिन है। यह सत्र 24 दिसंबर तक चलेगा।आज सत्र काफी हंगामेदार होने वाला है। दूसरे दिन की तरह ही आज भी विपक्ष ने सरकार को घेरने की पूरी तैयारी कर ली है। कार्यवाही शुरू होने से पहले यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और शिवपाल सिंह यादव एक ही लिफ्ट से एक साथ जाते हुए नजर आए केशव मौर्य ने वहां मौजूद लोगों से कहा तुम लोग बाहर आओ मुझे शिवपाल जी के साथ जाने दो। आज की कार्यवाही में अनुपूरक बजट पर चर्चा होगी। साथ ही जो विधेयक पेश हुए हैं, उन्हें पास किया जाएगा। साथ ही सीएजी रिपोर्ट पेश की जाएगी। योगी आदित्यनाथ सरकार ने सोमवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विधानसभा में अनुपूरक बजट पेश किया। सरकार की तरफसे वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि सरकार 24 496.9 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट पेश करती है।

## मुख्य सचिव एस.पी.गोयल की अध्यक्षता में एनकॉर्ड की राज्य स्तरीय समिति की बैठक में दिए निर्देश

# मादक पदार्थों की तस्करी, सेवन व विक्रय पर लगाएं अंकुश

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्य सचिव एस.पी.गोयल की अध्यक्षता में नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर (एनकॉर्ड) की राज्य स्तरीय समिति की बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी, सेवन एवं विक्रय पर अंकुश लगाने तथा नशा मुक्ति जागरूकता अभियानों को और प्रभावी बनाने पर विस्तृत चर्चा हुई।

अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि सभी जनपदों में प्रत्येक माह कम से कम एक बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित की जाए। जिन जनपदों में बैठकें कम हुई हैं, उन्हें इस संबंध में कड़े निर्देश जारी किए जाएं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि अवैध मादक पदार्थों का सेवन एवं क्रय-विक्रय करने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रदेश के स्कूलों, कॉलेजों, हॉस्टलों तथा अन्य संवेदनशील क्षेत्रों के आसपास चिह्नित हॉटस्पॉट्स पर प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। जहां हॉटस्पॉट बनने की आशंका हो, वहां विशेष निगरानी रखी जाए तथा नियमित रूप से नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाए जाएं।उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि कोडीन युक्त कफ सीरप की सप्लाई एवं बिक्री पर सतत निगरानी रखी जाए। फर्जी फर्मों, अवैध भंडारण या बिक्री पाए जाने पर उचित वैधानिक कार्रवाई की जाए। धर्माचार्यों के माध्यम से प्रचार-प्रसार के साथ-साथ सिनेमाघरों, ट्रैफिक कंट्रोल रूम एवं रेडियो चैनलों द्वारा भी जागरूकता अभियान चलाया गया। उत्तर प्रदेश में मादक पदार्थों का निस्तारण एवं डिस्पोजल नियमित रूप से किया जा रहा है। एएनटीएफ के गठन के बाद 2022 से 2025 (नवंबर तक) कुल 2,67,234 किलोग्राम माल का निस्तारण किया जा चुका है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 875 करोड़ रुपये है। वर्ष 2025 में गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अंतर्गत अवैध संपत्ति की जब्ती का अनुमानित मूल्य 9,17,23,164.6 रुपये रहा है। इस दौरान 2 गैंगों का पंजीकरण किया गया तथा 61 हिस्ट्रीशीट खोली गई। कोडीन युक्त कफ सीरप की सप्लाई एवं बिक्री की ट्रैकिंग के लिए 2 सहायक आयुक्त (औषधि) एवं 2 औषधि निरीक्षकों की समिति गठित की गई है। वर्ष 2025 में अक्टूबर माह तक 11 प्रकरणों में 16 अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर 3.39 करोड़ रुपये मूल्य की औषधि सीज की गई है।

### एनकॉर्ड के अंतर्गत कुल 774 जिला स्तरीय गोष्ठियां आयोजित

बैठक में पुलिस महानिरीक्षक एएनटीएफ अब्दुल हमीद ने जानकारी दी कि वर्ष 2025 में अब तक एनकॉर्ड के अंतर्गत कुल 774 जिला स्तरीय गोष्ठियां आयोजित की जा चुकी हैं। उत्तर प्रदेश में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई में अब तक 47,253.19 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं, एएनटीएफ द्वारा 12,722.92 किलोग्राम की बरामदगी की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 143 करोड़ 91 लाख 65 हजार रुपये है। मादक पदार्थों के सेवन के विरुद्ध साइकिल रैली, नुक्कड़ नाटक, योगा एवं स्कूली बच्चों के साथ पैदल मार्च का आयोजन किया गया। नशे के विरुद्ध पैम्फलेट एवं बैज वितरित किए गए, ई-शपथ दिलाई गई तथा लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया गया।

## प्रशिक्षण के बाद युवाओं के लिए रोजगार की कोई कमी नहीं : कपिल देव

**लखनऊ।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने विधान परिषद में कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद युवाओं के लिए रोजगार की अपार संभावनाएं उपलब्ध हैं और अच्छे अवसर मिलने पर युवा स्वाभाविक रूप से बेहतर विकल्प चुनते हैं, इसमें किसी प्रकार का प्रतिबंध नहीं है। विभाग युवाओं को किसी एक कंपनी में बंधन में रखने का कार्य नहीं करता, बल्कि उद्योगों के साथ समन्वय कर उन्हें अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास करता है। मंत्री अग्रवाल ने कहा कि कंपनियां अपने स्तर पर रोजगार की अवधि तय करती हैं।

# नया विधेयक खत्म करेगा ग्रामीण संपत्ति विवाद : मंत्री जयवीर सिंह

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भारत सरकार की स्वामित्व योजना के तहत ड्रोन तकनीक से तैयार किए गए ग्रामीण आबादी क्षेत्रों के स्वामित्व अभिलेखों को कानूनी मान्यता देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने कदम बढ़ाया है।

उत्तर प्रदेश विस के शीतकालीन सत्र 2025 में पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस दिशा में उत्तर प्रदेश ग्रामीण आबादी अभिलेख विधेयक-2025 पेश किया गया है। इसके लागू होने से घरौनी अभिलेखों का संरक्षण, समय-समय पर नया रिकॉर्ड दर्ज करना और कानूनी रूप से प्रबंधन किया जा सकेगा। मंत्री जयवीर सिंह ने सदन में कहा कि स्वामित्व योजना का उद्देश्य गांवों में सही सर्वे कर लोगों की संपत्ति के पक्के कागजात तैयार करना है। इससे ग्रामीण अपनी जमीन और मकान के आधार पर बैंक से लोन और अन्य आर्थिक सुविधाएं ले सकेंगे।

इस योजना से भूमि के सही रिकॉर्ड, संपत्ति कर तय करने, जीआईएस नक्शे बनाने और ग्राम पंचायतों की विकास योजनाओं को बेहतर ढंग से तैयार करने में मदद मिलेगी। भारत सरकार और यूपी सरकार के बीच एमओयू संपादित किया गया है। प्रदेश के लगभग 1,10,344 ग्रामों को योजना के अंतर्गत अधिसूचित किया गया, जिनमें से गैर-आबाद ग्रामों को छोड़कर 90,573 ग्रामों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा किया जा चुका है।

## पर्यटन मंत्री ने पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह की जयंती पर बुलंदशहर को दी सौगात

**लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसानों के मसीहा स्व. चौधरी चरण सिंह की 143वीं जयन्ती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया।

इस अवसर पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश खासतौर से जनपद बुलन्दशहर के विधानसभा क्षेत्र शिकारपुर के लिए 20.65 करोड़ से अधिक की 10 परियोजनाओं का लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास से वर्चुअली शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि आज शिलान्यास की गयी परियोजनाओं को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूरा करें।

# साइबर अपराध पर योगी सरकार की पहल, अब तक 84 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी किए गए प्रशिक्षित

**डिजिटल युग की चुनौतियों से निपटने के लिए पुलिस को तकनीकी रूप से सशक्त बना रही सरकार**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** डिजिटल लेन-देन और ऑनलाइन गतिविधियों के बढ़ते दायरे के साथ साइबर ठगी और हाईटेक अपराध के चलते आम नागरिकों की सुरक्षा और डिजिटल विश्वास को मजबूत करने के उद्देश्य से योगी सरकार साइबर अपराध के विरुद्ध सशक्त रणनीति के तहत लगातार ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में साइबर क्राइम प्रशिक्षण पोर्टल के माध्यम से अब तक 84,705 पुलिस कर्मियों को प्रमाणित प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है, जिससे पुलिस बल को तकनीकी रूप से अधिक सक्षम बनाया गया है।

विधानसभा में पूछे गए एक प्रश्न के लिखित जवाब में सरकार ने साइबर ठगी और हाईटेक अपराधों पर नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी। जवाब में बताया गया कि वर्ष 2017 से पूर्व उत्तर प्रदेश में केवल दो साइबर क्राइम थाने (लखनऊ और गौतमबुद्धनगर) ही कार्यरत थे। साइबर अपराधों की बढ़ती चुनौती को देखते हुए योगी सरकार ने चरणबद्ध तरीके से साइबर अपराध नियंत्रण का ढांचा मजबूत किया। इसके तहत 06 फरवरी 2020 को 16 परिक्षेत्रीय साइबर क्राइम थानों तथा 14 दिसंबर 2023 को 57 जनपदीय साइबर क्राइम थानों की स्थापना की गई। साथ ही प्रदेश के सभी जनपदीय थानों में साइबर सेल का गठन कर प्रशिक्षित पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। वर्तमान में प्रदेश के सभी जनपदों में कुल 75 साइबर क्राइम थाने संचालित हो रहे हैं, जबकि प्रत्येक जनपदीय थाने में साइबर सेल भी सक्रिय है।

# सदन में आरोप लगाने से पहले सभी सदस्य दें शपथ पत्र : सतीश महाना

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विपक्ष और सत्तापक्ष के सदस्यों से कहा कि किसी पर आरोप लगाने से पहले उनके समक्ष शपथ पत्र भेजें। समाजवादी पार्टी (सपा) के एक सदस्य ने चीनी मांझे से होने वाले हादसों से संबंधित प्रश्न के लिखित उत्तर से असंतोष जाहिर करते हुए सरकार पर गलत सूचना देने का आरोप लगाया।

प्रश्नकाल समाप्त हो जाने की वजह से पूरक प्रश्न पूछने का मौका नहीं मिलने पर सपा के वरिष्ठ सदस्य रविदास मेहरोत्रा ने कहा कि सरकार ने उनके प्रश्न का सही उत्तर नहीं दिया है। उनके इस आरोप पर प्रतिरोध करते हुए संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि सरकार ने सही जवाब दिया है। इस बीच सदन में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि यह परंपरा बन गई है कि जब मंत्रीगण जवाब देते हैं तो सीधा जवाब न देकर पिछली सरकारों पर आरोप लगाते हैं।

नियम है कि किसी के ऊपर आरोप लगाने पर सबूत होने चाहिए। यह परिपाटी बंद कराइए, अन्यथा हम लोग उसी समय विरोध करेंगे। पांडेय ने बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह द्वारा शिक्षा से जुड़े एक प्रश्न पर दिये गये जवाब को लेकर आपत्ति की थी। खन्ना ने कहा कि मंत्री ने किसी दल का नाम नहीं लिया और पिछली सरकारों की बात की है। इस वाद-विवाद के बीच व्यवस्था देते हुए अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा, मैं सभी सदस्यों से कहूंगा, आरोप लगाने से पहले शपथ पत्र मेरे टेबल पर भेज दें। यह सदन के सभी 403 सदस्यों पर लागू होगा। यह प्रश्न पूछने वाले और सरकार के ऊपर भी लागू होगा।

# ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म डीलशेयर 2.0 नए रूप में लॉन्च

**ग्राहक प्रथम व बचत आधारित व्यवस्था पर काम करेगा यह प्लेटफॉर्म रीलॉन्च के बाद ऑर्डर्स में 75 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज**

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** भारत का स्वदेशी वैल्यू ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म डीलशेयर अब अपने नए रूप डीलशेयर 2.0 के साथ फिर से लौट आया है। कंपनी ने कोलकाता, जयपुर और गाजियाबाद सहित कई शहरों में विस्तार के तहत इस मॉडल का रीलॉन्च लखनऊ में किया। इस नए मॉडल के साथ डीलशेयर अब पूरी तरह कस्टमर-फर्स्ट और सेविंग्स-बेस्ड प्लेटफॉर्म की तरह काम करेगा। यह विशेष रूप से मध्यम आय वर्ग के उन परिवारों के लिए है, जो सही दाम, बेहतर क्वालिटी और भरोसे को सबसे ज्यादा महत्व देते हैं।

लखनऊ डीलशेयर के लिए हमेशा से ही एक मजबूत और सर्वाधिक प्रतिक्रिया देने वाला बाज़ार रहा है। ऐसे में, यहां रीलॉन्च के बाद ऑर्डर्स में 75 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। लगभग 65 प्रतिशत कारोबार रिपीट कस्टमर्स से आ रहा है, जो यह दर्शाता है कि शहर के लोग वैल्यू-फर्स्ट और सेविंग्स-ओरिएंटेड खरीदारी को कितना पसंद करते हैं। इस रीलॉन्च के साथ डीलशेयर का लक्ष्य शहर में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करना है, ताकि हर महीने लाखों ग्राहकों को और भी किफायती, आसान और भरोसेमंद खरीदारी का अनुभव मिल सके। डीलशेयर के सीईओ कमलदीप सिंह ने कहा, लखनऊ हमेशा से ही डीलशेयर के लिए एक महत्वपूर्ण बाज़ार रहा है। यह ऐसे भारतीय ग्राहकों का प्रतिनिधित्व करता है, जो समझदारी से खर्च करते हैं और बचत को महत्व देते हैं। डीलशेयर 2.0 के साथ ज्यादा प्रोडक्ट्स जोड़कर, स्थानीय सप्लायर्स बढ़ाकर और 2 घंटे की डिलीवरी को और मजबूत बनाकर हम यहाँ अपना ध्यान और बढ़ा रहे हैं। हमारा उद्देश्य बिल्कुल स्पष्ट है-हर दिन असली बचत और भरोसेमंद सुविधा देना। तेज़ी से बढ़ता हुआ रिटेलर, डीलशेयर एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जो भारत के ग्राहकों के लिए मल्टी-कैटेगरी कंज़्यूमर प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराता है।

## 5 डे वर्किंग की मांग को लेकर राजधानी में बैंक कर्मचारियों का प्रदर्शन

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में बैंक कर्मचारियों ने फाइव डे वीक की मांग को लेकर मंगलवार को प्रदर्शन किया। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के बैनर तले हजरतगंज स्थित इंडियन बैंक की शाखा के सामने जमकर नारेबाजी की। एनसीबीई महामंत्री डीके सिंह ने कहा बैंककर्मियों पर बढ़ते हुए तनाव और दबाव के चलते पांच दिवसीय बैंकिंग लागू होनी चाहिए। उन्होंने कहा ऐसा न होने पर बैंक कर्मी लंबे संघर्ष और हडताल के लिए तैयार हैं। हम लोग अपनी मांगों को लेकर लगातार जिम्मेदार अधिकारियों से मुलाकात कर रहे हैं। आरबीआई, एलआईसी और जनरल इंश्योरेंस में पांच दिवसीय कार्य दिवस प्रणाली लागू है तो फिर बैंककर्मियों के साथ सौतेला व्यवहार क्यों हो रहा है।

# मोरिंगा से आत्मनिर्भर बन रहीं बेटियां सवा लाख रुपये तक की हो रही आय

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ, अयोध्या, बाराबंकी, सुल्तानपुर, सीतापुर की महिलाओं को मिला लाभ**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी के आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के विजन का असर अब गांव-गांव दिखने लगा है। लखनऊ, अयोध्या, बाराबंकी, सुल्तानपुर और सीतापुर समेत तमाम जिलों में मोरिंगा आधारित आजीविका मॉडल ने ग्रामीण महिलाओं को स्थायी रोजगार, सम्मानजनक आय का रास्ता दिया है। इन जिलों की एक हजार से अधिक महिलाएं मोरिंगा की पत्तियों, बीज और छाल की प्राथमिक प्रोसेसिंग से जुड़कर नियमित कमाई कर रही हैं।

मोरिंगा को लेकर पहल की अगुवाई कर रहीं जेवीकेएस बायो एनर्जी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड बीकेटी लखनऊ की डायरेक्टर डॉ. कामिनी सिंह बताती हैं कि सीतापुर जिले के सिधौली ब्लॉक के ग्राम गाजीपुर में सीमा देवी, बउआ देवी, शालिनी देवी, ममता देवी, पूनम देवी, प्रियंका, राजकुमारी सहित प्रदेश के अन्य जिलों की सैकड़ों महिलाएं इस मॉडल से जुड़ी हैं।

इन्हें प्रतिमाह 10,000 तक और वार्षिक सवा लाख रुपये तक की आय हो रही है। महिलाओं ने समूह के रूप में काम सीखकर गुणवत्ता, पैकेजिंग और समयबद्ध सप्लाई पर फोकस किया, जिससे बाजार में उनके उत्पादों की मांग भी बढ़ रही है। प्रोजेक्ट एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के अंतर्गत संचालित किसान उत्पादक संगठन एफपीओ के माध्यम से चल रहा है।

# आरटीई : निजी विद्यालयों में प्रवेश में रिकॉर्ड बढ़ोतरी 1.40 लाख से ज्यादा बच्चों को दिया गया दाखिला

**विधानसभा में योगी सरकार का जवाब, निजी विद्यालयों में 25 फीसदी सीटें आरक्षित, पांच वर्षों में प्रवेश पाने वाले छात्रों की संख्या दोगुने से अधिक**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित वर्ग के बच्चों के प्रवेश को लेकर योगी सरकार की नीतियों का सकारात्मक असर स्पष्ट नजर आ रहा है। बीते पांच वर्षों में आरटीई के अंतर्गत निजी विद्यालयों में दाखिला लेने वाले बच्चों की संख्या में लगातार रिकॉर्ड बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

2025-26 में अब तक 1.40 लाख से ज्यादा बच्चों को दाखिला दिया गया है। यही नहीं, विगत पांच वर्षों में प्रवेश संख्या दोगुने से अधिक हो गई है। विधानसभा में पूछे गए एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि आरटीई अधिनियम के तहत गैर-सहायतित मान्यता प्राप्त विद्यालयों में 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों पर प्रवेश की व्यवस्था लागू है।

योगी सरकार के प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शी चयन प्रक्रिया और डिजिटल व्यवस्था के चलते इस योजना की पहुंच लगातार बढ़ी है। इसके तहत शैक्षिक सत्र 2021-22 में जहां 61,403 बच्चों को निजी विद्यालयों में प्रवेश मिला, वहीं 2022-23 में यह संख्या बढ़कर 70,406 हो गई। सत्र 2023-24 में 1,00,249 बच्चों को लाभ मिला, जबकि 2024-25 में 1,13,991 बच्चों ने प्रवेश लिया। चालू सत्र 2025-26 में अब तक 1,40,007 बच्चों को आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में दाखिला दिया जा चुका है। उत्तर में यह भी स्पष्ट किया गया कि सरकार द्वारा आरक्षित सीटों की संख्या और प्राप्त आवेदन पत्रों के आधार पर विद्यालय-वार आवंटन किया जाता है। इसी आवंटन के अनुरूप बच्चों का संबंधित विद्यालयों में प्रवेश सुनिश्चित किया जाता है।

**समापन** | मुख्यमंत्री ने कॉल्विन तालुकेदार्स कॉलेज में आयोजित 134वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता पर कहा

# आगे बढ़ने के लिए गौरवशाली क्षणों से प्रेरणा लेना आवश्यक

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए इतिहास के गौरवशाली क्षणों से प्रेरणा लेना आवश्यक है। इतिहास की गलतियों का समय पर परिमार्जन होना चाहिए, तभी समाज प्रगति करता है। यदि कहीं त्रुटि हुई है तो उसे सुधार करना होगा और अच्छे कार्यों को जीवन की प्रेरणा बनाकर आगे बढ़ना होगा।

उन्होंने कहा कि भारत ने अपनी परंपराओं को पर्व-त्योहारों के माध्यम से संजोकर रखा है। देश में राजनीति अपना काम करती रही, लेकिन राजे रजवाड़ों और समाज के नेतृत्वकर्ताओं ने कभी हस्तक्षेप नहीं किया, बल्कि संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन में योगदान दिया। मुख्यमंत्री योगी ने मंगलवार को कॉल्विन तालुकेदार्स कॉलेज में आयोजित 134वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को संबोधित किया।

### खेल, फिटनेस और तकनीक पर जोर

मुख्यमंत्री के अनुसार, पिछले 11 वर्षों में देश में खेलकूद को नई ऊंचाइयां मिली हैं। खेलो इंडिया, फिट इंडिया और सांसद खेलकूद प्रतियोगिताओं के माध्यम से खेल संस्कृति को बढ़ावा मिला है। हर गांव में खेल का मैदान और स्टेडियम होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ओपन एयर जिम और शारीरिक गतिविधियों को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि तकनीक के नए युग में हम प्रवेश कर रहे हैं। हमें तकनीक को आत्मसात करना है। उन्होंने कहा कि एआई, ड्रोन और रोबोटिक्स जैसे क्षेत्रों में अवसर हैं, जिनके प्रति जागरूकता आवश्यक है। साथ ही, वैश्विक परिदृश्य में हो रहे उन्नयन कार्यों के प्रति भी अपडेट रहना चाहिए।

### भारत की विरासत पर आधारित हाउस प्रणाली की सराहना

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कॉल्विन तालुकेदार्स कॉलेज द्वारा विद्यार्थियों के लिए अजंता, नालंदा, तक्षशिला, सांची और उज्जैन जैसे ऐतिहासिक और पौराणिक स्थलों के नाम पर हाउस बनाना भारत की गौरवशाली परंपरा को जीवित रखने का उत्कृष्ट प्रयास है। तक्षशिला दुनिया के प्राचीनतम विश्वविद्यालयों में से एक रहा, जहां ढाई हजार वर्ष पहले ज्ञान, विज्ञान, आयुर्वेद और दर्शन की आधारशिला रखी गई।

### समाज को जोड़ने में शिक्षा संस्थानों की भूमिका

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज को तोड़ने वाले तत्व हमेशा मौजूद रहते हैं, लेकिन समाज को जोड़ने की जिम्मेदारी शिक्षण संस्थानों की होती है। वर्ष 1889 में जब इस संस्थान की स्थापना हुई होगी, तब देश की परिस्थितियां कठिन रही होंगी। उसी कालखंड में वंदे मातरम् जैसे विचारों ने लोगों के मन में स्वतंत्रता की चेतना जगाई। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के बाद भी गुलामी को स्थायी मान लिया गया था, लेकिन बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने अपने उपन्यास आनंदमठ के माध्यम से वंदे मातरम् जैसी कालजयी रचना देश को दी।

## खबरें एक नजर में

### बजरंग दल ने बंग्लादेश के प्रधानमंत्री का फूंका पुतला



**पुवायां-शाहजहांपुर।** बंगलादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार एवं दीपू चन्द्र दास की जलाकर वीभत्स हत्या, शव के साथ अमानवीय व्यवहार आदि के विरोध में पुवायां के राजीव चौक पर बजरंग दल द्वारा बंगलादेश के कार्यवाहक प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनूस का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन से पहले हरे राम तालाब पर एक सभा की गयी। जिसे राजीव सिंह, राहुल सिंह, केके गुप्ता ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रांत उपाध्यक्ष राजीव सिंह, बजरंग दल प्रान्त सह संयोजक राहुल सिंह, जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता, जिला मंत्री दीपक शुक्ला, गौरक्षा प्रान्त मंत्री विपिन मिश्रा, बजरंग दल जिला संयोजक अजीत सिंह, बाबा पुरुषोत्तम दास, विभाग सत्संग प्रमुख सुधीर सिंह, जिला सत्संग प्रमुख रणधीर सिंह, जिला प्रचार प्रमुख उदयराज सिंह, सोमेंद्र सिंह, बाबा रूद्रदेवानन्द, अम्बिका प्रसाद, जितेंद्र गुप्ता, खुटार प्रखंड अध्यक्ष ललित सिंह, अनिल कुमार शुक्ला, मिथलेश जोशी, आशीष, शिवम, अमन भाजपा मंडल उपाध्यक्ष उपेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### खेलकूद प्रतियोगिता आज

**शाहजहांपुर।** आज बुधवार को मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन रेती रोड स्थित डा. सुदामा प्रसाद विधास्थली में किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम अंतर्गत पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम में दोपहर 3 बजे से किया जाएगा। जानकारी जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने दी।

### कलश यात्रा के साथ श्रीरुद्र महायज्ञ व श्रीमद्भागवत का शुभारंभ

**पुवायां-शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गांव सिंघापुर खास में सावित्री आश्रम पर श्री रूद्र महायज्ञ व श्रीमदभागवत कथा का आयोजन 24 दिसंबर से 30 तक संपन्न होगा। जिसमें 24 दिसंबर को कलश यात्रा के साथ श्री रूद्र महायज्ञ व श्रीमदभागवत का शुभारंभ हो गया है। इसके अलावा 24 को ही वेदी निर्माण और मंडप प्रवेश किया गया। 25 दिसंबर को देव पूजन व अरड़ी मंथन अग्नि देव का प्राकट्य और 30 दिसंबर को गौरी पूजन पूर्णाहुति के बाद विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। 26 दिसंबर से प्रतिदिन देव पूजन और हवन कार्यक्रम संपन्न होगा। कथा अपरान्ह 1 बजे से 4 बजे तक और सायं में 7 बजे से 10 बजे तक कथा व्यास पं. अरविंद दीक्षित वृंदावन चांदपुर के मुखारविंदु से सुनाई जाएगी। श्री रूद्र महायज्ञ यज्ञाचार्य सत्येंद्र वाजपेयी के साथ संपन्न कराया जाएगा। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक संतोष पांडेय ने दी हैं।

### परिवार परामर्श केंद्र पर सुलझा दंपती का विवाद



**शाहजहांपुर।** एसपी के कुशल निर्देशन में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन पुलिस लाइन में किया गया। 15 पत्रावली पर सुनवाई की गयी और एक दम्पति को विदा किया गया। थाना तिलहर के एक दम्पति जिनकी शादी लगभग 3 साल पहले हुई थी। प्रथम पक्ष ने बताया कि उसका पति शराब पीते हैं और उसके साथ मारपीट करते है। उसके एक बेटी है। आए दिन शराब पीने को लेकर घर में विवाद होता है। इसी बात से नाराज होकर वह अपने मायके चली गई थी। 3 माह से अपने मायके में रह रही है। इसी बात को लेकर पति-पत्नी में विवाद था दोनो पक्षों को परिवार परामर्श केन्द्र बुलाया गया, दोनों पक्षों की आपस में वार्ता कराई गई और समझाया गया। प्रथम पक्ष व द्वितीय पक्ष एक दूसरे के साथ रहने को तैयार हैं। दोनों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया है, दोनो को परिवार परामर्श केंद्र से सकुशल विदा किया गया। इस मौके पर परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी मधु यादव, महिला आरक्षी बबीता, महिला आरक्षी पिंकी, आरक्षी साकेत आदि मौजूद रहे।

### राजस्थानी लोग जलालाबाद में पकड़ रहे आवारा गोवंश, कुछ ने कहीराहत की बात, तो कुछ किसानों ने जताई तस्करी आशंका

**जलालाबाद-शाहजहांपुर।** जलालाबाद क्षेत्र के ढाका उजेरा और जिग्नेरा गांवों में राजस्थान से आए कुछ लोग आवारा गोवंश को पकड़ रहे हैं। स्थानीय किसानों में इसे लेकर मिली-जुली प्रतिक्रिया है। कुछ किसानों ने इसे राहत की खबर बताया है, जबकि कुछ ने गोवंश तस्करी की आशंका जताई है। ग्रामीणों का कहना है कि वे कड़ाके की ठंड में भी अपनी फसलों को आवारा पशुओं से बचाने के लिए रात-दिन रखवाली करते हैं। ऐसे में जब ये लोग गायों को पकड़कर ले जा रहे हैं, तो उन्हें उम्मीद है कि उनकी समस्या का समाधान होगा और उन्हें राहत मिलेगी। हालांकि, कुछ किसानों को संदेह है कि ये लोग गायों को एक गांव से पकड़कर दूसरे गांव में छोड़ देते हैं, जिससे वहां के किसानों के लिए नई मुसीबत खड़ी हो जाती है। उनका मानना है कि गाय चराने के बहाने ये लोग आवारा गोवंश को इकट्ठा कर ले जाते हैं, जिससे खेतों में फसलों का नुकसान हो रहा है।

### उधार लिए गए 52 हजार रुपये न लौटाने और धमकी देने का आरोप

**जलालाबाद-शाहजहांपुर।** थाना अल्लागंज क्षेत्र निवासी आकाश गुप्ता ने अपने रिश्तेदारों पर धोखाधड़ी, गाली-गलौज और धमकी देने का गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पीड़ित का आरोप है कि पारिवारिक समस्याओं का हवाला देकर उनसे ऑनलाइन माध्यम से उधार ली गई धनराशि वापस नहीं की जा रही है। पीड़ित आकाश गुप्ता पुत्र पूर्व भट्ठा मालिक आनंद सागर गुप्ता निवासी ग्राम चौरसिया, तहसील जलालाबाद, थाना अल्लागंज ने बताया कि उनकी रिश्तेदार सीमा गुप्ता उर्फ बिट्टी, पुत्री स्वर्गीय महेश चंद्र गुप्ता, मूल निवासी मोहल्ला बड़िया थाना अल्लागंज तथा वर्तमान में अपने पति नीरज गुप्ता के साथ मोहल्ला ओरेल, विधायक जी वाली गली, थाना दातागंज, जनपद बदायूं में निवास कर रही हैं। सीमा गुप्ता ने अपनी पारिवारिक परेशानियों का हवाला देते हुए अलग-अलग तिथियों में कुल 52 हजार रुपये ऑनलाइन पेटीएम के माध्यम से उधार लिए थे। आकाश गुप्ता का कहना है कि काफी समय बीत जाने के बाद जब उन्होंने अपनी धनराशि वापस मांगी, तो शुरुआत में उन्हें टालमटोल किया गया। बाद में लगातार बहाने बनाकर रुपये लौटाने से साफ इंकार कर दिया गया। आरोप है कि जब पीड़ित के परिजनों ने भी बातचीत करने का प्रयास किया, तो सीमा गुप्ता ने झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देना शुरू कर दिया। पीड़ित का कहना है कि उनके पास ऑनलाइन भुगतान के प्रमाण, कॉल रिकॉर्डिंग तथा अन्य साक्ष्य मौजूद हैं। उन्होंने पुलिस से दोनों आरोपियों के खिलाफ उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की बात कह रही है।

# किसान दिवस पर सम्मानित किए प्रगतिशील किसान

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

- समारोह में उमड़ी किसानों की भीड़
- डीएम समेत अन्य अतिथियों ने किसानों को मिलेट्स खेतीबाड़ी को किया जागरूक



भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वःचौधरी सिंह की जयन्ती पर गन्ना शोध परिषद में किसान सम्मान दिवस का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह, सांसद मिथिलेश कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी सिंह की जयन्ती पर किसान सम्मान दिवस आयोजित किया जाता है और इस दिवस पर प्रगतिशील कृषकों को पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। उन्होंने बताया कि पराली जलाने में गत वर्ष में जनपद टॉप-10 सूची में शामिल होता था, इस वर्ष ऐसा नहीं हुआ। यह हमारे लिए काफी गर्व की बात है, आने वाले समय में भी पराली न जलाएं। कृषकों से कहा की आप सभी हेलमेट लगाएं एवं गन्ना के ट्राली को लाल कपड़े पर कोई चिन्ह लगाकर चलें, जिससे दुर्घटना न हो सकें। सासंद, अध्यक्ष जिला पंचायत,जिलाध्यक्ष, चैयरमेन जिला सहकारी बैंक एवं अन्य अतिथियों द्वारा कृषकों, अतिथियों का स्वागत किया गया और बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी सिंह की जयन्ती पर किसान सम्मान दिवस आयोजित किया जाता है। साथ ही आए हुए किसानों को जनपद में संचालित योजनाओं के बारे में बताया गया और किसानों को योजनाओं से लभान्वित होने के लिए प्रेरित किया गया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा लगभग 85 प्रगतिशील कृषकों को शॉल एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।पराली प्रबन्धन में अच्छा काम करने वाले कृषक, कर्मचारी को भी सम्मान मिला। उप कृषि निदेशक, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी व भूमि संरक्षण अधिकारी द्वारा किसानों एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए किसानों को विभागीय योजनाओं के बारे बताया गया और प्रगतिशील किसानों को शॉल एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

डॉ. आरडी तिवारी गन्ना संस्थान परिषद एवं डा. पीके कपिल गन्ना किसान प्रशिक्षण संस्थान सहित केवीके के अन्य कृषि वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों को मिलेट्स खेती को बढ़ावा देने के लिए इसकी गुणवत्ता के बारे में जानकारी दी। प्रगतिशील कृषक निर्मल सिंह ने ड्रेगन खेती, फसल बीमा, पराली न जलाएं एवं पेस्टीसाइड से बचने के लिए आर्गेनिक विधि का प्रयोग करने के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन इन्दु अजनबी ने किया तथा जिला कृषि अधिकारी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित किसानों एवं मुख्य अतिथि सहित सभी का आभार व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, जिलाध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष डीपीएस राठौर, ब्लाक प्रमुख जलालाबाद,मिर्जापुर, खुटार, जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर, सीवीओ, जिला उद्यान अधिकारी पुनीत पाठक, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, संजय कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, डा. पीके कपिल, केवीके के वैज्ञानिक एवं कृषक आदि मौजूद रहें।

## एबीवीपी द्वारा 66वें प्रांत अधिवेशन बदायूं हेतु पोस्टर विमोचन कार्यक्रम



**शाहजहांपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महानगर द्वारा ब्रज प्रांत के 66वें प्रांत अधिवेशन जोकि 28 से 30 दिसंबर तक बदायूं में आयोजित होगा) के उपलक्ष्य में पोस्टर विमोचन कार्यक्रम का आयोजन एसएस कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम में प्रांत कार्यकारिणी के विशेष आमंत्रित सदस्य डा. अनुराग अग्रवाल ने कहा कि एबीवीपी केवल एक छात्र संगठन नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का संकल्प है। प्रांत अधिवेशन युवाओं को वैचारिक और सांगठनिक रूप से मजबूत करता है। बदायूं में होने वाला यह अधिवेशन कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। शाहजहांपुर के कार्यकर्ताओं की भागीदारी इसमें अत्यंत महत्वपूर्ण रहेगी। पोस्टर विमोचन में मुख्य रूप से केन्दीय विश्वविद्यालय उत्तराखंड प्रोफेसर डा.एसके श्रीवास्तव, डा. सोमेश शुक्ला वाणिज्य विभाग अध्यक्ष लखनऊ विश्वविद्यालय, डा. प्रतिमा श्रीवास्तव सीतापुर महाविद्यालय, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य आकाश मैसी, मचकेन्द्र सिंह, राहुल गंगवार, संदीप सागर, वैभव सक्सेना, आयुष श्रीवास्तव, पवन गंगवार, ब्रजेश मिश्रा, अभिरेन्द्र त्रिपाठी, आशु मिश्रा, अमन मिश्रा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बिहार मुख्यमंत्री के खिलाफ कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन, ज्ञापन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर व सपा महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रिबू श्रीवास्तव के आवाहन पर बिहार सरकार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक कार्यक्रम में सार्वजनिक मंच पर एक महिला के नकाब पर जर्बदस्ती हाथ लगाना इस कुकृत्य के समर्थन में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद और भारत सरकार के मंत्री गिरिराज सिंह द्वारा महिला सम्मान के खिलाफ दिए गए बयानो के विरोध में समाजवादी महिला सभा की ओर सपा महिला सभा की जिला अध्यक्ष किरन कठेरिया के नेतृत्व में महानगर शाहजहांपुर के खिरनीबाग जीआईसी मैदान के पास दर्जनों महिला सभा की पदाधिकारी व कार्यकर्ता एकत्रित हुई। जहां से जुलूस के रूप में उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार व बिहार की नीतिश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करती हुई कलेक्ट्रेट पहुंची। जहां जोरदार प्रदर्शन करने के बाद उत्तर प्रदेश की राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार अपूर्वा सिंह को सौंपा। इस मौके पर सपा महिला सभा की महानगर अध्यक्ष जफरीन, सपा महिला सभा की जिला उपाध्यक्ष नीलम, पार्वती सैनी, सोनी सक्सेना, कैसर जहां, रोशन जहां, सरिता, निशा देवी, नाजरीन, शमा परवीन, शबाना, रेशमा, कितायदव, शबनम, गीता यादव, नन्ही, मुनीसा देवी, जमुना देवी, रामकली, प्रेम देवी, ओमवती पूजा देवी आदि मौजूद रहे।

## एसपी, एसपी सिटी, सीओ सिटी ने की पैदल गश्त

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नगर क्षेत्र में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने हेतु की पैदल गश्त की गयी। आमजन से सहयोग की अपील भी की। एसपी राजेश द्विवेदी, एसपी सिटी देवेंद्र कुमार, सीओ सिटी पंकज पंतने थाना सदर बाजार एवं थाना कोतवाली पुलिस बल के साथ नगर क्षेत्र में पैदल गश्त की गई। गश्त के दौरान नगर क्षेत्र के प्रमुख मार्गो, बाजारों एवं संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था का गहन जायजा लिया गया तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को सतर्क, सक्रिय एवं जनमैत्रीपूर्ण व्यवहार बनाए रखने के निर्देश दिए गए। एसपी द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि क्षेत्र में निरन्तर गश्त, संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर सतत निगरानी रखते हुए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, जिससे किसी भी प्रकार की कानून-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न न हो। साथ ही यातायात व्यवस्था, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों एवं रात्रि गश्त को और अधिक प्रभावी बनाए जाने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त आमजन से शान्ति व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का अनुरोध किया गया।

## सीएम योगी और भगवान श्रीराम पर टिप्पणी करने पर रिपोर्ट

**खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



मैलानी कस्बे में स्थित स्मृति आईटीआई कॉलेज के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करने वाले गांव सुनहरा भूड़ कुकरा थाना मैलानी निवासी छात्र विनीत कुमार पुत्र अर्जुन कुमार के द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भगवान श्रीरामजी को लेकर गाली गलौज करते हुए अभद्र टिप्पणी करते हुए एक वीडियो वायरल की गई थी। इसकी जानकारी जब जब हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र को हुई तो वह संगठन के कार्यकर्ता सरदार सतनाम सिंह, राज सक्सेना, सुमित अर्कवंशी, रितेश तिवारी, हर्ष गुप्ता, विवेक पांडे के साथ आरोपी के कॉलेज पहुंच गए और मामले की सूचना पुलिस को दी। खबर लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद पुलिस ने आरोपी छात्र विनीत कुमार को हिरासत में ले लिया और उसे थाने ले आई। पुलिस आरोपी छात्र से पूछताछ कर रही है। वही मामले में हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र ने मामले की तहरीर थाने पर देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## सपाइयों ने चौधरी चरण सिंह का जन्मदिवस किसान दिवस के रूप में मनाया

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय चौधरी चरण सिंह का 123वां जन्मदिवस समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर किसान दिवस के रूप मे मनाया गया। इस मौके पर पार्टी के सभी नेताओं व पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्या अर्पण कर पुष्प अर्पित किए और उनको याद किया। इस मौके पर एक गोष्ठी का आयोजन सपा के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में किया गया और चौधरी चरण सिंह के योगदान पर चर्चा की गई। इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने कहा चौधरी चरण सिंह का जन्म उत्तर प्रदेश के नूरपुर में एक मध्यम वर्गीय किसान परिवार में हुआ था। 28 जुलाई 1979 से 14 जनवरी 1980 तक वह भारत के पांचवें प्रधान मंत्री रहे। इतिहासकारों और आम जनता द्वारा उन्हें भारत के किसानों के चैंपियन के रूप में जाना जाता है उन्होंने कहा आज सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं समाजवादी पार्टी चौधरी चरण सिंह जी के सपना को साकार करने के लिए किसानों के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। इस मौके पर पूर्व विधायक राजेश यादव ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने हमेशा दवे, कुचले, गरीब, बेसहार और किसानो की हको की लड़ाई लड़ने का काम किया था वह सामाजिक न्याय में दृढ़ विश्वास रखते थे और उन्होंने लाखों किसानों के बीच विश्वास हासिल किया था। इस मौके पर पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा किसानों और उनके परिवारों के उत्थान के लिए काम किया उनसे जुड़े मूल्य हैं कड़ी मेहनत, स्वतंत्रता और समझौता न करने वाली ईमानदारी। भारत की आजादी के लिए वह कई बार जेल गए। इस मौके पर सपा के जिला महासचिव रणंजय सिंह, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह, सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, सपा जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार वर्मा, सपा जिला उपाध्यक्ष ओंकार सिंह, सपा नेता लखन प्रताप सिंह, सपा नेता डॉ दोद राम वर्मा, सपा जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार यादव, सपा युवज़न सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष पार्थ यादव, सपा महिला सभा की जिला अध्यक्ष किरन कठेरिया, सपा महिला सभा की जिला उपाध्यक्ष नीलम, सपा लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष उत्पल यादव, सपा छात्र सभा के जिला अध्यक्ष प्रसून कुमार कनौजिया, सपा युवजन सभा के जिला अध्यक्ष आकाश यादव, सपा लोहिया वाहिनी के पूर्व जिला अध्यक्ष विपिन यादव, सपा विकलांग सभा के जिला अध्यक्ष अशोक यादव, सपा अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष हफीज अंसारी, लल्ला सिंह यादव, सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मोनू कुरैशी, नन्ही देवी, सविता, पार्वती सैनी, आयुष यादव एडवोकेट, ओमवती, रामचरित्र, मुनीसा, पूजा, प्रियंका, जमुना देवी, खिज़र महबूब खान उर्फ चंदू, पप्पू यादव, योगेश यादव, विदेशी यादव, सचिन सक्सेना, दुर्गेश कुमार गुप्ता पूर्व सभासद, उमेश सिंह, बलविंदर यादव, मोहम्मद रमीज, मुजीम अहमद, राम रतन लाल सोनी, सीमा, बृजपाल पाल सिंह यादव, अमित यादव, सिद्दीक खान अजीत यादव, विपिन यदुवंशी, रामनिवास यादव, मानवेंद्र सिंह यादव, मोहसिन खान, तेजपाल फौजी, राकेश कुमार शुक्ला एडवोकेट, रानू खान, सुनील यादव, यश मौर्य, श्लोक मौर्य, बिलाल खान, जितेंद्र कुमार, अफरोज खान आदि मौजूद रहे।

### प्रतिष्ठित व्यापारी सतेंद्र राठौर का ब्रेन हेमरेज से निधन



**तिलहर- शाहजहांपुर।** नगर के प्रतिष्ठित तंबाकू एवं तेल कारोबारी सतेंद्र राठौर का असामयिक निधन हो गया। उनकी शव यात्रा बुधवार सुबह 9 बजे निज निवास नई बस्ती निकट पोटरगंज गेट से घटिया घाट (फर्रुखाबाद) प्रस्थान होगी। जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। यह जानकारी उनके ज्येष्ठ पुत्र शालू राठौर ने दी। सतेंद्र राठौर रविवार शाम करीब साढ़े सात बजे घर पर लघुशंका के उपरांत बाथरूम से बाहर निकलते ही अचानक गिर पड़े । परिजन उन्हें तत्काल नगर के एक निजी क्लिनिक पर ले गए। जहां से डॉक्टर द्वारा जवाब दिए जाने पर उन्हें बरेली के एक निजी अस्पताल ले जाया गया।जहां श्री राठौर को वेंटिलेटर पर ले लिया गया। सोमवार देर रात उनके ब्रेन का ऑपरेशन किया गया। मंगलवार दोपहर 12 बजे डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस खबर से नगर में शोक की लहर दौड़ गई। शव निज निवास पर पहुंचते ही भारी संख्या में लोग उनके अंतिम दर्शन करने पहुंचे। बेटे शालू ने बताया कि बुधवार सुबह उनकी शव यात्रा घटिया घाट ले जाई जाएगी।

### आज सुबह दस से पांच बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी

**मिर्ज़ापुर-शाहजहांपुर।** स्थानीय विद्युत उपकेंद्र में कल 24 दिसंबर को प्रातः दस से सांय पांच बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उपकेंद्र के अवर अभियंता विकास कुमार गौड़ ने बताया कि इस बीच उपकेंद्र की पुरानी मशीनों के स्थान पर नई मशीनें लगाई जाएंगी। जिससे क्षेत्रवासियों को बिना किसी बाधा के विद्युत सप्लाई मिल सकेगी।

# शिक्षा की अलख जगाने का काम रहा चंदी कान्वेंट स्कूल

- 12 किमी की दूरी तय कर आते थे पुवायां शिक्षा ग्रहण करने नौनिहाल
- चंदी कान्वेंट स्कूल में शिक्षा के साथ ही व्यवहारिकता भी जाती है सिखाई

**अंकित पांडेय**



**पुवायां-शाहजहांपुर।** पुवायां कस्बा से 12 किमी दूर स्थित गांव गंगसरा में चंदी कान्वेंट स्कूल शिक्षा की अलख जगाने का काम रहा हैं। जहां पर बच्चों को उच्च शिक्षित शिक्षकों के द्वारा बच्चों को शिक्षित किया जाता है, तो वहीं उन्हें व्यवहार कुशल भी बनाया जाता हैं। इसके अलावा बच्चों को खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन कर उन्हें खेलकूद में निपुण बनाने का भी काम किया जाता हैं। जिससे चंद दिनों में चंदी कान्वेंट स्कूल ने जनपद में अपनी अलग पहचान बनाई है।

गांव गंगसरा में स्थिति चंदी कान्वेंट स्कूल की स्थापना 2019 में हुई थी, तब इस स्कूल में लगभग 250 बच्चे शिक्षा ग्रहण करते थे, लेकिन स्कूल में शिक्षण कार्य बेहतर होने के कारण परीक्षा परिणाम अच्छा आने पर आज स्कूल में लगभग 850 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। स्कूल के डायरेक्टर बलदेव सिंह ने बताया क्षेत्र में कोई इंग्लिश मीडिएम स्कूल नही था, इसलिए बच्चों को 12 किलोमीटर का सफर तय करके पुवायां जाना पड़ता था, जिससे अभिभावकों की जेंब पर अधिक बोझ पड़ता था, तो वहीं बच्चों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता हैं। उन्होंने बताया कि उनके मन में विचार आया कि क्यों न यहां पर एक स्कूल की स्थापना की जाए, जिससे आसपास के बच्चों को यहीं पर बेहतर शिक्षा मिल सकेगी और उन्हें सफर भी तय करना नही होगा, पैसों के साथ ही समय की बचत होगी। श्री सिंह ने बताया तब उन्होंने 2019 में चंदी कान्वेंट स्कूल की स्थापना की, जो आज जनपद में अपनी अलग पहचान बना चुका हैं और बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने का काम किया जा रहा हैं। स्कूल में एनसी से लेकर 12वीं तक के बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। बच्चों को एनसी से 12वीं तक की शिक्षा ग्रहण करने का अवसर अपने क्षेत्र में ही प्राप्त हो रहा हैं। मैनेजर अवतार सिंह ने बताया स्कूल में 40 लोगों का स्टाफ हैं। जिसमें शिक्षक के अलावा अन्य लोग भी शामिल हैं। उच्चशिक्षित शिक्षक-शिक्षकाओं के द्वारा पढाई कराई जा रही हैं। इसके अलावा समय-समय पर प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाता है, जिससे बच्चों का मानसिक विकास होता हैं। उन्होंने कहा खेलकूद प्रतियोगिताएं भी बच्चों के लिए आवश्यक होती हैं, जिससे उनका मानसिक और शारीरिक विकास होता हैं, पढाई के साथ खेलकूद प्रतियोगिताएं भी अत्याधिक आवश्यक होती हैं।

### शत-प्रतिशत रहता है परीक्षा परिणाम

बतादें कि बच्चों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहता हैं। क्यांकि बच्चों को उच्च शिक्षित शिक्षक-शिक्षिकाओं के द्वारा शिक्षा ग्रहण कराई जाती हैं, जिसका परिणाम परीक्षा फल आने के बाद स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहता हैं। जिसके कारण चंदी कान्वेंट का परीक्षा परिणाम तहसील के साथ जिले में अच्छा रहता हैं। परीक्षा परिणाम बेहतर रहने के कारण महज पांच वर्षों में चंदी कान्वेंट स्कूल ने जिले में अपनी अलग पहचान बनाते हुए आज 850 बच्चों को शिक्षा ग्रहण कराने का काम कर रहा हैं।

### बच्चों को लाने और ले जाने की सुविधा

बतादें कि चंदी कान्वेंट स्कूल में बच्चों को स्कूल लाने और ले जाने के लिए बसों की सुविधा उपलब्ध हैं, जिससे बच्चों को स्कूल आने और जाने के लिए परेशानी का सामना न करना पड़े। जिसके लिए वह समय-समय पर वाहनों की खुद निगरानी करते हैं और चालकों को निर्देश देते रहते है कि बच्चों को लाने और ले जाने में किसी तरह की कोई परेशानी नही होनी चाहिए।

### चंदी कान्वेंट में यह हैं सुविधाएं

चंदी कान्वेंट स्कूल में प्रत्येक कमरा तथा कारीडोर कैमरों एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त है और अनुभवी तथा प्रगतिशील शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा विधार्थियों के स्वर्णिम भविष्य के लिए मार्गदर्शन दिया जा रहा है। बच्चों के शारीरिक विकास के लिए हरा-भरा खेल का मैदान तथा सभी प्रकार के इनडोर गेम्स जैसे टेबल टेनिस, चैस, कैरम आदि की सुविधा हैं। अभिभावकों की आशाओं के अनुरूप कार्य किया जाता है और बच्चों के सर्वागीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### सूचना

एलआईसी बीमा में मेरा नाम सुरेश दर्ज है, जबकि आधार कार्ड में मेरा नाम सुन्दर दर्ज हैं, दोनों नाम मेरे ही हैं। सुरेश उर्फ सुन्दर पुत्र पोहपी नि.ग्रा. ढुकरी बुजुर्ग, थाना-बंडा, जनपद-शाहजहांपुर।

# शीतलहर दृष्टिगत रैन बसेरों व अलाव की पुख्ता व्यवस्था, प्रशासन मुस्तैद

**डीएम ने रात में लगाई अधिकारियों की ड्यूटी, व्यवस्थाओं का धरातल पर रिपोर्ट**



शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

जनपद में बढ़ती ठंड और शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में नगर निगम और स्थानीय प्रशासन द्वारा आमजनमानस की सुविधा के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। शहर के प्रमुख स्थलों पर संचालित रैन बसेरों को आधुनिक सुविधाओं से लैस कर दिया गया है ताकि कोई भी असहाय व्यक्ति खुले आसमान के नीचे सोने को मजबूर न हो। जिसमें नगर निगम द्वारा टाउन हॉल, बस स्टैंड और जिला अस्पताल के पास स्थित रैन बसेरों में गर्म बिस्तर, साफ-सुथरे गद्दे, कंबल और स्वच्छता के विशेष इंतजाम किए गए हैं। इन आश्रय स्थलों में ठंडे से बचाव हेतु पर्याप्त हीटिंग और सुरक्षा के लिए 24 घंटे केयरटेकर की तैनाती की गई है। ठिठुरन भरी रातों में राहगीरों और निराश्रितों को राहत देने के लिए शहर के 50 से अधिक प्रमुख चौराहों, सार्वजनिक स्थानों और रैन बसेरों के बाहर नियमित रूप से भारी मात्रा में सूखी लकड़ी की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए अलाव जलाए जा रहे हैं। जिला प्रशासन की टीमें निरंतर इन स्थलों का औचक निरीक्षण कर रही हैं। डीएम ने अपील की है कि यदि कोई भी व्यक्ति खुले में सोता हुआ मिले, तो तत्काल प्रशासन को सूचित करें। सहायता के लिए जिला कंट्रोल रूम नंबर 05842-351037, 462754 व टोलफ्री नंबर 1070 पर संपर्क किया जा सकता है। प्रशासन हर जरूरतमंद को सुरक्षित आश्रय प्रदान करने हेतु पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वही नगर आयुक्त डा.बिपिन कुमार मिश्रा ने रैन बसेरों में ठंड से बचाव को रुम हीटर बगैरह लगवाकर लोगों को राहत दी। उन्होंने स्वयं रात में शहर भ्रमण कर रैन बसेरों व अलाव की व्यवस्थाएं देखी।

## आयुक्त ने संभव में सुनी समस्याएं, दो का निस्तारण

**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त डा. बिपिन कुमार मिश्र की अध्यक्षता में मंगलवार को सिस्टेमैटिक एडमिनस्ट्रेटिव, मैकेनिज्म, ब्रिगिंग, हैपीनेन्स एण्ड वैल्यू (सम्भव) के अन्तर्गत नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र के जन-सामान्य द्वारा जन-सुनवाई दिवस में सम्मलित होकर साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दु, नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी-अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को रखा गया। जन सुनवाई दिवस में नगर क्षेत्र से प्राप्त जन समस्याओं-शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया व जन-समस्याओं का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुये संबन्धित विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जन-सामान्य की संतुष्टि, समदृष्टि को ध्यान में रखते हुये ससमय निस्तारण कराया जायें। जन-सुनवाई दिवस में 10 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें मौके पर ही 2 शिकायतों का निस्तारण कराया गया। शेष समस्याओं के निस्तारण के लिए त्वरित कार्यवाही किये जाने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जन सुनवाई दिवस में अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, संयुक्त नगर आयुक्त संगीता कुमारी, सहायक नगर



आयुक्त राजकुमार गुप्ता, सहायक नगर आयुक्त तरुण प्रताप सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. मनोज कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक जल विजय नारायण मौर्य, अधिशासी अभियंता सिविल दिलीप कुमार गुप्ता व अन्य अधिकारी कर्मचारी, जन-प्रतिनिधि तथा नगर के जन-सामान्य द्वारा सक्रिय प्रतिभाग किया गया।

# विहिप, बजरंग दल व दुर्गावाहिनी ने इस्लामिक जिहाद का पुतला फूंका

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।




विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल व दुर्गावाहिनी नें बांग्लादेश में हो रही अमानवीय घटनाओं के लिए इस्लामिक जिहाद का पुतला दहन किया। प्रांत मंत्री अनुज सिंह ने कहा कि बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद इस्लामी जिहादी गतिविधियां निरंतर बढ़ती जा रहीं हैं और उनके निशाने पर हिंदूओं के मंदिर,व्यावसायिक केंद्र,महिलाएं, संपत्ति, शासकीय कर्मचारी, पत्रकार ही रहते हैं। हिंदू प्रताड़ना की वीभत्स घटनाएं प्रति सप्ताह होती रहती हैं,परंतु गत सप्ताह मेमन सिंह जिले के भालुका में ऐसी घटना हुई है जिसने पूरी मानवता को लज्जित किया है। एक सामान्य हिंदू श्रमिक दीपू दास पर ईशनिंदा का झूंठा आरोप लगाया गया। एक अनौपचारिक बातचीत में दीपू दास ने ईश्वर के एक होने और उसके विभिन्न नाम होने की बात कही, जिसमें कुरान, इस्लाम या अल्लाह का कोई संदर्भ नहीं था। इसे मनमाने ढंग से ईशनिंदा का रूप देकर उसे प्रताड़ित किया गया ,जिहादी तत्व यहीं नहीं रुके और एक बड़ी भीड़ ने पीट पीट कर उसकी नृशंस हत्या कर दी। आतंक फैलाने के लक्ष्य से दीपू की मृत देह को पेड़ से लटका कर जलाया और इन सब हिंसक बर्बर घटनाओं के विडियो सोशल मीडिया में तत्काल प्रसारित किए गये,यह सारा घटनाक्रम पुलिस प्रशासन की आंखों के सामने हुआ और उन्होंने इसे रोकने की कोई चेष्टा नहीं की। बांग्लादेश का पूरा प्रशासन और समाज हिंसक और बर्बर इस्लामी जिहादी तत्वों के हिंदू विरोधी नंगे नाच पर मौन साधे हुए है और निष्क्रियता से उन्हें प्रोत्साहित ही कर रहे हैं। अल्पसंख्यकों के मानवीय अधिकारों का ऐसा खुला हनन किसी भी सभ्य समाज में मानवता के विरुद्ध गंभीर अपराध है। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ऐसी बर्बर जिहादी हिंसा और प्रशासनिक निष्क्रियता की निन्दा करने, हिंदू विरोधी हिंसा पर रोक लगाने, इनके अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही कर उन्हें सजा देने और बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के लिए भय और शोषणमुक्त वातावरण बनाने की मांग करता है। संपूर्ण हिंदू समाज से आवाहन करता है कि बांग्लादेश में इस प्रकार की अमानवीय घटना के विरोध में विरोध प्रदर्शन करें। विरोध प्रदर्शन में महानगर अध्यक्ष अभिनव ओमर, विभाग मंत्री अशनील सिंह, ओम गुप्ता, धर्मेंद्र सिंह, रमेश कोरी, राहुल कनौजिया, प्रीति शुक्ला, सरोज गुप्ता, तारा गुप्ता, आशीष शर्मा, लखन, राधेश्याम अरविंद वर्मा, ऋषभ गुप्ता, कुनाल राठौर, अनुभव गुप्ता, विनय सिंह, विजय सिंह, सौरभ राठौर, अमन सिंह, राम लखन, सुरेश वर्मा, सर्वेश सिंह, अजय कश्यप, विकास प्रजापति, अजय वाल्मीकि, राम लखन वर्मा, राकेश वर्मा, अनमोल शर्मा, अजय मिश्रा, चंद्रवीर चौहान, किशन कुमार,गोविंद कुमार, गोपाल प्रजापति सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विहिप, बजरंग दल ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री का फूंका पुतला

**जलालाबाद-शाहजहांपुर।** मुख्य चौराहे पर मंगलवार दोपहर बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस का पुतला फूंका। यह प्रदर्शन बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे कथित अत्याचारों के विरोध में बजरंग दल के राष्ट्रीय आह्वान पर किया गया था। इस अवसर पर बजरंग दल के प्रांत साप्ताहिक मिलन प्रमुख हरीश प्रजापति ने बयान दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि मोहम्मद यूनुस के बांग्लादेश की सत्ता में आने के बाद से वहां हिंदुओं पर लगातार अत्याचार और हत्याएं हो रही हैं। प्रजापति ने दावा किया कि बांग्लादेश में कानून और लोकतंत्र का अभाव है, और जिहादी मानसिकता के लोग हावी हैं। विश्व हिंदू परिषद के विभाग विशेष संपर्क प्रमुख आलोक शर्मा ने भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में शरिया कानून पर आधारित सरकार सत्ता में है। शर्मा ने इस्लामी कट्टरपंथियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए हिंदू दीपू दास की पुलिस हिरासत में हत्या और उसके बाद शव जलाने की घटना का उल्लेख किया। उन्होंने दावा किया कि यह घटना दर्शाती है कि वहां के शासन-प्रशासन को भी जिहादियों का समर्थन प्राप्त है। बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने मांग की है कि मोहम्मद यूनुस को तत्काल गिरफ्तार कर अंतरराष्ट्रीय कोर्ट में मुकदमा चलाया जाए और उन्हें फांसी की सजा दी जाए। संगठनों ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी अपील की कि वे बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को रोकने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाएं। इस प्रदर्शन में विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. बृजेश गुप्ता, सलभ मिश्रा, रामा मिस्टर, जिला सह मंत्री सुरेश कुमार उर्फ पप्पू शर्मा, एडवोकेट रजत शर्मा, अजय शर्मा, बजरंग दल के विभाग संयोजक पंकज गुप्ता, विकास वर्मा, अशोक सिंह, सर्वेंद्र गुप्ता, रजत गुप्ता, अतुल वर्मा, बजरंग दल के जिला सुरक्षा प्रमुख धीरेंद्र सिंह और गौरव मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।



## खबरें एक नजर में

### दबंगई की हद, पुवायां में बंडा रोड़ पर दो जगह चले लाठी-डंडे, वीडियो वायरल

**पुवायां, शाहजहांपुर।** पुवायां में बण्डा रोड़ पर अलग अलग जगहों पर लाठी डंडे चले। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। लोगों का कहना है कि राजीव चौक पर पुलिस तैनात रहती है उसके बाबजूद चौहरे पर दबंगई। लोगों ने कमेंट करके पुलिस की धज्जियां उड़ाई। मंगलवार की शाम बण्डा रोड़ पर देशी शराब की दुकान के सामने दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले लोगों ने उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया उसके अलावा राजीव चौक पर फल विक्रेता ने ई रिक्शा चालक को जमकर पीट दिया ओर उस पर लाठियां बरसाई। जब लोगों ने देखा तो वहां तमाम लोगों की भीड़ लग गई 15 मिनट पर विवाद होता रहा लेकिन पुलिस मौके पर नही पहुँची। पुवायां में पुलसिंग फैल होने के कारण लोग कमेंट में पुलिस पर तरह तरह के कमेंट कर रहे है।

### जीएसटी टीम का गुप्ता ट्रेडर्स पर छापा, फर्जी बिलिंग से 50 लाख की कर चोरी उजागर



**मीरानपुर कटरा शाहजहांपुर।** कर चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत जीएसटी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जलालाबाद रोड स्थित गुप्ता ट्रेडर्स फर्म पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान फर्जी बिलिंग और बोगस इनवॉइस के जरिए की जा रही लाखों रुपये की कर चोरी का खुलासा हुआ है। इस कार्रवाई से व्यापारियों में हड़कंप मच गया है। बरेली से पहुंची जीएसटी विभाग की टीम ने फर्म के कार्यालय और गोदाम में कई घंटों तक गहन जांच-पड़ताल की। छापे के समय फर्म से जुड़े कर्मचारी मौके पर मौजूद मिले, जिनसे विभागीय अधिकारियों ने पूछताछ की। टीम ने फर्म के लेखा-जोखा, बिक्री-खरीद के बिल, स्टॉक रजिस्टर सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों की बारीकी से जांच की। जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। विभागीय सूत्रों के अनुसार फर्म का करीब 2 करोड़ रुपये का टर्नओवर है, जबकि अब तक लगभग 50 लाख रुपये की जीएसटी चोरी पकड़ी जा चुकी है। हैरान करने वाली बात यह है कि फर्म ने पिछले 6 वर्षों से एक भी रुपये का टैक्स विभाग में जमा नहीं किया था। इसके अलावा जांच में यह भी सामने आया कि फर्म दिल्ली में पंजीकृत फर्जी कंपनियों के रैकेट से बोगस बिल खरीद रही थी और आगे भी फर्जी इनवॉइस जारी कर रही थी। फर्जीवाड़े की हद तब सामने आई जब रिकॉर्ड में एक छोटे ट्रक से एक बार में 2500-2500 बोरी सीमेंट की आपूर्ति दिखाई गई, जो भौतिक रूप से संभव ही नहीं है। डिप्टी कमिश्नर अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में फर्जी बिलिंग के जरिए बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी की पुष्टि हुई है। शेष टैक्स का आंकलन करने के लिए फर्म के दस्तावेज सीज कर लिए गए हैं और एक सप्ताह के भीतर पूरा असिसमेंट कर लिया जाएगा। इसके बाद नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इस कार्रवाई में असिस्टेंट कमिश्नर वेद प्रकाश शुक्ला, राज्य कर अधिकारी ताराचंद एवं प्रदीप कुमार सहित विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे।

### अन्तरमहाविद्यालयी एथलेटिक्स में एसएस कॉलेज का दबदबा, 27 पदकों पर कब्जा



**शाहजहांपुर।** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली में दिनांक 19 दिसंबर से 21 दिसंबर तक आयोजित होने वाली अंतरमहाविद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता में स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज ने अपना परचम लहरा दिया। कॉलेज ने 15 स्वर्ण, 7 रजत तथा 5 कांस्य पदकों सहित कुल 27 पदक हासिल किए। इस सफलता पर मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने विजेता प्रतिभागियों के साथ-साथ खेल एवं शारीरिक शिक्षा विभाग को अपना आशीर्वाद देते हुए निरंतर उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता बनाए रखने हेतु प्रेरित किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर संपूर्ण विभाग को शुभकामनाएं देते हुए कॉलेज के सचिव प्रो अवनीश मिश्र ने कहा कि यह उपलब्धि संपूर्ण महाविद्यालय परिवार के लिए एक गौरवमयी क्षण है। उन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर आगे बढ़ते हुए सतत सफलता हेतु प्रेरित किया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो आर के आजाद के द्वारा भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया। उल्लेखनीय है कि कॉलेज के क्रीडा सचिव प्रो अजीत सिंह चारग एवं उपसचिव डॉ प्रांजल शाही के कुशल एवं उत्कृष्ट निर्देशन में कॉलेज का खेल एवं शारीरिक शिक्षा विभाग सतत किसी न किसी सफलता व उपलब्धि को लेकर सुर्खियों में बना रहता है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर उपप्राचार्य प्रो अनुराग अग्रवाल, प्रो आलोक मिश्र, प्रो प्रभात शुक्ल, डॉ आलोक सिंह, डॉ संदीप अवस्थी सहित सम्पूर्ण स्टाफ ने उल्लास व्यक्त करते हुए गौरवानुभूति की। स्वर्ण पदक में गौरव, मनोज वर्मा, दुष्यंत कुमार, तुषार ललित, अफरोज बाबू, मुकुल गुप्ता, आशू, प्राची वर्मा, शिवम शर्मा, रमन तोमर, रजत पदक में आशू, गुनगुन मौर्या, प्राची वर्मा, रमन तोमर, मनोज वर्मा, उत्तर तोमर, कांस्य पदक में प्रशांत कुमार, अफरोज बाबू, रामू, अरविंद कुमार, ललित कुमार रहे।

# बार-बार यूनिफॉर्म बदलने से अभिभावकों पर आर्थिक बोझ, स्वीकार नहीं: जिलाधिकारी

**निजी विद्यालयों में फीस वृद्धि को लेकर डीएम की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न**




शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में निजी विद्यालयों में फीस वृद्धि, पुस्तकों की सूची एवं यूनिफॉर्म से संबंधित विषयों पर बैठक कलेक्ट्रेट बिस्मिल सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न निजी विद्यालयों के प्रतिनिधि एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। डीएम ने निजी विद्यालयों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालयों की यूनिफॉर्म में किसी भी प्रकार का परिवर्तन बिना अनुमोदन समिति की स्वीकृति के नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बार-बार यूनिफॉर्म बदलने से अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ता है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। पुस्तकों से संबंधित व्यवस्था को लेकर निर्देश दिया कि यदि किसी विद्यालय द्वारा पुस्तकों की सूची में कोई परिवर्तन प्रस्तावित है, तो उसकी पूरी जानकारी एवं संशोधित पुस्तकों की सूची कम से कम 60 दिन पूर्व विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य होगा, ताकि अभिभावकों को समय रहते जानकारी मिल सके। फीस वृद्धि के संबंध में डीएम कहा कि किसी भी विद्यालय द्वारा 10 प्रतिशत से अधिक फीस वृद्धि नहीं की जाएगी। उल्लंघन करने वाले विद्यालयों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को यह भी निर्देशित किया कि फीस निर्धारण में पारदर्शिता रखी जाए और अभिभावकों से किसी भी प्रकार की मनमानी वसूली न की जाए। विद्यालयों संचालन समय को लेकर भी डीएम ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी विद्यालय का संचालन सुबह 10 बजे से पहले नहीं किया जाएगा। सभी निजी विद्यालयों को निर्धारित नियमों का कड़ाई से पालन करना होगा। इस दौरान डीआईओएस हरिवंश कुमार, बीएसए दिव्या गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## पॉल्यूशन पर रोक लगाना हम सबका कर्तव्य है



**शाहजहांपुर।** जिला जज एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु कुमार शर्मा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में ठोस अवशिष्ट प्रबन्धन नीति 2016 के विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन रौजा पावर सप्लाई कम्पनी लिमिटेड में किया गया। शिविर अध्यक्षता अपर जिला जज एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण निर्देशन में एलएडीसीएस चीफ दिनेश कुमार मिश्र द्वारा की गयी। ठोस अवशिष्ट प्रबन्धन नीति 2016 के बारे में जानकारी देते हुये अपने सम्बोधन में कहा कि पर्यावरण को दूषित नहीं करेंगे तथा उसका नियमानुसार उपचार कर प्रबन्धन करेगें। साथ ही विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी जाने वाली नि:शुल्क सेवाओं व सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गयी।

एलएडीसीएस असिस्टेंट विवेक शर्मा द्वारा उपरोक्त विषय पर चर्चा करते कहा कि भारत सरकार द्वारा जारी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 कचरा प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाने के लिए लागू किए गए थे। पॉल्यूशन पर रोक लगाना हम सबका कर्त्तव्य है। इंडस्ट्रियल एरिया में अधिक से अधिक पेड़ लगाये। पीसी कन्नौजिया पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड, बरेली द्वारा सॉलिड वेस्ट, प्लास्टिक वेस्ट, बैट्री वेस्ट, ई-वेस्ट एवं अन्य वेस्ट के बारे में जानकारी दी गयी। सैफ नगर निगम प्रतिनिधि द्वारा उक्त विषय पर चर्चा करते हुये पॉल्यूशन को रोकने सम्बन्धी जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा शहर के सभी मोहल्लों,विभिन्न स्थानों को स्वच्छ रखने एवं घर-घर से कचरा उठाने के लिए गाड़ी चलाई जा रही हैं। अन्ततः असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट मनोहर कुमार द्वारा शिविर में उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## धन्यूरा गांव में जरूरतमंद ग्रामीणों को किए कंबल वितरित



**तिलहर - शाहजहांपुर।** शीतलहर के चलते धनियुरा गांव में ज़रूरतमन्द ग्रामीणों को कम्बल वितरित किए गए। मंगलवार को गांव प्रधान रंजीत कुमार वर्मा के सानिध्य में लेखपाल मोहित कुमार व भाजपा नेता शिवम सिंह ने गांव की गौशाला परिसर में एकत्र हुए करीब दो दर्जन जरूरतमंद पुरुष महिलाओं को कम्बल वितरित किए । भीषण ठंड में कम्बल मिलने से जरूरतमंदों ने राहत महसूस की।


## हर व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा: जितिन प्रसाद

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।



केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने मंगलवार को अपने आवास पर जनता एवं पार्टी पदाधिकारियों से मुलाकात की। जितिन प्रसाद ने जनता की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निदान के निर्देश अधिकारियों को दिए।उन्होंने जनता से कहा कि डबल इंजन की केंद्र एवं राज्य सरकार मोदी-योगी के नेतृत्व में विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाएं चला रही है सभी योजनाओं का भरपूर लाभ उठायें। जनता को योजनाओं के लाभ में किसी स्तर पर किसी प्रकार की कोई समस्या आ रही हो वह सीधे अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से संपर्क करें।उन्होंने कहा कि सरकार अंत्योदय को समर्पित होकर कार्य कर रही है। आज हर व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। जनता से मुलाकात उपरांत पार्टी के पदाधिकारियों से भी मुलाकात कर संगठन के वर्तमान में चल रहे विभिन्न अभियानों पर चर्चा की उन्होंने वर्तमान में प्रदेश में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाये जा रहे मतदाता सूची के बृहद पुनरीक्षण के कार्य में सभी पार्टी जनों से पूर्ण दिलचस्पी लेने की अपील की,उन्होंने कहा कि पार्टी जन अपने-अपने क्षेत्रों में यह अवश्य सुनिश्चित करें कि कोई भी मतदाता अपने अधिकार से वंचित न रह जाये इसके लिए अपने बीएलओ के पास मतदाता का गणना प्रपत्र जमा करवाना अवश्य सुनिश्चित कराएं क्यों कि अब प्रक्रिया की समाप्ति में चंद दिन ही शेष हैं। इस अवसर भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्र,मंत्री के मीडिया प्रभारी विनीत मिश्र,जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह,विजय मोहन,प्रशांत कठेरिया आदि प्रमुख मौजूद रहे।

## पालिका जेई पीयूष मिश्रा को विनियमित क्षेत्र का अतिरिक्त प्रभार







**तिलहर - शाहजहांपुर।** डीएम ने पालिका के जेई पीयूष मिश्रा को विनियमित क्षेत्र के भवन मानचित्र हेतु अतिरिक्त प्रभार की जिम्मेदारी दी है। बता दें कि राइस मिलर्स एसोसिएशन के प्रांतीय सचिव पंकज गुप्ता ने सहकारिता राज्यमंत्री माननीय जेपीएस राठौर के माध्यम से बरेली में समीक्षा बैठक में आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दिए ज्ञापन में तिलहर में विगत कई वर्षों से विनियमित क्षेत्र में जेई पद पर किसी की तैनाती न किए जाने से नवीन भवनों के मानचित्र में नागरिकों की परेशानी का जिक्र करते हुए जेई की तैनाती किए जाने की मांग की थी। जिसके सन्दर्भ में मुख्यमंत्री द्वारा संज्ञान लेते हुए डीएम को निर्देश थे। इसी क्रम में डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने अग्रिम व्यवस्था होने तक नगर पालिका परिषद तिलहर में तैनात जेई पियूष मिश्रा को विनिमयित क्षेत्र कार्यालय में तैनात कर दिया गया है। गौरतलब है कि 30 अक्टूबर 2023 में तत्कालीन जेई रामवीर के रिटायरमेंट के बाद से यह सीट रिक्त चल रही थी।

# यात्रियों की मांग रोजा बरेली पैसेंजर ट्रेन को चलाया जाए

रोजा-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

रोजा बरेली पैसेंजर, रोजा जंक्शन से बरेली जंक्शन को जाया करती थी। इस ट्रेन से आसपास के क्षेत्र के लोग सरकारी काम से अथवा प्राइवेट काम से बरेली कम समय में और कम पैसे में पहुंच जाते थे। नौकरी करने वाले भी अपने टाइम से बैंक, कॉलेज, अस्पताल पहुंच जाया करते थे, लेकिन रेल प्रशासन ने 1 दिसंबर से 28 फरवरी तक कोहरे का वास्ता देकर रोजा बरेली पैसेंजर शाहजहांपुर, सीतापुर पैसेंजर शाहजहांपुर लखनऊ पैसेंजर शाहजहांपुर पलामू पैसेंजर को बंद कर दिया। जिससे कि गरीब लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। क्षेत्रीय लोगों को कहना है शाहजहांपुर से सुबह शाहजहांपुर बालामऊ और शाहजहांपुर लखनऊ दो ट्रेन जाया करते थे। एक ट्रेन को बंद कर दिया जाए, एक ट्रेन को चलाया जाए। जिससे यात्रियों को राहत मिले। लखनऊ जाने के लिए कोई भी पैसेंजर ट्रेन नहीं है। मेल एक्सप्रेस ट्रेनों में सामान्य श्रेणी के दो डिब्बे होते हैं जो की भूसे की तरह भरे होते हैं। उसमें पैर रखने की जगह नहीं होती है। यदि यात्री स्लीपर में जाए तो उसकी रसीद कट जाती है। ऐसे में पैसेंजर ट्रेन ही यात्रा करने के लिए सुलभ जाती है। सुबह के टाइम बरेली के लिए कोई ट्रेन ना होने के कारण छोटे स्टेशन बंथरा तिलहर कटरा बिलपुर फरीदपुर आदि स्टेशन पर जाने के लिए यात्रियों को बस का सहारा लेना पड़ता है। जिससे सरकारी नौकरी पैसा करने वाले लोग समय से दफ्तर नहीं पहुंच पाते हैं और दफ्तर के काम में लेट लतीफी होती है। यह पैसेंजर ट्रेन को चला दिया जाए तो आसपास के लोगों को यात्रियों को काफी सुविधा होगी।

### क्या बोले यात्री

संतोष कुमार आदर्श नगर कॉलोनी रोजा जंक्शन निवासी ने बताया पैसेंजर ट्रेन बंद होने से मध्यम वर्ग के लोगों का काफी परेशानी होती है। रेल प्रशासन को पैसेंजर ट्रेन शीघ्र चलना चाहिए।


अक्षय कुमार रेलवे कॉलोनी निवासी ने बताया कोहरे में सभी ट्रेनें चल रही हैं किंतु पैसेंजर ट्रेन बंद कर दी गई। गरीब लोगों के लिए पैसेंजर ट्रेन ही एकमात्र आने जाने का साधन थी। मेल एक्सप्रेस बंदे भारत राजधानी सभी ट्रेनें चल रही है लेकिन कोहरा का वास्ता देकर पैसेंजर ट्रेन बंद कर दी गई। रेल प्रशासन को शीघ्र पैसेंजर ट्रेन चलना चाहिए।

प्रतिभा मिश्रा आनंदपुरम कॉलोनी निवासी ने बताया रेल प्रशासन ने मुरादाबाद बरेली मेमो पैसेंजर और बरेली मुरादाबाद पैसेंजर को 28 दिसंबर से पुनः चलाने का फैसला लिया है तो रोज बरेली पैसेंजर ट्रेन शाहजहांपुर लखनऊ पैसेंजर शाहजहांपुर पलामू पैसेंजर ट्रेन को भी चलाया जाना चाहिए। प्रतिमा पांडेय ने कहा जब मेल एक्सप्रेस ट्रेन चल सकती हैं, तो पैसेंजर ट्रेन क्यों बंद की गई। पैसेंजर ट्रेनों को भी चलाया जाना चाहिए, जिससे गरीब जनता यात्रा कर सके।

## 2026 की भविष्यवाणियां

भविष्यवाणियों में मशहूर फ्रांसीसी भविष्यवक्ता नोस्ट्राडेमस की भविष्यवाणियां शामिल हैं, जिनकी भविष्यवाणियों की अलग-अलग तरह से व्याख्या की गई है। भविष्यवाणी की गई घटनाओं में दो विश्व युद्ध, हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बमबारी और अमरीका में 9/11 के आतंकवादी हमले शामिल हैं, ये सभी भविष्यवाणियां 1555 में लिखी गई थीं। उनके लेखों की अस्पष्ट भाषा कई तरह की व्याख्याओं को जन्म देती है और इतिहासकार अक्सर उनकी भविष्यवाणियों की विश्वसनीयता पर बहस करते हैं। 2026 के लिए नोस्ट्राडेमस की भविष्यवाणियां महत्वपूर्ण वैश्विक अशांति का संकेत देती हैं। पूर्व और पश्चिम के बीच संघर्ष बढ़ेंगे, जिससे एक बड़ा युद्ध हो सकता है, जो लगभग 7 महीने तक चल सकता है। वह स्विट्जरलैंड के टिसिनो क्षेत्र में खून-खराबे की भी चेतावनी देते हैं। कुछ व्याख्याओं का कहना है कि एक शक्तिशाली 'प्रकाश का आदमी' दिखाई देगा, साथ ही और भी जलवायु आपदाएं और तकनीकी बदलाव होंगे। बाबा वेंगा, एक प्रतिष्ठित बल्गारियाई भविष्यवक्ता, ने भूकंप, ज्वालामुखी विस्फोट और गंभीर जलवायु परिवर्तन सहित महत्वपूर्ण आपदाओं के बारे में अपनी भविष्यवाणियों के लिए पहचान हासिल की। ये पर्यावरणीय बदलाव बाढ़, सुनामी और अन्य चरम घटनाओं का कारण बन सकते हैं, जो संभावित रूप से दुनिया भर के क्षेत्रों और सैक्टरों को प्रभावित कर सकते हैं, जिनमें कृषि, बुनियादी ढांचा और आपदा तैयारी शामिल है। हालांकि इन विचारों की वैज्ञानिक रूप से पुष्टि नहीं की गई है लेकिन उनके संभावित प्रभावों पर विचार करने से हमें भविष्य के जोखिमों को समझने में मदद मिलती है। अगले साल, विभिन्न देशों में 10 चुनाव होने वाले हैं। वे हैं- इथियोपिया, अमरीका, म्यांमार, दक्षिण सूडान, गाम्बिया, सूडान, रूस, जाम्बिया, दक्षिण अफ्रीका और थाईलैंड। दुनिया भर में हर 100 लोगों में से लगभग 7 से 8 लोग इन घटनाओं से प्रभावित हो सकते हैं, जो दिखाता है कि कितने लोग प्रभावित हो सकते हैं। इन विचारों में एक मजबूत वैज्ञानिक आधार की कमी है। हमें यह सोचने की जरूरत है कि ये अवधारणाएं समाज को कैसे प्रभावित करती हैं। भारत भी पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु, असम और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव कराने की तैयारी कर रहा है। पश्चिम बंगाल में, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तृणमूल कांग्रेस (टी.एम.सी.) की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को चुनौती दे रही है। तमिलनाडु में, अन्नाद्रमुक गठबंधन द्रमुक को सत्ता से हटाने की कोशिश कर रहा है लेकिन द्रमुक मजबूत और एकजुट बनी हुई है। केरल में, भले ही भाजपा फूट डालने की कोशिश कर रही है, लेकिन राज्य लैफ्ट डैमोक्रेटिक फ्रंट (एल.डी.एफ.) और यूनाइटेड डैमोक्रेटिक फ्रंट (यू.डी.एफ.) के बीच बंटा हुआ है। असम में, जहां अभी भाजपा सत्ता में है, आने वाले चुनाव में भाजपा और कांग्रेस पार्टी राज्य में अपना प्रभाव बनाए रखने के लिए मुकाबला करेंगी। भले ही वैश्विक अर्थव्यवस्था धीमी हो रही है, फिर भी इसके मजबूत बने रहने की उम्मीद है, जिससे निवेशकों को भरोसा मिलता है। आर्टिफिशियल इंटैलीजैंस (ए.आई.) में निवेश के कारण विकास दर में सुधार होना चाहिए। अलग-अलग मौद्रिक नीतियों और ज्यादा सार्वजनिक कर्ज पर भी नजर रखनी जरूरी है। रिपोर्ट्स बताती हैं कि रूस और चीन संसाधनों के लिए मुकाबला कर रहे हैं, जिससे संभावित रूप से संघर्ष हो सकते हैं।

# हार नहीं मानूंगा, रार नहीं ठानूंगा...



**पूर्व पीएम अटल बिहारी के जन्म दिवस (25 दिसम्बर) पर विशेष**

**कविताओं को लेकर उन्होंने कहा था कि मेरी कविता जंग का एलान है, पराजय की प्रस्तावना नहीं। वह हारे हुए सिपाही का नैराश्य-निनाद नहीं, जूझते योद्धा का जय संकल्प है। वह निराशा का स्वर नहीं, आत्मविश्वास का जयघोष है। उनकी कविताओं का संकलन 'मेरी इक्यावन कविताएं' खूब चर्चित हुई जिसमें....हार नहीं मानूंगा, रार नहीं ठानूंगा...खास चर्चा में रही। राजनीति में संख्या बल का आंकड़ा सर्वोपरि होने से साल 1996 में उनकी सरकार सिर्फ एक मत से गिर गई और उन्हें प्रधानमंत्री का पद त्यागना पड़ा। यह सरकार सिर्फ तेरह दिन तक रही। बाद में उन्होंने प्रतिपक्ष की भूमिका निभायी। इसके बाद हुए चुनाव में वे दोबारा प्रधानमंत्री बने।**

**प्रभुनाथ शुक्ल**

भारत के राजनीतिक इतिहास में अटल बिहारी वाजपेयी का संपूर्ण व्यक्तित्व शिखर पुरुष के रुप में दर्ज है। उनकी पहचान कुशल राजनीतिज्ञ, प्रशासक, भाषाविद, कवि, पत्रकार व लेखक के रूप में है। अटल बिहारी वाजपेयी राजनीति में उदारवाद, समता एवं समानता के सबसे बड़े समर्थक माने जाते हैं। उन्होंने राजनीति को दलगत और स्वार्थ की वैचारिकता से अलग हट कर अपनाया और उसको जिया। जीवन में आने वाली हर विषम परिस्थिति और चुनौती को स्वीकार किया। नीतिगत सिद्धांत और वैचारिकता का कभी कत्ल नहीं होने दिया। राजनीतिक जीवन के उतार-चढ़ाव में उन्होंने आलोचनाओं के बाद भी अपने को संयमित और तटस्थ रखा। राजनीति में धुर विरोधी भी उनकी विचारधारा और कार्यशैली के कायल थे लेकिन पोखरण जैसा आणविक परीक्षण कर तीसरी दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमेरिका के साथ दूसरे मुल्कों को भारत की शक्ति का एहसास कराया।

आपातकाल के दौरान डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की श्रीनगर में मौत के बाद सक्रिय राजनीति में दखल दिया। हालाँकि, उनके राजनीतिक मूल्यों की पहचान बाद में हुई और भाजपा सरकार में भारत रत्न से सम्मानित किया गया। अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म मध्य प्रदेश के ग्वालियर में 25 दिसंबर 1924 को हुआ था। उनके पिता कृष्ण बिहारी वाजपेयी शिक्षक थे। वैसे वे मूलतः उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के बटेश्वर गांव के रहने वाले थे, लेकिन पिता जी मध्य प्रदेश में शिक्षक थे। इसलिए उनका जन्म वहीं हुआ। लेकिन उत्तर प्रदेश से उनका राजनीतिक लगाव सबसे अधिक रहा। प्रदेश की राजधानी लखनऊ से वे सांसद थे। जबकि उन्हें श्रेष्ठ सांसद और लोकमान्य तिलक पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।

कविताओं को लेकर उन्होंने कहा था कि मेरी कविता जंग का एलान है, पराजय की प्रस्तावना नहीं। वह हारे हुए सिपाही का नैराश्य-निनाद नहीं, जूझते योद्धा का जय संकल्प है। वह निराशा का स्वर नहीं, आत्मविश्वास का जयघोष है। उनकी कविताओं का संकलन 'मेरी इक्यावन कविताएं' खूब चर्चित हुई जिसमें....हार नहीं मानूंगा, रार नहीं ठानूंगा...खास चर्चा में रही। राजनीति में संख्या बल का आंकड़ा सर्वोपरि होने से साल 1996 में उनकी सरकार सिर्फ एक मत से गिर गई और उन्हें प्रधानमंत्री का पद त्यागना पड़ा। यह सरकार सिर्फ तेरह दिन तक रही। बाद में उन्होंने प्रतिपक्ष की भूमिका निभायी। इसके बाद हुए चुनाव में वे दोबारा प्रधानमंत्री बने। संख्या बल की राजनीति में यह भारतीय इतिहास के लिए सबसे बुरा दिन था लेकिन अटल बिहारी वाजपेयी विचलित नहीं हुए, उन्होंने इसका मुकाबला किया। 16 मई से 01 जून 1996 और 19 मार्च से 22 मई 2004 तक वे भारत के प्रधानमंत्री रहे। वे साल 1968 से 1973 तक जनसंघ के अध्यक्ष रहे। राजनीतिक सेवा का व्रत लेने के कारण वे आजीवन कुंवारे रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लिए आजीवन अविवाहित रहने का निर्णय लिया था। अटल बिहारी वाजपेयी गैर कांग्रेसी सरकार के इतर पहले प्रधानमंत्री बने जिन्होंने अपनी राजनीतिक कुशलता से भाजपा को देश में शीर्ष राजनीतिक सम्मान दिलाया। दो दर्जन से अधिक राजनीतिक दलों को मिलाकर उन्होंने राजग बनाया। जिसमें 80 से अधिक मंत्री थे, जिसे जम्बो मंत्रिमंडल भी कहा गया। सरकार ने पांच साल का कार्यकाल पूरा किया। अटल बिहारी वाजपेयी राजनीति में कभी आक्रमकता के पोषक नहीं थे। वैचारिकता को उन्होंने हमेशा तवज्जो दिया। राजनीति के शिखर पुरुष अटलजी मानते थे कि राजनीति उनके मन का पहला विषय नहीं था। राजनीति से उन्हें कभी-कभी तृष्णा होती थी लेकिन वे चाहकर भी इससे अलग नहीं हो सकते थे। क्योंकि विपक्ष उन पर पलायन का मोहर लगा देता। वे अपने राजनैतिक दायित्वों का डट कर मुकाबला करना चाहते थे। यह उनके जीवन संघर्ष की भी खूबी रही। वे एक कुशल कवि के रूप में अपनी पहचान बनाना चाहते थे लेकिन बाद में इसकी शुरुआत पत्रकारिता से हुई। पत्रकारिता ही उनके राजनैतिक जीवन की आधारशिला बनी। उन्होंने संघ के मुखपत्र पांचजन्य, राष्ट्रधर्म और वीर अर्जुन जैसे अखबारों का संपादन किया। अपने करिअर की शुरुआत उन्होंने पत्रकारिता से की। साल 1957 में देश की संसद में जनसंघ के सिर्फ चार सदस्य थे। जिसमें एक अटल बिहारी वाजपेयी थे। संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए हिंदी में भाषण देने वाले अटलजी पहले भारतीय राजनीतिज्ञ थे। विदेशी धरती पर हिन्दी को सम्मानित करने का काम अटल ने किया। उन्होंने सबसे पहले साल 1955 में पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ा लेकिन उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा। बाद में साल 1957 में गोंडा की बलरामपुर सीट से जनसंघ उम्मीदवार के रूप में जीत कर लोकसभा पहुंचे। उन्हें मथुरा और लखनऊ से भी लड़ाया गया लेकिन हार गए। उन्होंने बीस साल तक जनसंघ के संसदीय दल के नेता के रूप में काम किया। इंदिरा गांधी के खिलाफ जब विपक्ष एकजुट हुआ और बाद में जब देश में मोरारजी देसाई की सरकार बनी तो अटल बिहारी वाजपेयी को विदेशमंत्री बनाया गया। इस दौरान उन्होंने अपनी राजनीतिक कुशलता की छाप छोड़ी और विदेश नीति को बुलंदियों पर पहुंचाया। बाद में साल 1980 में उन्होंने जनता पार्टी से नाराज होकर पार्टी का दामन छोड़ दिया। इसके बाद उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की स्थापना की। उसी साल उन्हें भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष की कमान सौंपी गयी। इसके बाद साल 1986 तक उन्होंने कुशलता के साथ भाजपा अध्यक्ष पद का नेतृत्व किया और इंदिरा गांधी के कार्यों की सराहना की थी। उन्होंने इंदिरा सरकार की तरफ से साल 1975 में लगाए गए आपातकाल का विरोध किया लेकिन बांग्लादेश के निर्माण में इंदिरा गांधी की भूमिका को सराहा। उनका साफ कहना था कि जिसका विरोध जरुरी था उसका विरोध किया और जिसकी प्रशंसा चाहिए थी उसे वह सम्मान मिलना चाहिए।

## विचार

# उपभोक्ता जागरूकता से समृद्ध समाज की ओर



**राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस (24 दिसम्बर) पर विशेष**

**तत्पश्चात् पुणे में वर्ष 1974 में ग्राहक पंचायत की स्थापना के बाद कई राज्यों में उपभोक्ता कल्याण के लिए संस्थाओं का गठन किया गया। इस प्रकार उपभोक्ता हितों के संरक्षण की दिशा में यह आन्दोलन आगे बढ़ता गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पहल पर 9 दिसम्बर 1986 को उपभोक्ता संरक्षण विधेयक पारित किया गया, जिसे राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद 24 दिसम्बर 1986 को देशभर में लागू किया गया। पिछले कई वर्षों से भारत में प्रतिवर्ष इसी दिन राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण दिवस मनाया जा रहा है।**

**योगेश कुमार गोयल**

उपभोक्ताओं के विभिन्न हितों और उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए देश में प्रतिवर्ष 24 दिसम्बर को 'राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस' मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, उनके हितों के लिए बनाए गए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियमों तथा उनके अंतर्गत आने वाले कानूनों की जानकारी देना है। दरअसल, ऑनलाइन खरीददारी हो या ऑफलाइन, ग्राहकों को कई बार सामान की गड़बड़ी अथवा अन्य प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है और इसी तरह की समस्याओं से उन्हें निजात दिलाने तथा उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है।

वर्ष 2020 तक विभिन्न ई-कॉमर्स साइटों से ऑनलाइन खरीददारी को लेकर उपभोक्ताओं को कोई संरक्षण प्राप्त नहीं था लेकिन उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019 (कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) में ई-कॉमर्स को भी दायरे में लाकर उपभोक्ताओं को और मजबूती देने का प्रयास किया गया। पुराना उपभोक्ता संरक्षण कानून करीब साढ़े तीन दशक पुराना हो चुका था जिसमें समय के साथ बड़े बदलावों की जरूरत महसूस की जा रही थी। इसलिए ग्राहकों के साथ अक्सर होने वाली धोखाधड़ी को रोकने और उपभोक्ता अधिकारों को ज्यादा मजबूती प्रदान करने के लिए 20 जुलाई 2020 को 'उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019' (कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) लागू किया गया, जिसमें उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की ठगी और धोखाधड़ी से बचाने के लिए कई प्रावधान शामिल हैं। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस वास्तव में उपभोक्ताओं को उनकी शक्तियों और अधिकारों के बारे में जागरूक करने का महत्वपूर्ण अवसर है। भारत में उपभोक्ता आन्दोलन की शुरूआत मुम्बई में वर्ष 1966 में हुई थी। तत्पश्चात् पुणे में वर्ष 1974 में ग्राहक पंचायत की स्थापना के बाद कई राज्यों में उपभोक्ता कल्याण के लिए संस्थाओं का गठन किया गया। इस प्रकार उपभोक्ता हितों के संरक्षण की दिशा में यह आन्दोलन आगे बढ़ता गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पहल पर 9 दिसम्बर 1986 को उपभोक्ता संरक्षण विधेयक पारित किया गया, जिसे राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद 24 दिसम्बर 1986 को देशभर में लागू किया गया। पिछले कई वर्षों से भारत में प्रतिवर्ष इसी दिन राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण दिवस मनाया जा रहा है। इसे मनाने का मूल उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और अगर वे धोखाधड़ी, कालाबाजारी, घटतौली इत्यादि के शिकार होते हैं तो वे इसकी शिकायत उपभोक्ता अदालत में कर सकें। उपभोक्ता संरक्षण कानून में स्पष्ट उल्लेख है कि प्रत्येक वह व्यक्ति उपभोक्ता है, जिसने किसी वस्तु या सेवा के क्रय के बदले धन का भुगतान किया है या भुगतान करने का आश्वासन दिया है और ऐसे में किसी भी प्रकार के शोषण अथवा उत्पीड़न के खिलाफ वह अपनी आवाज उठा सकता है तथा क्षतिपूर्ति की मांग कर सकता है। खरीदी गई किसी वस्तु, उत्पाद अथवा सेवा में कमी या उसके कारण होने वाली किसी भी प्रकार की हानि के बदले उपभोक्ताओं को मिला कानूनी संरक्षण ही उपभोक्ता अधिकार है। यदि खरीदी गई किसी वस्तु या सेवा में कोई कमी है या उससे आपको कोई नुकसान हुआ है तो आप उपभोक्ता फोरम में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम ने उपभोक्ताओं को छह प्रमुख अधिकार प्रदान किए हैं, जिनमें सुरक्षा का अधिकार के तहत खतरनाक वस्तुओं और सेवाओं से बचाव का अधिकार, सूचना का अधिकार के तहत वस्तुओं और सेवाओं की गुणवत्ता, मात्रा, शुद्धता और कीमत की सही जानकारी का अधिकार, विकल्प का अधिकार के तहत प्रतिस्पर्धात्मक कीमतों पर वस्तुओं और सेवाओं का चयन का अधिकार, सुने जाने का अधिकार के तहत उपभोक्ता शिकायतों और समस्याओं पर ध्यान दिए जाने का अधिकार, निवारण का अधिकार के तहत उपभोक्ता शिकायतों और समस्याओं पर ध्यान दिए जाने का अधिकार, उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार के तहत अनुचित व्यापार प्रथाओं और शोषण के खिलाफ न्याय का अधिकार शामिल हैं। जहां तक उपभोक्ता की जिम्मेदारियां की बात है तो उपभोक्ताओं को चाहिए कि वे खरीदारी से पहले उत्पाद की गुणवत्ता और वैधता की जांच करें, नकली और घटिया उत्पादों से बचने के लिए प्रमाणित ब्रांड्स को ही प्राथमिकता दें, अपनी शिकायतों को दर्ज कराने में सक्रिय रहें, जागरूकता फैलाने में योगदान दें।

# काम का अधिकार कम न हो, उलटे इसे बढ़ाया जाना चाहिए

**डॉ. अरुणा शर्मा**

मनरेगा का विचार 'राइट टु वर्क' से प्रेरित था। यूएन ने काम के अधिकार को बुनियादी मानवीय हक माना था। इसे मानवाधिकारों के सार्वभौमिक घोषणा-पत्र में भी सम्मिलित किया गया है। श्रम कानून और उचित मजदूरी भी बुनियादी सिद्धांत हैं। इस परिप्रेक्ष्य में मनरेगा में किए गए बदलावों को समझना जरूरी है। काम के अधिकार के तहत स्थानीय निकायों, विशेषकर पंचायतों, को जिम्मेदारी दी गई थी कि वे स्थानीय स्तर पर चिह्नित परियोजनाओं की सूची से काम उपलब्ध कराएं और उनका क्रियान्वयन करें। मनरेगा ने इसे संस्थागत रूप दिया था।

अनेक वर्षों के दौरान डिजिटलीकरण, जीपीएस टैगिंग और मजदूरी के सीधे बैंक खातों में भुगतान से इसमें पारदर्शिता और जवाबदेही मजबूत हुई। वहीं राज्यों ने मनरेगा को अन्य बुनियादी ढांचा योजनाओं के साथ जोड़ा, जिससे टिकाऊ परिसंपत्तियों का निर्माण हुआ। लेकिन नई योजना के तहत किए गए बदलाव इस मॉडल से हटने का संकेत देते हैं। चयनित क्षेत्रों और सीमित कार्यों को एक केंद्रीकृत ढांचे में सीमित कर देने से स्थानीय जरूरतों की पहचान कमजोर होगी। खेती के मौसम के दौरान वाले कार्यों को बंद करने से खेत-मजदूर की मोलभाव की क्षमता कमजोर होगी। जबकि पुरानी योजना के तहत मनरेगा ने कृषि मजदूरी को बेहतर बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई थी। नई व्यवस्था में चिंता का विषय केवल यही नहीं है कि राज्यों की हिस्सेदारी बढ़ाकर 40: कर दी गई है- जो पहले सामग्री की लागत का केवल 10: थी। चिंता का विषय यह भी है कि इससे राज्यों के संसाधनों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। जीएसटी के बाद कर-संग्रह मुख्यतया केंद्र के हाथ में चला गया है (ईंधन पर वैट और शराब पर उत्पाद शुल्क को छोड़कर)। सीमित संसाधनों वाले राज्य 40: हिस्सेदारी को वहन करने में असमर्थ रहेंगे, जिसका नतीजा मजदूरी के भुगतान में देरी या काम न मिलने के रूप में सामने आ सकता है। एक और समस्या उस शर्त से जुड़ी है, जिसमें कहा गया है कि काम 'फंड की उपलब्धता' के अनुसार दिया जाएगा। इसका अर्थ है कि काम पर सीमा तय कर दी गई है, जो 'काम के अधिकार' की मूल भावना के विपरीत है। अब काम तभी मिलेगा, जब पैसा होगा। नई व्यवस्था में जिन क्षेत्रों को कार्य के लिए चिह्नित किया गया है, वे भी श्रम की तुलना में अधिक सामग्री-आधारित हैं। उदाहरण के लिए जल परियोजनाओं में अधिकतम खर्च पाइप और टैंक निर्माण पर होता है, यही स्थिति टॉयलेट्स के निर्माण में भी है। इससे श्रम आधारित रोजगार सृजन की संभावनाएं सीमित हो जाती हैं। इसके विपरीत, पहले की व्यवस्था के तहत सड़क निर्माण में मिट्टी के काम, कृषि भूमि में कार्य, कुओं का निर्माण जैसे श्रम-प्रधान कार्य संभव हो पाते थे, जिससे अधिक रोजगार सृजित होते थे। जरूरत इस बात की है कि नई योजना के स्ट्रक्चर को दुरुस्त किया जाए और कार्यों की उपलब्धता पूरे साल सुनिश्चित की जाए। 'काम के अधिकार' की मूल भावना यह है कि परियोजनाओं की उपलब्ध सूची से, निर्धारित न्यूनतम मजदूरी पर, मांग के अनुसार रोजगार उपलब्ध कराया जाए और परिसंपत्तियों का निर्माण भी हो। निस्संदेह, इस व्यवस्था में समय-समय पर सुधार की आवश्यकता रही है और आगे भी रहेगी, विशेष रूप से समय पर धन का प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए। कार्य क्षेत्रों को सीमित करने की अवधारणा केवल पिछड़े और आदिवासी जिलों तक ही उचित हो सकती है। लेकिन निर्णय लेने का अधिकार विकेंद्रीकृत होना चाहिए। कई बार आपदा की स्थिति में बड़े पैमाने पर काम लेना अनिवार्य हो जाता है- जैसा कि महामारी के दौरान हुआ था। तब प्रवासी मजदूरों के लिए मनरेगा जीवनरेखा साबित हुई थी। मनरेगा पहली ऐसी योजना थी, जिसने मजबूत घरेलू डेटा आधार पर डीबीटी को लागू किया और वित्तीय-समावेश की दिशा में महत्वपूर्ण शुरुआत की। शून्य-बैलेंस खाते खोले गए, जो बाद में बचत खातों में बदले और जमा तथा अन्य बचत लाभों को प्रोत्साहित किया। मनरेगा किसी भी तरह के खाद्यान्न वितरण की तुलना में कहीं अधिक समावेशी योजना साबित हुई थी और मजदूरी के माध्यम से भुगतान ने लाभार्थियों की गरिमा भी बनाए रखी थी।



# राशिफल

**मेषः-** कोई छोटी बात भी परिवार कें तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता नये उत्साह का संचार करेगी। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी।

**बृषभः-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व बुद्धिजीवियो से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

**मिथुनः-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुन्दर छबि बनावें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओ की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्कः-** भविष्य के प्रति मन में चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का ठीक डंग से निर्वहन् करें।

**सिंहः-** पारिवारिक दायित्वों की चिंता उत्पन्न होगी। स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति ध्यान देवें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः-** छोटी-छोटी पारिवारिक बातों को बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन सगे-संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा।

**तुलाः-** वक्त के साथ समझौता कर चलने की चेष्ठा करें। अपने कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझे और अपने को उसी दिशा की ओर केंद्रित करें।

**वृश्चिकः-** जीवन में सही लक्ष्य व सुदृढ़ता को सुनिश्चित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंधी से बिशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**धनुः-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकरः-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिला-जुला संजोग का भरपूर लाभ उठाऐंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**कुंभः-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मीनः-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुष्टि पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।

# भूमि की बिगड़ती सेहत और किसान

**भारत के लिए यह समस्या इसलिए विकराल है क्योंकि दुनिया की 18 प्रतिशत जनसंख्या भारत में बसती है, जबकि दुनिया की कुल भूमि का भारत के पास महज 2.4 प्रतिशत भू-भाग ही है। साफ है, उपजाऊ जमीन का बंजर भूमि में बदलना चिंता का विषय है। संयुक्त राष्ट्र की जलवायु परिवर्तन संबंधी अंतर-सरकारी समिति द्वारा अगस्त-2019 में जारी एक अध्ययन रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में 23 प्रतिशत कृषि योग्य भूमि का क्षरण हो चुका है। भारत में यह आंकड़ा 30 प्रतिशत भूमि के क्षरण का है। इसे देखते हुए निकट भविष्य में भूमि में व्यापक सुधार नहीं हुए तो यह समस्या एक प्राकृतिक आपदा में बदलती चली जाएगी। यह विडंबना है कि भारत में रोटी और रोजगार का सबसे बड़ा संसाधन बनी भूमि की गुणवत्ता अथवा उसकी बिगड़ती सेहत को जांचने का अब तक कोई राष्ट्रव्यापी पैमाना नहीं है।**

**प्रमोद भार्गव**

दुनिया के अनेक देशों की तरह भारत भी वन क्षरण, अत्यधिक कृषि गतिविधियों से भूमि की नमी घटने और उसकी उर्वरता कम होने की समस्या से जूझ रहा है। इन कारणों के चलते भारत की 30 प्रतिशत से भी ज्यादा भूमि की सेहत बिगड़ गई है। शहरीकरण और औद्योगिक विकास से कृषि भूमि नष्ट हो रही है। वहीं उद्योग, बिजली और सिंचाई व पेयजल के लिए बड़े बांधों के अस्तित्व में आ जाने के कारण दलदली भूमि भी बढ़ रही है। यह समस्या मध्य-प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र और पंजाब में सर्वाधिक होने के साथ, इन्हीं राज्यों के क्षेत्रफल के बराबर है।

इससे 72000 करोड़ रुपए का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। क्षरण और भूमि के मरुस्थलीकरण से हमारे सकल घरेलू उत्पाद में 2.5 प्रतिशत और फसल की पैदावार में भी कमी आई है। इधर खेतों में रासायनिक उर्वरक, कीटनाशक और जीएम फसलों की पैदावार ने भी खेतों की सेहत बिगाड़ने का काम बड़ी मात्रा में किया है। नतीजतन जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभाव भी गहरा गए हैं। वैश्विक स्तर पर भूमि क्षरण की समस्या के समाधान के लिए 450 अरब डॉलर का वार्षिक खर्च आएगा। यदि इसमें सुधार जल्दी नहीं किया गया तो विश्व में 3.2 अरब लोगों का जीवन संकटग्रस्त हो सकता है। भारत के लिए यह समस्या इसलिए विकराल है क्योंकि दुनिया की 18 प्रतिशत जनसंख्या भारत में बसती है, जबकि दुनिया की कुल भूमि का भारत के पास महज 2.4 प्रतिशत भू-भाग ही है। साफ है, उपजाऊ जमीन का बंजर भूमि में बदलना चिंता का विषय है। संयुक्त राष्ट्र की जलवायु परिवर्तन संबंधी अंतर-सरकारी समिति द्वारा अगस्त-2019 में जारी एक अध्ययन रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में 23 प्रतिशत कृषि योग्य भूमि का क्षरण हो चुका है। भारत में यह आंकड़ा 30 प्रतिशत भूमि के क्षरण का है। इसे देखते हुए निकट भविष्य में भूमि में व्यापक सुधार नहीं हुए तो यह समस्या एक प्राकृतिक आपदा में बदलती चली जाएगी। यह विडंबना है कि भारत में रोटी और रोजगार का सबसे बड़ा संसाधन बनी भूमि की गुणवत्ता अथवा उसकी बिगड़ती सेहत को जांचने का अब तक कोई राष्ट्रव्यापी पैमाना नहीं है। जबकि देश की कुल आबादी में से सत्तर प्रतिशत आबादी कृषि और प्राकृतिक संपदा से रोजी-रोटी जुटाती है। भूमि की उर्वरता और क्षरण को लेकर टुकड़ों में तो आकलन आते रहते हैं, लेकिन इस स्थिति की वास्तविक हालत का खुलासा करने वाला कोई एक मानचित्र नहीं है। हालांकि अशासकीय स्तर पर इस मांग की आपूर्ति अहमदाबाद की संस्था 'स्पेस एप्लिकेशन सेंटर' ने सत्रह अन्य इसी काम से जुड़ी एजेंसियों के साथ मिलकर की है। जमीन की सेहत से जुड़ा यह शोध बताता है कि आधुनिक व औद्योगिक विकास, जल व वायु प्रदूषण और कृषि भूमि में खाद व कीटनाशकों के बढ़ते चलन ने किस तरह से उपयोगी भूमि को रेगिस्तान में तब्दील करने का सिलसिला जारी रखा हुआ है। 'स्पेस एप्लिकेशन सेंटर' द्वारा किए शोध के मुताबिक राजस्थान का 21.77 प्रतिशत, जम्मू, कश्मीर एवं लद्दाख का 12.79 और गुजरात में 12.72 प्रतिशत क्षेत्र रेगिस्तान में बदल चुका है।

मध्यप्रदेश में चंबल के बीहड़ पिछले 60 साल में 45 प्रतिशत बढ़े हैं। महाराष्ट्र में विदर्भ और उत्तर-प्रदेश व मध्यप्रदेश में बुंदेलखण्ड क्षेत्र की कृषि का अनावृष्टि के कारण तेजी से क्षरण हो रहा है। वहीं भू-जल के बेतहाशा दोहन और अल्पवर्षा के चलते खेतों में दस सेंटीमीटर नीचे एक ऐसी कठोर परत बनती जा रही है, जो कालांतर में फसल की उत्पादन क्षमता को प्रभावित करेगी। रेगिस्तान के विस्तार की तह में अतिवृष्टि और अनावृष्टि का चक्र तो है ही 1999 के बाद से मानसून की दगाबाजी ने उपजाऊ भूमि को बंजर भूमि में बदल देने का काम किया है। इन्हीं वजहों से देश के पश्चिमी और उत्तरी क्षेत्र भूमिक्षरण के प्रभाव में आए जंगलों का विनाश, चरनोई की भूमि को कृषि व आवासीय भूमि में तब्दील करना और एक तरह की फसल पैदा करने के बढ़ते चलन से भूमि की सेहत बिगड़ी है। कुछ ऐसी ही वजहों के चलते बर्फीली वादियों से लेकर घने वनों वाले क्षेत्र भी फैलते रेगिस्तान की गिरफ्त में आ गए हैं। जिस हरित क्रांति के बूते पंजाब को देश में अनाज के अटूट भंडार का दर्जा हासिल हुआ था, वही पंजाब आज रासायनिक खादों का बेतहाशा उपयोग करने के कारण बड़े क्षेत्र में अपनी कृषि भूमि बर्बाद कर चुका है। देश के कुल कृषि क्षेत्र का 1.5 प्रतिशत भाग पंजाब के हिस्से में है। जबकि देश में कीटनाशकों की कुल खपत का 18 फीसदी उपयोग पंजाब के किसान करते हैं। इसी तरह पंजाब के मालवा क्षेत्र का कपास क्षेत्र पूरे पंजाब का केवल 15 फीसदी है, जबकि यहां पंजाब के कुल कीटनाशकों की खपत 70 फीसदी है। पंजाब के मालवा का क्षेत्र देश के कुल भू-भाग का मात्र 0.5 भाग है, जबकि यहां देश में कुल खपत होने वाले कीटनाशकों की 10 फीसदी खपत होती है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**अजनर/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अवैध शस्त्र व कारतूस की बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम तथा ऐसे अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गौंड के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष अजनर सुभाषचन्द्र द्वारा गठित की गयी टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर बंगला पहाड़िया मोड के पास ग्राम कैथोरा थाना अजनर से अभियुक्त बहादुर यादव पुत्र अमर सिंह उम्र करीब 58 वर्ष निवासी ग्राम कैथोरा के कब्जे से एक तमंचा देशी 315 बोर व एक कारतूस 315 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना अजनर पर मुकदमा धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के उपरान्त न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### पुलिस टीम की तत्परता से सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से बरामद किया गया खोया मोबाइल




**अजनर/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गोंड के पर्यवेक्षण में साइबर शिकायतों के निस्तारण अभियान के अंतर्गत महोबा पुलिस द्वारा एक सराहनीय कार्य किया गया। सीईआईआर पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के निस्तारण के क्रम में आवेदक कालीचरन पुत्र बालादीन, निवासी ग्राम टिकरिया थाना अजनर का एक खोया हुआ मोबाइल फोन, थानाध्यक्ष सुभाषचन्द्र के नेतृत्व में थाना अजनर पुलिस टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर सफलतापूर्वक बरामद किया गया तथा विधिक कार्यवाही उपरान्त आवेदक को सुपुर्द किया गया। सीईआईआर पोर्टल भारत सरकार द्वारा संचालित एक महत्वपूर्ण तकनीकी प्लेटफॉर्म है, जिसके माध्यम से खोए/चोरी हुए मोबाइल फोनों को ब्लॉक कर ट्रेस किया जा सकता है। इस पोर्टल का प्रभावी उपयोग करते हुए महोबा पुलिस द्वारा आमजन को त्वरित राहत प्रदान की जा रही है, जो जनसेवा के प्रति पुलिस की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### रोडवेज परिसर में किया गया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**महोबा।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा मुख्यालय स्थित रोडवेज परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उक्त स्वास्थ्य शिविर का जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सुरेश कुमार द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। शिविर में उपस्थित डॉक्टरों ने रोडवेज बसों के चालक और परिचालकों सहित कार्यशाला में कार्यरत कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराईं। इस दौरान बड़ी संख्या में रोडवेज कर्मी मौजूद रहे।

### कस्बे में खुलेआम हो रहा यातायात नियमों का उल्लंघन



**मौदहा, हमीरपुर।** बिना हेलमेट बाईकर्स का चालान काटने वाली पुलिस और यातायात विभाग को नियमों का उल्लंघन नजर नहीं आता है और हादसे के बाद जागरूकता अभियान शुरू हो जाते हैं। मंगलवार को एक सोशल मीडिया में एक वीडियो जमकर वायरल हुआ जिसमे एक बाईकर्स बाईक में अपने अलावा चार बच्चों को बैठा कर लिए जा रहा है। यहां सबसे रोचक बात यह है कि इतनी भीषण सर्दी में बाइकर्स तो मफलर बांधे हुए है लेकिन चारों बच्चों के सिर में कुछ नहीं बंधा जिससे बच्चों को सर्दी लगने की संभावना भी बढ जाती है। वायरल वीडियो कस्बे के सरकारी अस्पताल के पास का बताया जा रहा है हालांकि समाचार पत्र वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है।


### उपजिलाधिकारी ने किया कंबल वितरण

**मौदहा, हमीरपुर।** क्षेत्र में पड रही भीषण सर्दी और कोहरे के चलते उपजिलाधिकारी और तहसीलदार ने तहसील प्रांगण में कम्बल वितरण किया। इस समय क्षेत्र भीषण शीतलहर और कोहरे की चपेट में आ गया है। जिसके चलते राजस्व विभाग द्वारा आमजन को सर्दी से बचाने की कोशिश शुरू हो गई है। उसी सिलसिले में मंगलवार की शाम तहसील प्रांगण में उपजिलाधिकारी कर्णवीर सिंह और तहसीलदार शिखर मिश्रा ने गरीबों को कम्बल वितरण किए बताते चलें कि दो दिन पहले भी उपजिलाधिकारी और तहसीलदार सहित राजस्व विभाग के जिम्मेदारों ने कस्बे की मुख्य सडकों में रात में कम्बल वितरण किए थे। इस दौरान नायब तहसीलदार महेंद्र गुप्ता, कानून गो मौदहा, लेखपाल अवनीश,डा.रविकांत पाठक गौथन वर्ग विश्वविद्यालय स्वीडन सहित अन्य जिम्मेदार मौजूद रहे। इस दौरान उपजिलाधिकारी ने बताया कि लोगों को ठण्ड से बचाना हमारी पहली प्राथमिकता है इसलिए हम और राजस्व विभाग के जिम्मेदार रात में भी क्षेत्र में दौरा कर अलाव आदि की व्यवस्था देख रहे हैं और कम्बल बांट रहे हैं।

### ई रिक्शा से टकराई बाइक चार घायल, एक कानपुर रेफर

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे से खाद लादकर जा रहे ई-रिक्शा में देवगांव के समीप तेज रफ्तार बाइक के टकराने से बाइक सवार सहित ई रिक्शा में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को एंबुलेंस से सदर अस्पताल पहुंचाया गया। बाइक सवार एक युवक की हालत नाजुक बताई जा रही है। मंगलवार को अपराह्न करीब 3ः00 बजे देवगांव निवासी अंकित पाल (24) सदर कोतवाली क्षेत्र के मेरापुर निवासी अपनी मौसी के पुत्र चंदन पाल (26) के साथ बाइक से बिना हेलमेट लगाए किसी कार्य के लिए सुमेरपुर की ओर आ रहे थे। कस्बे से खाद लाद कर जा रहे ई रिक्शा में इनकी तेज रफ्तार बाइक देवगांव के समीप आमने-सामने टकरा गई। इस घटना में बाइक सवार अंकित पाल एवं चंदन पाल गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि ई रिक्शा में सवार देवगांव निवासी शांति देवी व चालक दिनेश भी घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से सदर अस्पताल पहुंचाया। चंदन पाल की हालत नाजुक होने पर उसे तत्काल कानपुर रेफर किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उसके चेहरे पर गंभीर चोटें लगी है। उसकी एक आंख बाहर निकल आई है। अन्य घायलों का उपचार सदर अस्पताल में चल रहा है।

### भाजपा जिलाध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत



**कुरारा, हमीरपुर।** कस्बा व ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से मिलकर हाल चाल जाना। वही कस्बे में प्रथम आगमन पर बेरी तिराहा में कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। मंगलवार को भाजपा के जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद अपने दलबल के साथ कस्बा में प्रथम आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बेरी तिराहा में रोककर जेसीबी में चढ़कर पुष्प वर्षा करते हुए उनका जोरदार स्वागत किया और भारत माता की जयकारे लगाए। इसके बाद खंड विकास कार्यालय परिसर में ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल से मुलाक़ात की। पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रज किशोर गुप्ता से उनके आवास पर गहन चर्चा की और मंडल अध्यक्ष मोहन कुशवाहा से मिलकर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने की बात कही। वहां से उनका काफिला शिवनी गांव वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता हरनारायण सिंह से मुलाकात की। इसके बाद बिलौटा गांव के एक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए निकल गई। स्वागत समारोह में रमेश शिवहरे, अनिल प्रधान बेरी, विराट सोनकर, प्रवीण कुमार आदि मौजूद रहे।

### किसान सम्मान दिवस का किया गया आयोजन

**मौदहा, हमीरपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व.चौधरी चरण सिंह की जयंती पर कस्बे के राजकीय बीज भंडार में किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें राजकीय कृषि बीज भंडार प्रभारी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में ब्लॉक के पांच उन्नतशील किसानों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व नगर पालिका सभासद छोटेलाल प्रजापति ने प्रगतिशील किसानों को अंग वस्त्र और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित किसानों में महेश प्रकाश, माहेश्वरी दीन, लालजी मौदहा, देवेंद्र कुमार पाल और महिला कृषक नीतू मौदहा शामिल रहे। कार्यक्रम में उपस्थित हबीब खान ने विभिन्न तकनीकियों की जानकारी किसानों को दी। कार्यक्रम में उपस्थित किसान यूनियन के नेता राजू प्रसाद कुशवाहा ने बुंदेलखंड में किसनों की समस्या व उसके निदान के लिए सुझाव दिए।

---

**किसान सम्मान दिवस**

# कृषि मेला/कृषि प्रदर्शनी एवं रबी तिलहन मेले का आयोजन

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

कृषि विभाग द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत सरकार स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर आत्मा योजना एवं एनएमईओ, ओएस, योजनान्तर्गत आयोजित कृषि मेला/कृषि प्रदर्शनी एवं रबी तिलहन मेला में किसान सम्मान दिवस का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ संतोष चौरसिया अध्यक्ष नगर पालिका महोबा, गज़ल भारद्वाज जिलाधिकारी, बलराम कुमार मुख्य विकास अधिकारी, शिव कुमार गोस्वामी वरिष्ठ समाज सेवी एवं रामजी गुप्ता उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी व्यापार मण्डल महोबा द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया।

राम सजीवन उप कृषि निदेशक महोबा द्वारा कार्यकम में विभागीय योजनाओं की प्रगति प्रेषित करते हुए संचालित योजनाओं की जानकारी दी। जिलाधिकारी द्वारा कार्यक्रम में जनपद में विभिन्न फसलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अधिक उत्पादन लेने वाले कृषकों को प्रसस्ति पत्र एवं अंग वस्त्र देकर कृषकों को सम्मानित किया गया। जितेन्द्र कुमार शुक्ला प्रभारी जनपदीय परीक्षण प्रयोगशाला महोबा ने कृषकों को



मृदा परीक्षण की जानकारी उपलब्ध करायी गयी। डॉ हरी प्रकाश नामदेव द्वारा विभाग में संचालित सोलर पम्प योजना और अन्य योजनाओं की जानकारी दी गयी। बृम्हा कुमारी बहिन सुधा जी द्वारा कृषकों को शास्वत योगिक खेती की जानाकरी दी गयी। कृषक बालेन्द्र कुमार द्वारा किसानों को गौ-आधारित प्राकृतिक खेती योजना की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में रूद्धप्रताप मिश्रा, सलाहकार ग्रामोन्नति संस्थान द्वारा जैविक खेती की जानकारी दी गयी। डॉ रामसेवक चौरसिया, एनबीआरआई लखनऊ को पान की खेती की जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी द्वारा मेला प्रांगण में विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का भ्रमण किया गया। साथ ही उनकी तारीफ करते हुए जनपद में ताजे फलों के लिए एक आउटलेट स्थान चिन्हित करने के लिए कहा गया और प्रगतिशील एफपीओ के माध्यम से जनपद में कोल्ड स्टोरेज की स्थापना के लिए कहा गया। अन्त में दुर्गेश कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी, महोबा द्वारा सोलर फेन्सिंग, फार्मर रजिस्ट्री एवं जनपद में उर्वरकों की उपलब्धता की जानकारी देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में समस्त जनपदीय अधिकारी एवं जनपद के सैकड़ों की संख्या में कृषक मौजूद रहे।

## शिविर लगाकर बकायेदारों को दिया योजना का लाभ



**कुलपहाड़/महोबा।** नगर पंचायत कुलपहाड़ में विद्युत विभाग द्वारा बकायदारों को राहत योजना के तहत शिविर का आयोजन किया गया, इस शिविर में उपखंड अधिकारी कुलपहाड़ प्रदीप कुमार,अवर अभियंता गोपाल सिंह पटेल की मौजूदगी में 3 लाख 50 हजार रुपया बकायदार विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा जमा किए गए। इसके साथ ही 20 ओ टी एस की गई। विभागीय अधिकारियों का कहना है जो भी बकायेदार उपभोक्ता है वह योजना का लाभ पाने के लिए अपना पंजीकरण कराकर लाभ ले सकते हैं और बकाया जमा नहीं करने वालों के संयोजन विच्छेदन की कार्यवाही अमल में लायी जायगी। इस शिविर में गजराज टी जी टू, शिवम मिश्रा बाबू ,सुरेंद्र पस्तोर विद्युत सखी, लाइनमैन सत्यवीर यादव,श्यामलाल ,लोकेश, रोहित नृपत, रामलाल आदि ने अपना भरपूर सहयोग प्रदान किया।

## मुआवजा के लिए ट्रक के नीचे आकर मरने की सलाह देकर घिरे लेखपाल

**चरखारी/महोबा, समृद्धि न्यूज।**

> आरोपों को बेबुनियाद बता लेखपाल ने वायरल ऑडियो में अपनी आवाज न होने की कही बात

मुआवजे के लिए बार-बार फोन करने और मकान जलने पर अधिक मुआवजा दिलाए जाने की मांग पर चरखारी तहसील के लेखपाल की एक हास्यापद सलाह विवाद और चर्चा का विषय बन गई है। हालांकि लेखपाल वायरल ऑडियो में उक्त आवाज अपनी न कह आरोपों को बेबुनियाद बता रहे हैं। आपका अपना अख़बार भी वायरल ऑडियो की पुष्टि नहीं कर रहा है। बताते चलें कि चरखारी तहसील क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम चंदौली में एक किसान के मकान में आग लग गयी थी जिसकी रिपोर्ट लेखपाल द्वारा तैयार करते हुए उच्चाधिकारियों को सौंपी गई थी लेकिन मुआवजा न मिलने पर पीड़ित किसान राघवेन्द्र द्वारा किसी तरह से लेखपाल को घेरने का प्रयास किया गया आरोप है कि साजिशन लेखपाल रामकुमार से फोन पर बात की जिसकी रिकार्डिंग भी किसान द्वारा की गयी। वायरल की गई रिकार्डिंग में लेखपाल ने मकान जलने पर अधिकतम 4 हजार रूपया अनुदान मिलने की बात कही लेकिन जब किसान बार बार अधिक अनुदान की मांग करता रहा तो आजिज लेखपाल ने अधिक अनुदान के लिए सलाह दी कि अपनी मोटरसाईकिल को किसी ट्रक से टकरा दो तो तुम्हें 5 लाख रूपया मिल जाएगा। हालांकि लेखपाल ने आरोपों को बेबुनियाद बता पल्ला झाड़ने की कोशिश की है। आपका अपना अख़बार समृद्धि न्यूज भी उक्त वायरल ऑडियो की पुष्टि नहीं कर रहा है। लेखपाल को फंसाने के लिए हुए फोन रिकार्डिंग में भले ही किसान लेखपाल को न फांस पाया हो लेकिन अब किसान ने लेखपाल की सलाह की रिकार्डिंग ही वायरल कर दी है जो कि चर्चा का विषय बन गयी है और लोग चटखारे के साथ वायरल वीडियो को खुद भी वायरल कर रहे हैं।

### विवाहिता ने चार ससुरालियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का कराया मामला दर्ज

**कुरारा, हमीरपुर।** थानाक्षेत्र के बरुआ गांव की एक विवाहिता महिला ने पति सहित 4 ससुरालजनों के खिलाफ दहेज़ उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई है। क्षेत्र के बरुआ गांव निवासी नम्रता पुत्री रामशरण ने थाने में दी तहरीर मे बताया कि मेरी शादी कानपुर नगर के पनकी थाना क्षेत्र गणेश नगर के रहने वाले सचिन पुत्र जगदीश के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ करीब 3 वर्ष पूर्व हुई थी। शादी के कुछ दिनों बाद अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर ससुरालीजन आए दिन प्रताड़ित करने लगे। दहेज की मांग पूरी न करने पर पति सचिन, ससुर जगदीश, सास सुमन, ननंद निशा आए दिन मानसिक उत्पीड़न करने लगे और मारपीट करने लगी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति, सास, ससुर, ननंद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जाँच शुरू कर दी है।

## हाड़कंपाऊ ठंड से आम जनजीवन के साथ पशु-पक्षी भी बेहाल

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

कोहरे और बर्फीली हवा से आम जनजीवन ही नहीं, पशु-पक्षी भी बेहाल हैं। हाड़कंपाऊ ठंड के चलते आम जनजीवन प्रभावित है। गलन और कोहरे के चलते लोग जरूरी काम से ही बाहर निकलते दिखाई दिए।घने कोहरे के चलते वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लग गया है, यहीं वजह है कि सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए।

सोमवार की रात 09 बजे से ही कोहरे की चादर छा गई। सुबह घना कोहरा होने के चलते 20 मीटर का साफ नजर नहीं आया। कानपुर-सागर और कालपी स्टेट हाइवे सहित राठ-हमीरपुर मार्ग पर वाहन चालक लाइट जलाकर 20 से 25 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चलते नजर आए। कुछ



वाहन चालक हाईवे किनारे वाहन खड़ा कर कोहरा छंटने का इंतजार करते रहे। ठंड अधिक होने के चलते अधिकांश लोग घरों में ही दुबके रहें।मुख्यालय के अधिकांश सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलने से लोग हाथ पाँव सेकते दिखाई दिए।वहीं बस स्टेण्ड और जिला अस्पताल के पास लगी चाय की टपरियों में लोग चाय की चुस्की लेते नजर आए। इस भीषण ठंड में इंसान के साथ साथ बेजुबान पशु-पक्षी भी बेहाल है।ठंड से बचाव के लिए लोग हीटर और गर्म कपड़े खरीद रहें है।

### ठंड के चलते बीएसए ने 26 दिसम्बर तक अवकाश किया घोषित

**हमीरपुर।** शीतलहर एवं अत्यधिक कोहरे के दृष्टिगत नौनिहाल छात्र-छात्राओं की सुरक्षा व स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये जिलाधिकारी घनश्याम मीना के निर्देशानुसार बीएसए अलोक सिंह ने जिले में संचालित कक्षा-नर्सरी से कक्षा-8 तक के समस्त परिषदीय / सहायता प्राप्त / मान्यता प्राप्त / सीबीएससी/आईसीएसई बोर्ड के विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों का 24 दिसम्बर से 26 दिसम्बर तक का अवकाश घोषित किया है। इस दौरान विद्यालयों में कार्यरत समस्त शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी जिन तिथियों में पूर्व से विद्यालय खुले हैं में उपस्थित रह कर विभागीय व प्रशासनिक कार्यों का निस्तारण करेंगे।

## स्वास्थ्य शिविर में रोडवेज कर्मियों के लिए सैम्पल



**हमीरपुर।** राष्ट्रीय एड्स नियन्त्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत मंगलवार को मुख्यालय के रोडवेज परिसर में जिला एड्स नियन्त्रण सोसाइटी के नोडल अधिकारी डा. बीपी सिंह के नेतृत्व में चालक, परिचालक एवं सहयोगी स्टाफ के लिए स्वास्थ शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में लगभग 246 रोडवेज कर्मचारियों की टीवी व एचआईवी सहित आंखों की जांच हुई। शिविर में लोक-कला के माध्यम से जनमानस को जागरूक किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शिविर में आये हुये 246 रोडवेज कर्मचारियों की एचआईवी, टीबी, एसटीआई, सीफिलिस हेपेटाइटिस की स्क्रीनिंग करते हुये आवश्यक जॉच व औषधियाँ भी उपलब्ध करायी गई। शिविर में आई.सी.टी.सी. स्टाफ, एस.टी.एस.एवं अर्बन स्वास्थ्य केन्द्र हमीरपुर के चिकित्सा अधिकारी व कर्मचारियों के साथ-साथ सुमित्रा सामाजिक कल्याण संस्थान के कर्मचारी मौजूद रहें।

## सपा महिला सभा ने बिहार के मुख्यमंत्री को बर्खास्त करने की उठाई मांग

**हमीरपुर।** समाजवादी महिला सभा ने बिहार के मुख्यमंत्री सहित केंद्रीय मंत्री, प्रदेश सरकार के मंत्री के बयानबाजी करने पर पदों से बर्खास्त करके मुकदमा दर्ज कराने की मांग को लेकर मंगलवार को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर पैगाम हैदर को सौंपा है। सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष नीलम यादव के नेतृत्व में सपाइयों ने दिए ज्ञापन में कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री द्वारा महिला का नकाब हटाने की निंदा की है, साथ ही केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, प्रदेश सरकार के मंत्री संजय निषाद द्वारा महिला सम्मान के खिलाफ बयान बाजी करने पर सभी को पदों से बर्खास्त करके मुकदमा दर्ज करके जेल भेजे जाने की मांग



की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष इदरीश खान, नीलम यादव, महिला सभा की प्रदेश सचिव सोनिया सोनी, उर्मिला, सोमवती, सुमित्रा, युवजन सभा के जिलाध्यक्ष मानसिंह यादव, वर्षा नामदेव, रानी देवी, सुभद्रा, शमीमा खातून, गया प्रसाद अनुरागी, रण बहादुर यादव, ओपी सोनकर, जितेंद्र खंगार, अजय यादव, लाखन सिंह यादव आदि सपाई शामिल रहे।

## खेत में सिंचाई कर रहे किसान की बिगड़ी हालत, इलाज के दौरान मौत

> परिजन ने सिंचाई करने के दौरान ठंड लगने से मौत होने की बात कही

**राठ, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के मवई गाँव में स्थित खेत में गेंहू की फसल की सिंचाई कर रहे एक किसान की संदिग्ध परिस्थितियों के चलते हालत बिगड़ने से मौत हो गई है। घटना की जानकारी लगते ही मृतक किसान के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा आज मंगलवार को मृतक किसान के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है। वहीं जनपद में ठंड लगने से मौत होने का पहला मामला सामने आया है। राठ



क्षेत्र के मवई गांव के निवासी किसान केशव नारायण (85) पुत्र ख्याली राम राजपूत जो कि बीपी सोमवार की रात करीब 7ः30 बजे अपने खेतों में गेहूं की फसल की सिंचाई कर रहे थे तभी सिंचाई करने के दौरान अचानक उनकी हालत बिगड़ गई। इसके बाद परिजन आनन फानन में उन्हें राठ के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लेकर पहुंचे जहाँ चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के छोटे भाई, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष व पूर्व ग्राम प्रधान प्रेमनारायण ने बताया कि उनके बड़े भाई खेतों में गेहूं की फसल की सिंचाई कर रहे थे तभी सर्दी लगने से अचानक उनकी हालत बिगड़ने से मौत हो गई है। मृतक के केशव नारायण अपनी 70 बीघा कृषि भूमि में खेती और पशुपालन करते थे। मृतक अपने पीछे पत्नी सीतारानी व इकलौते पुत्र राम जीवन के अलावा अन्य सभी परिजनों को रोता बिलखता हुआ छोड़ गए हैं। मामले में कोतवाली के प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि मृतक व्यक्ति के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है तथा मामले में आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी।

### चौ. चरण सिंह का जन्म दिवस किसान सम्मान दिवस

**मुस्करा, हमीरपुर।** विकासखंड मुस्करा के सभागार में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का जन्म दिवस 23 दिसंबर को किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मुस्करा वीर नारायण राजपूत ने माल्यार्पण किया उपस्थित अन्य अतिथियों व किसानों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। गोष्ठी का संचालन करते हुए पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के राष्ट्रीय महासचिव हर स्वरूप व्यास ने बताया की चौधरी चरण सिंह किसानों के हितैषी तथा दृढ़ स्वभाव के व्यक्ति थे उन्होंने भेष बदलकर एक थाने में पीड़ित किसान बनकर रिश्वत देकर रिपोर्ट तक लिखाई थी उन्होंने ऐसा इसलिए किया ताकि वह हकीकत को जान सके बाद में उन्होंने कड़ी कार्यवाहियां भी की थी चौधरी चरण सिंह ने प्रदेश में वर्ष 1954 में भूमि संरक्षण कानून बनाया था। लेखपालों का पद भी सृजन किया था। चौधरी चरण सिंह 28 जुलाई 1979 से 14 जनवरी 1980 तक प्रधानमंत्री पद पर रहे। पशु चिकित्सा अधिकारी मुस्करा डॉक्टर धर्मपाल सिंह राजपूत ने भी चौधरी चरण सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए पशुपालन विभाग एवं कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने इस अवसर पर पशुओं में फैल रहे खुरपका रोग गला घोटू रोग आदि बीमारियों पर भी प्रकाश डाला। विद्याभूषण सिंह सहायक तकनीकी प्रबंधक कृषि व कुबेर सिंह राजपूत ने श्री चरण सिंह को किसानों का मसीहा बताया एवं विभिन्न जानकारी दी। मंच पर ग्राम प्रधान बिहुनी खुर्द प्रतिनिधि भूप सिंह राजपूत दिग्विजय पाठक जगत राज सिंह राजपूत अभिषेक मुखिया प्रेम सिंह यादव आदि जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान कृषि एवं अन्य कार्यों में विशिष्ट कार्य करने पर कृषि विभाग की तरफ से रानी बिवार, कल्पना इमलिया, रमन सिंह यादव इमलिया, बाबूलाल मुस्करा व करण सिंह एझी को प्रमाण पत्र एवं शॉल भेटकर सम्मानित किया गया।

## पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर किसान सम्मान व मेले का आयोजन

> कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जनपद के 34 किसानों को शॉल व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व.चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर जनपद स्तरीय किसान सम्मान दिवस एवं किसान मेला/ प्रदर्शनी/ गोष्ठी, फल/ शाक भाजी-शो का आयोजन राजकीय महिला महाविद्यालय में किया गया। इस मौके पर कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को पुरस्कृत किया गया। वहीं मुख्य अतिथि व अन्य ने



मेला एवं प्रदर्शनी में लगे स्टालों का निरीक्षण किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद (राज्य सभा) बाबूराम निषाद ने कृषकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसानों के मसीहा स्व.चौधरी चरण सिंह ने जमीदारी उन्मूलन, बिचौलियों से बचाने के लिए कृषि विपणन एक्ट के माध्यम से मंडी परिषदों का गठन आदि करते हुए कृषि के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने बताया कि वर्तमान केंद्र एवं राज्य सरकार किसानों के कल्याण में विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रही हैं। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने अपने संबोधन के दौरान बताया गया कि जनपद में सिंचाई के संसाधनों में वृद्धि होने से फसलों के आच्छादन में वृद्धि हुई साथ ही खेत तालाब बन जाने के कारण सिंचाई का क्षेत्र भी बढ़ा है। जनपद ने बागवानी के क्षेत्र में भी सफलता प्राप्त की है, विशेषकर मुस्करा विकासखंड के किसानों द्वारा मुसम्मी के उत्पादन में कीर्तिमान स्थापित करते हुए उसे निर्यात भी कर रहे है। कार्यक्रम को उप कृषि निदेशक डा.प्रमोद कुमार, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डा.प्रशान्त, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, अध्यक्ष मृदा परीक्षण प्रयोगशाला एवं अन्य विशेषज्ञों ने नई तकनीक से कृषकों को अवगत कराया। इस अवसर पर प्रत्येक विकासखंड में 5-5 कृषकों को शॉल, प्रशस्ति पत्र एवं 2000-2000 रुपये पुरस्कार के रूप में देकर सम्मानित किया। साथ ही जनपद में 17 प्रथम एवं 17 द्वितीय कुल 34 विभिन्न कृषकों को प्रथम, द्वितीय पुरस्कार के रूप में शॉल, प्रशस्ति पत्र के साथ कमशः 7000 रुपये एवं 5000 रुपये पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अंत में मुख्य अतिथि सहित अन्य अधिकारियों ने मेला एवं प्रदर्शनी में लगे स्टालों का निरीक्षण किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद, चेयरमैन कुलदीप निषाद सहित अन्य अधिकारी व भाजपा कार्यकर्ता तथा किसान मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डा.जीके द्विवेदी व धन्यवाद ज्ञापन जिला कृषि अधिकारी डा.हरिशंकर ने किया।

# न.प. सहित सभी नगर पंचायतों में हो डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन : डीएम

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



**जिलाधिकारी ने नगर विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश**

मंगलवार को लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मधुमिता सिंह सहित जिले के अन्य सम्बंधित अधिकारियों के साथ नगर विकास विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा की। समीक्षा बैठक में जनपद के सभी नगर निकायों की कार्यप्रगति, स्वच्छता व्यवस्था, अतिक्रमण नियंत्रण, राजस्व वसूली और विकास योजनाओं की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि नगर स्वच्छता समेत विभिन्न श्रेणियों में आने वाली रैंकिंग में जनपद की स्थिति बेहतर करने के लिए सभी निकाय गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों से अपेक्षा की कि स्वच्छता के प्रत्येक बिंदु पर समयबद्ध प्रगति दर्ज हो तथा किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक मार्गों, फुटपाथों और नालियों पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्ज़ा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अतिक्रमण की स्थिति मिलने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल विधिसम्मत कार्रवाई की जाए और जुर्माना वसूला जाए। साथ ही, नगर निकायों में अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने के लिए कड़े कदम उठाए जाने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने नगर निकायों में निर्माणाधीन कल्याण मंडपों की प्रगति पर विशेष जोर देते हुए कहा कि इसकी गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इन मंडपों का निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ाया जाए ताकि जनता को समय पर सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

तालाबों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के विषय में जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक निकाय अपने-अपने क्षेत्र में स्थित तालाबों पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने निर्देशित किया कि इन पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न होने पाए तथा तालाबों को सुंदर और आकर्षक बनाने की दिशा में कार्य किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि तालाबों को साफ-सुथरा और सुरक्षित रखकर इन्हें आमजन के लिए उपयोगी बनाया जाए। जिलाधिकारी ने नगर पालिका सहित सभी नगर पंचायतों में प्रतिदिन शतप्रतिशत डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन करने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में राजस्व वसूली की प्रगति पर भी चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि राजस्व की बकाया वसूली में लापरवाही करने वाले कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाए।

उन्होंने कहा कि सभी नगर निकाय अपने-अपने राजस्व लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें। समीक्षा बैठक में अमृत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना तथा शहरी आजीविका मिशन जैसी योजनाओं की प्रगति पर भी जानकारी ली। बैठक में नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी, इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारी तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**गौशालाओं का किया जाए नियमित निरीक्षण**

जिलाधिकारी ने कहा कि नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत के अंतर्गत आने वाली गौशालाओं का संबंधित अधिशासी अधिकारी और नामित नोडल अधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण करते रहें।

**प्रत्येक नगर निकाय में बनाया जाए एक विकसित पार्क**

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक नगर निकाय में एक विकसित पार्क बनाया जाए जिसे सभी संसाधनों से लैस करते हुए अन्य समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही समस्त पार्कों की साफ सफाई भी सुनिश्चित की जाए।

# बीडीओ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई टास्क फोर्स की बैठक



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

मंगलवार को विकास खंड कार्यालय मे ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक खंड विकास अधिकारी प्रियंका सिंह की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई बैठक मे ब्लॉक् स्तरीय समस्त विभागो के अधिकारी मौजूद रहे बैठक मे गलागोंटू, काली खासी, पोलियो, खसरा, टेटनेस आदि बीमारियों का टीकाकरण करके बच्चो एवं गर्भवती महिलाओ की सुरक्षा की जा सके टीकाकरण के प्रति उदासीन परिवारों का चिन्हीकरण करने सभी विभागों के सहयोग से उनका टीकाकरण करवाया जाये. इस अवसर पर अधीक्षक डॉ हरप्रीत, स्वास्थ शिक्षा अधिकारी राघवेन्द्र यादव,विश्व स्वास्थ्य संगठन के आदर्श अवस्थी, प्रदीप कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## घने कोहरे में कई वाहन टकराए तीन की मौत, 20 घायल

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर बीती रात करीब दो बजे घने कोहरे के कारण हुए भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौके पर मौत हो गई। बताया जा रहा है एक ने इलाज के दौरान दम तोड दिया, जबकि 20 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद प्रशासन और पुलिस पूरी तरह राहत और बचाव कार्य में जुट गये। हादसे में गंभीर रूप से घायल दो लोगों को ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है, जबकि अन्य घायलों का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। घायलों का हाल जानने के लिए सीएमओ अंशुमान सिंह ने अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की। वहीं पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह, एसडीएम मुसाफिरखाना अभिनव कन्नौजिया, सीओ अतुल सिंह, तहसीलदार राहुल सिंह, नायब तहसीलदार रामलखन वर्मा और कोतवाली प्रभारी विवेक कुमार सिंह भी मौके और अस्पताल पहुंचकर राहत कार्यों की निगरानी करते रहे।

# ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता आयोजित



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

**कार्यक्रम का सफल आयोजन बीईओ एवं संचालन शिक्षक नेता रामयश विक्रम ने किया**

विकासखंड त्रिवेदीगंज अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र दहिला में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत ब्लॉक स्तरीय विज्ञान विषय की क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह एवं विशिष्ट अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन पाठक ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुनील सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय आविष्कार अभियान (आरएए) का उद्देश्य बच्चों में जिज्ञासा और रचनात्मकता की भावना, विज्ञान और गणित के प्रति प्रेम और प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग को बढ़ावा देना है। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों छात्र-छात्राओं को मेडल स्टेशनरी कित विज्ञान की देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी रामनारायण सिंह यादव एवं संचालन शिक्षक नेता रामयश विक्रम द्वारा किया गया।

इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष शिवसागर सिंह भाजपा जिला प्रतिनिधि अतुल सिंह रावत देव बक्श सिंह अजय प्रताप सिंह हेमंत यादव विनय प्रताप सिंह सीमा पटेल प्रतिमा शुक्ला श्वेता विनय त्रिवेदी अमरजीत सिंह सहित शिक्षक शिक्षिकाएं एवं अभिभावकों की उपस्थिति रही।

# फर्जी दस्तावेजों के सहारे केसीसी बनवाकर लाखों की धोखाधड़ी

**बैंक ऑफ बड़ोदा के कर्मचारियों की मिलीभगत की आशंका**

**रामसनेहीघाट बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**





टिकैतनगर में एक किसान के नाम पर अवैध के के सी बनाकर खाते से फर्जी दस्तावेजों के जरिए लाखों रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है पीड़ित किसान ने उच्चाधिकारियों सहित। पुलिस को शिकायत पत्र देकर जांच और कार्यवाही की मांग की है। तहसील क्षेत्र के शुजागंज क्षेत्र के फगौली कुर्मियान स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा में किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) बनाकर किसान की जानकारी के बिना लगभग 2 लाख 95 हजार रुपये निकाल लिए गए। पीड़ित किसान ने इस संबंध में बैंक के उच्चाधिकारियों और पुलिस से शिकायत की है।

यह मामला बाराबंकी जनपद के थाना टिकैतनगर के प्रसावल गांव निवासी किसान गंगाराम पुत्र गरीबे से जुड़ा है। किसान गंगाराम का आरोप है कि उन्होंने कभी केसीसी के लिए आवेदन नहीं किया था, फिर भी बैंक ऑफ बड़ौदा की फगौली कुर्मियान शाखा में फर्जी कागजातों के आधार पर उनके नाम से केसीसी तैयार कर यह राशि निकाली गई। किसान को इस धोखाधड़ी का पता तब चला जब वह खतौनी लेकर खाद खरीदने गए थे। खाते की स्थिति जानने पर उन्हें धोखाधड़ी का आभास हुआ। बैंक पहुंचने पर पूरे मामले का खुलासा हुआ। पीड़ित किसान ने बैंक प्रबंधन को लिखित शिकायत दी है और पुलिस को भी प्रार्थना पत्र सौंपकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। गौरतलब तो यह है कि बैंक में के के सी बनवाने के लिए नाको चने चबाने पड़ते है घर खेत और तमाम कागज और अन्य औपचारिकता पूरी होने पर ही बन पाती है किंतु इस मामले में कैसे बनकर और खाते से लेनदेन भी हो गया यह एक बड़ा सवाल है इस मामले पर बैंक ऑफ बड़ौदा के डीआरएम अशोक कुमार ने बताया कि शिकायत प्राप्त हो गई है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि यदि जांच में बैंक कर्मियों या किसी अन्य की संलिप्तता पाई जाती है, तो उनके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

# घने कोहरे में ट्रक-डंपर भिड़े, ड्राइवर घायल

**चुरुवा-पश्चिम गांव बाईपास गांव के रैन गांव के पास हुआ हादसा, आधे घंटे जाम रहा मार्ग**



**बछरावां,रायबरेली समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार की सुबह लगभग 9:00 के करीब घने कोहरे के कारण चुरुवा- पश्चिम गांव बायपास मार्ग के रैन गांव के पास ट्रक व डंपर की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। ट्रकों के सड़क पर खड़े हो जाने से आधे घंटे तक मार्ग अवरुद्ध रहा। डंपर के चालक को गंभीर चोटे आ गई। प्राइवेट अस्पताल में उसका इलाज किया गया। चुरूवा -पश्चिम गांव बायपास मार्ग पर रैन गांव के निकट मंगलवार की सुबह झांसी जा रहे डंपर की घने कोहरे के कारण सामने आ रहे ट्रक से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। बीच सड़क में क्षतिग्रस्त खड़े दोनों वाहनों के कारण लगभग आधा घंटा तक आवागमन बाधित रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रकों को हटाकर आवागमन सामान्य कराया।

इस हादसे में डंपर के चालक जबरे आलम पुत्र मोहम्मद कमर निवासी सुल्तानपुर को गंभीर चोटें आ गई। इलाज के लिए उसे प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया है। इस बारे में थानाध्यक्ष राजीव सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# चाक-चौबंद हुई पटेल नगर की सफाई व्यवस्था



**बछरावां,रायबरेली समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय कस्बे से सटी बिशनपुर ग्राम सभा की आवासीय कॉलोनी पटेल नगर में ग्राम प्रधान अरुण नारायण चौधरी तथा ग्राम पंचायत अधिकारी सुशील कुमार यादव की सक्रियता के चलते सफाई व्यवस्था चुस्त दुरुस्त कर दी गई है। पटेल नगर वासियों का कहना है कि इस सफाई व्यवस्था को लेकर उन लोगों ने जो शिकायत दर्ज कराई थी, उसका निराकरण कर दिया गया है। साथ ही साथ पूरे पटेल नगर निवासियों को मुनादी कराकर यह चेतावनी दे दी गई है कोई भी व्यक्ति अपने घर का कूड़ा सड़क पर नहीं फेंकेगा, कालोनी की सफाई के बाद नगर पंचायत की गाड़ियां प्रत्येक दरवाजे पर पहुंचकर कूड़ा कलेक्शन करेंगे। ग्राम सभा की इस कार्य को लेकर पटेल नगर वासियों ने खुशी जाहिर करते हुए ग्राम पंचायत अधिकारी तथा ग्राम प्रधान के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# न.पं. में कूड़ा निस्तारण न होने से बढ़ा बीमारियों का खतरा

**रामसनेहीघाट बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



नगर पंचायत रामसनेहीघाट अंतर्गत कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था न होने से आस पास के निवासियों के साथ राहगीरों के लिए बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है फिर भी लोग इस तरफ ध्यान नही दे रहे है।

नगर पंचायत रामसनेहीघाट द्वारा कूड़ा करकट खुले में डालने से यह समस्या अत्यंत चिंताजनक स्थिति में पहुंच चुकी है। नगर क्षेत्र के वार्ड जेठबनी, बनी, पूरेऔसान, ठठरहा आबादी में सड़क किनारे खुले कूड़े के ढेर लगते जा रहे हैं, जिनसे उठती दुर्गंध और जहरीली गैसें आम जनजीवन के लिए भयावह खतरा बनती जा रही हैं। कूड़े के ढेरों में सड़ते कचरे से निकलने वाली जहरीली गैसें न केवल पर्यावरण को प्रदूषित कर रही हैं, बल्कि स्थानीय लोगों में सांस संबंधी रोग, त्वचा रोग, पेट की बीमारियां और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। फिर भी नगर पंचायत के साथ ही जिम्मेदार पूरी तरह से बेखबर बने हुए है यही समस्या जब विकराल रूप लेगी तो समस्याओं पर विराम लगेगा किन्तु तब तक देर हो चुकी होगी। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कूड़ा निस्तारण की समुचित व्यवस्था नहीं की जा रही है। न तो कचरे का वैज्ञानिक ढंग से निस्तारण हो रहा है और न ही नियमित सफाई पर पर्याप्त ध्यान दिया जा रहा है। इससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष रूप से प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। जनहित की दृष्टि से यह आवश्यक है कि नगर पंचायत प्रशासन तत्काल प्रभाव से कूड़ा निस्तारण की स्थायी और वैज्ञानिक व्यवस्था सुनिश्चित करे, नियमित सफाई कराए तथा खुले में कचरा डालने पर रोक लगाए। अन्यथा आने वाले समय में यह समस्या एक बड़ी स्वास्थ्य आपदा का रूप ले सकती है।

## पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की मनाई गई 123वीं जयंती

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** भारत के पूर्व प्रधान मंत्री श्रद्धेय चौधरी चरण सिंह की 123वी जयंती राष्ट्रीय लोक दल अमेठी के जिलाध्यक्ष सज्जन पाठक की अध्यक्षता में उनके निज निवास मटेरा भनियापुर में पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारियों के साथ श्रद्धेय चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन करते हुए चौधरी साहब की विचार धारा को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर चौधरी साहब अमर रहें के नारे के, साथ गोष्ठी का समापन किया गया, इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सज्जन पाठक, जिला प्रवक्ता पवन पांडे, कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद अग्रहरि, लल्लन पाठक, सरवन यादव, अजय पाण्डेय, मनोज मिश्रा, लवकुश गौतम, महिला जिलाध्यक्ष, उर्मिला देवी, शशि कांत गांधी आदि लोग मौजूद रहे।



## महराजगंज ब्लॉक प्रमुख ने समरसता भोज का किया गया आयोजन

**महराजगंज, रायबरेली।** ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि महराजगंज एवं कांग्रेसी नेता प्रदीप चौधरी एवं असनी ग्राम पंचायत के प्रधान व किसान नेता दीपू चौधरी द्वारा समरसता भोज का आयोजन अपने निवास स्थान असनी मे किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में शामिल लोगों ने चोखा बाटी का आनंद लिया। कांग्रेसी प्रदीप चौधरी ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से आपसी सौहार्द बढ़ता है और एक दूसरे के बारे में जानने का मौका मिलता है। पूर्व प्रधान रविराज सिंह कांग्रेसी नेता व प्रधान भगवानदीन फौजी प्रधान संतलाल लोधी कृपा शंकर शर्मा रविचंद्र सिंह गया प्रसाद चौरसिया शिवनायक सिंह राजकरन सिंह जावेद अहमद हनोमान जायसवाल समरपाल सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# जनता दर्शन में सांसद ने सुनीं जनता की फरियाद




**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

मंगलवार को लोकप्रिय सांसद किशोरी लाल शर्मा ने अपने केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के विभिन्न गांवों और कस्बों से आए सैकड़ों नागरिकों से मुलाकात की। जनता दर्शन के दौरान सांसद जी ने कहा कि अमेठी की जनता ने हमेशा गांधी परिवार पर विश्वास किया है और यह विश्वास हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। जनता दर्शन के उपरांत सांसद जी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी कार्यों और विशेष रूप से मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर गहन चर्चा हुई। बैठक के दौरान यह भी निर्देश दिया गया कि जिन पात्र महिलाओं के नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं हैं, उनके नाम जोड़ने के लिए फील्ड फोर्स के माध्यम से अभियान चलाया जाए। सांसद ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना अनिवार्य है। अंत में सांसद ने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर जनहित के कार्यों में पूरी निष्ठा से जुटने का आह्वान किया और कहा कि अमेठी के सर्वांगीण विकास के लिए हम सभी को मिलकर निरंतर प्रयास करना होगा। सपा जिलाध्यक्ष राम उदित यादव, प्रभारी राकेश यादव ने अपने साथियों के साथ मुलाक़ात की। बार एसोसिएशन अध्यक्ष महेश नरायण शुक्ला ने अपने साथियो के साथ मुलाक़ात कर वकीलों के लिए भवन की मांग पर सांसद जी ने यथा सम्भव शीघ्र मदद का आश्वासन दिया। कार्यक्रम मे जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल, प्रभारी खुर्शीद अजीज, प्रवक्ता अनिल सिंह, रामलखन शुक्ला, मुन्ना त्रिसुंडी, निज़ाम अंसारी, विजय पासी, 16ब्लॉक अध्यक्ष, विधानसभा स्ढ्रक्र प्रभारी, सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ग्रा.प.ए. ने सांसद को सौंपा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन अमेठी के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र पाण्डेय की अध्यक्षता में जनपद के विधायको के साथ साथ सांसद किशोरी लाल शर्मा को सात सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर ग्रापए के प्रमुख पदाधिकारी कृष्णा पाण्डेय, शेष नारायण त्रिपाठी, दिव्यांश मिश्रा, राकेश शुक्ला, जुल्फकार, उमेश पांडेय आदि मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशानुसार संगठन की तरफ से मुख्यमंत्री के नाम सात सूत्रीय मांग को लेकर जनपद के सभी विधायको और सांसद को ज्ञापन सौंपा जाना है।इसी क्रम में मंगलवार को कांग्रेस मुख्यालय पर सांसद जी को जनपद अमेठी शाखा की तरफ से ज्ञापन सौंपा गया।

## हर्षोल्लास के साथ 13वां वार्षिकोत्सव 'उड़ान' संपन्न



**बिसवाँ,सीतापुर समृद्धि न्यूज।** कृष्ण स्वरूप अग्रवाल सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सोमवार को संस्थान का 13वाँ वार्षिकोत्सव 'उड़ान' हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम विद्यालय की अध्यक्षा रेनू मेहरोत्रा, प्रबंधक सुरेन्द्र पाल सिंह एवं प्रधानाचार्या अल्पना अवस्थी के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रबंध समिति के सदस्य विवेक कुमार गुप्ता, एकता गुप्ता, गुरुमीत कौर, उमंग राजवंशी, अंजली राजवंशी, निधि सिंघल, मुदित सिंघल, हिमांशु नाथ सिंह, तुलसी गुप्ता, आदि उपस्थित रहे। प्रधानाचार्या अल्पना अवस्थी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में मेधावी छात्राओं को छात्रवृत्ति, प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। विभिन्न स्मृति कोषों के अंतर्गत 11 छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। कार्यक्रम में भारी संख्या में अभिभावक, शिक्षक एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जगह-जगह नारियल पानी बेच रहे नागरिकों की क्या है पहचान ?

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



देश में जहां एस आई आर के जरिए अवैध मतदाताओं की छटनी की जा रही है वही जानकारो का मानना है कि बांग्लादेश के रास्ते से अवैध बांग्लादेशी घुसपैठिए भी देश के कोने-कोने में जम चुके हैं हालांकि केंद्र की सरकार उन्हें देश से वापस सीमाओं के बाहर भेजने के भरपूर प्रयास कर रही है और वह सफल होती भी दिख रही है लेकिन सवाल यह है कि इनका भारत के अंदर भरण पोषण कैसे हो रहा है तो इसका सीधा जवाब है यह हमारे सिस्टम में पूरी तरीके से विलय हो चुके हैं और हमारी दिनचर्या में वह अपनी दिनचर्या का अतिक्रमण करते जा रहे हैं कबाड़ के व्यवसाय और नारियल पानी विक्रेताओं की ओर ध्यान दिया जाए तो वह प्रायः नए और बाहरी प्रतीत होते हैं बात सीतापुर शहर की करी जाए तो यहां की वीआईपी मानी जाने वाली आंख अस्पताल टू अफसर कॉलोनी रोड पर नारियल पानी वाले अवैध रूप से अपनी दुकान रखकर जहां अतिक्रमण किए हुए हैं वहीं इनकी पहचान पर भी जानकार प्रश्न चिन्ह लगाते हैं ?

इतना तो दावे से कहा जाता है कि शहर में नारियल पानी बेच रहे विक्रेताओं में शहर के या तो नाम मात्र के विक्रेता होंगे या नहीं भी हो सकते हैं तब बाहर से यह सब कौन लोग हैं। जो एक जैसा व्यवसाय संगठित होकर कर रहे हैं इन पर ध्यान रखना प्रशासन के साथ-साथ आम शहरी का भी अधिकार एवं कर्तव्य दोनों है। हालांकि प्रथम दृष्टया किसी को बांग्लादेशी या अवैध घुसपैठ कहना जल्दबाजी हो सकती है लेकिन जिस समय देश में घुसपैठियों की पहचान हो रही हो उस समय संदिग्ध अतिक्रमणकारियों पर बात होना बहुत जरूरी है। और यह कार्य राष्ट्रभक्ति जैसा ही है अगर किसी व्यवसाय में लिप्त नागरिक बाहरी ना होकर हमारे देश के हैं तो इस अवैध घुसपैठियों की छटनी में उन्हें सहयोग करना चाहिए। और यदि वह बाहरी है तो कानून के मुताबिक उन्हें चिन्हित किया जाना चाहिए और अग्रिम कार्यवाही के लिए प्रबंध तंत्र से संपर्क करना होगा। शहर का एक बड़ा तबका इनकी पहचान की जांच का पक्षधर है तो दूसरा बड़ा तबका उस सिस्टम को कटघरे में खड़ा करता है जिसके तहत इन लोगों द्वारा शहर की वीआईपी सड़क पर अतिक्रमण कर मनचाहे दामों में नारियल पानी बेचने का काम किया जा रहा है।

वर्तमान में चल रहे गहन मतदाता पुनरीक्षण में देश के सभी नागरिकों का यह कर्तव्य है कि उन्हें अपने देश में किसी भी प्रकार से बाहरियों का अतिक्रमण होने से रोकना है। और इसके लिए उन्हें केवल प्रशासन पर निर्भर नहीं रहना है अपने सूत्र और सूचना तंत्र को मजबूत करके प्रशासन की मदद भी करनी है।

## समिति के अध्यक्ष ने समस्याओं को लेकर डीएम को सौंपा प्रार्थना पत्र



**बिसवां (सीतापुर) समृद्धि न्यूज।** किसानों की उम्मीदों से जुड़ी साधन सहकारी समिति लिमिटेड छी इन दिनों बदहाली के दौर से गुजर रही है। खेतों में फसल लहलहाने से पहले ही खाद और बीज की कमी ने किसानों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। इसी समस्या को लेकर समिति के अध्यक्ष अनिल मिश्रा ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की है। प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया गया है कि समिति पिछले कई वर्षों से संसाधनों के अभाव से जूझ रही है। समय पर उर्वरक व अन्य कृषि आदानों की उपलब्धता न होने के कारण किसान इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं। हालात ऐसे हैं कि किसानों को अन्य समितियों से खाद-बीज लाना पड़ रहा है, जबकि उनकी पहली आस अपनी ही समिति से होती है। अध्यक्ष अनिल मिश्रा ने यह भी बताया कि सचिवीय व्यवस्था के प्रभावी संचालन के अभाव में प्रशासनिक कार्य प्रभावित हैं। साथ ही समिति परिसर में विभिन्न आयोजनों के चलते भंडारण और वितरण व्यवस्था बाधित होती रही है, जिसका सीधा असर किसानों पर पड़ रहा है। उन्होंने मांग की है कि साधन सहकारी समिति लिमिटेड छी बिसवां को प्राथमिकता के आधार पर खाद-बीज की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, सचिव की नियमित व सक्रिय तैनाती की जाए तथा समिति संचालन में आ रही सभी बाधाओं को दूर किया जाए। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आने वाले कृषि सत्र में उत्पादन प्रभावित होना तय है।

# पूर्व पीएम की जयंती पर किसान हुए सम्मानित

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने किसानों को सम्मानित कर आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए किया प्रेरित



**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के अनौगी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में किसान सम्मान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य रहीं। उन्होंने वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. वीके कनौजिया के साथ पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने किसान सम्मान दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ किसान हैं। किसानों का सम्मान और उनके हितों की रक्षा करना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने सम्मानित किए गए किसानों और किसान महिलाओं से आह्वान किया कि वे नई तकनीकों को अपनाकर अन्य किसानों को भी जागरूक करें। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. वीके कनौजिया ने किसानों से उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने, लाभकारी फसलों की खेती और पशुपालन को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने विकसित भारत जी राम जी योजना की जानकारी देते हुए बताया कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और गांवों में ही विभिन्न कार्य उपलब्ध कराए जाएंगे। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को तकनीकी जानकारी दी। डॉ. सुशील कुमार ने गेहूं की उन्नत खेती, डॉ. अमर सिंह ने आलू की खेती में समसामयिक क्रियाओं, डॉ. चंद्रकला ने गृहवाटिका एवं मशरूम उत्पादन तथा अमरेंद्र यादव ने मौसम संबंधी जानकारी दी। इस अवसर पर 126 किसान एवं किसान महिलाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में किसानों को सम्मानित किया गया और उन्हें आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

# सभासदों ने जताई शहर विकास के लिए प्रतिबद्धता

- नगर पालिका के सभासदों ने शहर के समग्र विकास का लिया दृढ़ संकल्प



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

मोहल्ला इंदिरा नगर में सभासद हिमांक त्रिपाठी के आवास पर आयोजित उत्साहपूर्ण कार्यक्रम में नगर पालिका के सभासदों ने शहर के समग्र विकास का दृढ़ संकल्प लिया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे को उनके जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं।

सभासदों ने एकजुट होकर केक काटा और माल्यार्पण कर दुबे को बधाई दी। पालिकाध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्नेहपूर्ण सहयोग उन्हें शहर के विकास कार्यों में नई ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि सभासदों के सहयोग से छिबरामऊ को एक आदर्श शहर बनाने के प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। दुबे ने जोर देकर कहा, हमारा लक्ष्य है कि हर मोहल्ले तक विकास की पहुंच हो, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलें। कार्यक्रम में रमाकांत त्रिपाठी पप्पी, पंकज दुबे, हरिशरण शाक्य, चरन सिंह, किशन लाल बाल्मीकि, प्रदीप चौहान, रईस अहमद, मूलचंद यादव, पप्पी पाल, दीपक गुप्ता, अमित शाक्य, गोपाल गुप्ता, अमित गुप्ता, फकरे आलम, जीशान, बसीम, आसिफ इकबाल, शिवगोपाल बाल्मीकि, नरेंद्र शर्मा सहित सभी सभासद उपस्थित रहे।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी से हड़कंप

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** क्रिसमस पर्व के दृष्टिगत आमजन को सुरक्षित, शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासन के आदेश एवं जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जनपद में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 22 दिसंबर से 24 दिसंबर 2025 तक संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में विभागीय अधिकारियों ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण एवं छापेमारी की। निरीक्षण के दौरान कौशल बेकर्स, छिबरामऊ से केक निर्माण में प्रयुक्त क्रश का नमूना लिया गया। वहीं गुप्ता जी आइसक्रीम, छिबरामऊ से केक निर्माण में प्रयुक्त चॉकलेट एवं जेली के नमूने संकलित किए गए। इसके अलावा आदेश वर्मा, गोल कुआं से तैयार केक का भी नमूना लिया गया। संकलित सभी खाद्य नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण के लिए निर्धारित खाद्य प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

# धूमधाम से मनाई चौधरी चरण सिंह की जयंती

## कार्यक्रम में लड्डू वितरण कर उनकी स्मृति को किया गया नमन



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) कैंप कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में लड्डू वितरण कर उनकी स्मृति को नमन किया गया। इस अवसर पर आरएलडी जिलाध्यक्ष अतुल शर्मा एडवोकेट ने कहा चाहे भूमि सुधार की बात हो या किसान कल्याण की, हर मोर्चे पर चौधरी चरण सिंह की अहम भूमिका रही। उन्होंने जमींदारी प्रथा उखाड़ फेंकी और ग्रामीण भारत को मजबूत आधार दिया। आज भी उनकी नीतियां प्रासंगिक हैं। हमारी पार्टी उनके सिद्धांतों पर चलते हुए किसानों की आवाज बनेगी। कार्यक्रम में रमेश शर्मा, अभिजीत यादव, रामपाल, आसाराम यादव, अजय दुबे, धनंजय शर्मा, कुलदीप शर्मा, कुणाल शर्मा, रोहित शर्मा, शौर्य त्रिपाठी, आयुश शर्मा, अंश प्रताप सिंह, मो. अनस, सुशांत सिंह राठौर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे। उधर राष्ट्रीय लोक दल (प्रोफेशनल मंच) के जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम तिवारी एडवोकेट के नेतृत्व में किसान दिवस के रूप में चौधरी साहब का जन्मदिन उनके चित्र पर माल्यार्पण करके मनाया गया। इस दौरान गुरवेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र यादव, अंकित यादव, जितेंद्र बाथम, गोपाल दुबे, मो. हसनैन, राजा, कंदरपी दीक्षित, रामलड़ेते, हिमांशु त्रिवेदी, सुबीन त्रिवेदी, शिवम शुक्ला, नवीन शुक्ला, गौरव चतुर्वेदी व जिलाध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ अवनीश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## सीवन लेडिस गारमेंट्स का किया भव्य उद्घाटन



**छिबरामऊ, कन्नौज।** अस्पताल रोड पर डॉक्टर बंगाली मार्केट स्थित त्रिपाठी चश्मा घर के नए प्रतिष्ठान सीवन लेडिस गारमेंट्स का शुभारंभ धूमधाम से हुआ। एयरफोर्स में तैनात अधिकारी अंकुर अग्निहोत्री और उनकी पत्नी हिमल अग्निहोत्री ने फीता काटकर इसकी शुरुआत की। शोरूम की संचालिका शिवानी त्रिपाठी ने कहा हमारा प्रयास रहेगा कि महिलाओं को यहां नया और अनोखा अनुभव मिले। प्रतिष्ठान में लेडीज कपड़ों जैसे ब्लाउज, सूट और फैंसी ड्रेस की सिलाई सुविधा उपलब्ध है। साथ ही मैक्सी, नाईट सूट, स्टोल, दुपट्टे, पेटीकोट, रेडीमेड ब्लाउज, साड़ी की फॉल, अस्तर, ब्लाउज पीस, क्लॉथ पीस, रील–सुई, लटकन, लेस सहित सिलाई से जुड़ी सभी सामग्री आसानी से मिलेगी। अक्षय कुमार त्रिपाठी ने कहा यह नया केंद्र स्थानीय महिलाओं के लिए खरीदारी और सिलाई का एक प्रमुख ठिकाना बनेगा। कार्यक्रम में संरक्षक एवं पूर्व प्रधानाध्यापक राकेश त्रिपाठी, एडवोकेट अमित त्रिपाठी, डॉ. पवन त्रिपाठी, रजत त्रिपाठी, संध्या त्रिपाठी, उषा उपाध्याय, सुनीता, किरन समेत बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने दिखाया दमखम



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

सुभाष अकादमी मे चल रहे त्रिदिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन बच्चों ने अपना दमखम दिखाया।

स्पून रेस मे पीजी से कक्षा 1 वर्ग भाभा हाउस के अभय, प्रथम, सीवी रमन हाउस के वैदिक द्वितीय, जेसी बोस हाउस की साक्षी प्रथम, कलाम हाउस की आकृति द्वितीय, मेराथन दौड़ मे क्लास 6 से 8 मे जैसी बोस हाउस के गौरव, प्रथम, कलाम हाउस के मृदुल पाल द्वितीय, कृष्णा प्रथम अर्चि द्वितीय, थ्री लेग रेस में कक्षा 2 से 5 वर्ग मे कलाम हाउस के कृष्णा प्रथम, भाभा हाउस के लवकुश द्वितीय, कलाम हाउस की गौरी व पल्लवी प्रथम, भाभा हाउस की मनी व अक्षता द्वितीय रही। इसी तरह अन्य प्रतियोगिताओं में भी बच्चों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार यादव, दिनेश कमल, धीरज कुमार, रश्मि पाण्डेय, रामभक्त शर्मा, रश्मि तिवारी, सपन पाण्डेय, जतिन राठौर, खनक शुक्ला, मुस्कान ठाकुर, प्रिया पाण्डेय, सुनीति ठाकुर, आकांशा दुबे, प्रियांशी दुबे, सोनम प्रजापति, शोभित दुबे, प्रदीप यादव, सुंदरम, आशुतोष पाण्डेय, गौरव शाक्य, शिव कुमार, शिवम्, अंशुल पाण्डेय, अतुल चौहान, पवन कुमार,आयुष दुबे, दिलीप श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।



## बार काउंसिल चुनाव में अनुराग पांडेय ने अधिवक्ताओं से मांगा समर्थन

**छिबरामऊ, कन्नौज।** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के वर्तमान उपाध्यक्ष अनुराग पांडेय ने यहां के अधिवक्ताओं से समर्थन मांगा है। अनुराग पांडेय ने बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आगामी चुनाव में उपाध्यक्ष एवं सदस्य पद के लिए सभी अधिवक्ताओं से प्रथम वरीयता के रूप में वोट एवं समर्थन की अपील की है। उन्होंने अधिवक्ताओं के हितों के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस दौरान उनकी पत्नी एवं हाईकोर्ट अधिवक्ता आयुषी पांडेय भी मौजूद रहीं। बैठक में हाईकोर्ट अधिवक्ता सरूपेश दुबे, बार एसोसिएशन अध्यक्ष अरविंद सिंह राठौर, पूर्व महासचिव चंदजीत यादव, सुशील पांडेय, संजीव दुबे, शिवेंद्र दुबे, आकाश दुबे, केटी मिश्रा, पंकज मिश्रा, आलोक दुबे, विशाल दुबे सहित कई अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# बीईओ ने शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार पर दिया बल

- संकुल रामपुर बैजू की मासिक शिक्षण बैठक आयोजित

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



नगर के कंपोजिट विद्यालय में अय्योजित संकुल रामपुर बैजू की मासिक शिक्षण संकुल बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) आनंद दुबे ने शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार और विभागीय कार्यों की समयबद्धता पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक संसाधनों का होना अनिवार्य है। उन्होंने सभी प्रधानाध्यापकों को सपोर्ट किट के साथ-साथ सही वेइंग मशीन (वजन मशीन) एवं अन्य निर्धारित सामग्री को तत्काल क्रय करने के निर्देश दिए।इसके साथ ही उन्होंने शासन की प्राथमिकता वाले जीरो पॉवर्टी सर्वे (शून्य गरीबी सर्वेक्षण) के कार्य की समीक्षा की और निर्देश दिया कि इस सर्वे को पूरी पारदर्शिता के साथ शीघ्र संपन्न किया जाए ताकि कोई भी पात्र लाभ से वंचित न रहे। नोडल संकुल शशिकांत शुक्ल ने सभी पंजीकृत बच्चों की वन नेशन, वन स्टूडेंट आईडी के लिए अपार आई डी बनाने की प्रक्रिया जल्द पूरा करने को कहा। इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के माध्यम से बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने पर चर्चा की गई। शिक्षकों को व्यावसायिक विकास के लिए पोर्टल पर न्यूनतम 5 अनिवार्य प्रशिक्षण पूर्ण करने को कहा गया। बैठक में जितेंद्र वर्मा, अनिल शाक्य, सौरभ माथुर, राजेश पाठक, इशरत जहां, रजनी पाल, रेखा कुमारी, प्रीती निधि, नीरज, बलराम सविता सहित संकुल के कई शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## पूर्वी बाईपास अतिक्रमण पर 24 घंटे का अल्टीमेटम

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर पालिका परिषद ने खंड विकास अधिकारी कार्यालय के सामने सरकारी भूमि पर दोबारा अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को सख्त नोटिस जारी किया है। अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की भूमि के बगल स्थित सरकारी जमीन पर खोखे लगाकर अवैध कब्जा किया गया है। ये खोखे पूर्व में हटाए जा चुके थे, लेकिन दुकानदारों ने पुनः उन्हें लगा लिया। नोटिस में दुकानदारों को चेतावनी दी गई है कि 24 घंटे के अंदर स्वयं अतिक्रमण हटा लें, अन्यथा नगर पालिका द्वारा खोखे जब्त कर लिए जाएंगे और पालिका अधिनियम 1916 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए दुकानदार स्वयं जिम्मेदार होंगे। यह कार्रवाई एसडीएम के आदेश पर की गई है। प्रशासन का उद्देश्य सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त रखना है।

# संविदा कर्मचारियों ने उठाई बकाया वेतन व ईपीएफ भुगतान की मांग



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा एवं संविदा कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अभिषेक कुमार के नेतृत्व में संविदा कर्मचारियों ने विद्युत वितरण खंड के अधिशासी अभियंता राजीव कुमार भारती को ज्ञापन देकर बकाया वेतन व ईपीएफ की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा गया है कि आउटसोर्सिंग कंपनियों ने नवंबर माह का वेतन अभी तक नहीं दिया है। साथ ही जून, जुलाई, अगस्त और सितंबर माह का ईपीएफ जमा नहीं किया गया। फेस अटेंडेंस सिस्टम के कारण कई कर्मचारियों को सितंबर और अक्टूबर माह का वेतन भी नहीं मिला। कर्मचारियों ने मांग की है कि संबंधित कंपनी पर उचित कार्रवाई कर बकाया वेतन 25 दिसंबर तक भुगतान कराया जाए। अन्यथा 26 दिसंबर से कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विभाग की होगी।

# सपा ने किसान दिवस के रुप में मनाई चौधरी चरण सिंह की जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



चौधरी चरण सिंह की जयंती मनाते सपाई

समाजवादी पार्टी कार्यालय आवास विकास पर पूर्व प्रधानमंत्री किसानों के मसीहा स्व0 चौधरी चरण सिंह की जयंती किसान दिवस के रूप में मनाई गई। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया और उनके द्वारा किए गए योगदान पर चर्चा की। कार्यक्रम प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव ने पार्टी कार्यालय में पांच किसानों को सम्मानित कर सर्दी के मौसम को देखते हुए गरीब महिलाओं को कंबल वितरण किए। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि नेताजी चौधरी चरण सिंह को अपना गुरु मानते थे और उन्हीं के मार्गदर्शन में उन्होंने इस प्रदेश में अपनी पहचान बनाई थी। उनके के बताए हुए रास्ते पर चलकर ही नेताजी जीवन भर किसानों की बात करते रहे और इसी वजह से नेताजी को धरती पुत्र कहा गया। पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने कहा कि चौधरी ने अपने पूरे जीवन भर किसानों की आवाज को बुलंद किया। एक समय था जब सरकारें जय जवान जय किसान का नारा लगाया करती थीं। जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने कहा कि किसान हित में समाजवादियों ने सदैव कार्य किया है। नेताजी जब इस प्रदेश के मुख्यमंत्री थे उन्होंने किसान दुर्घटना बीमा के रूप में एक योजना बनाई थी। नव मनोनीत जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव ने कहा कि हम खुद एक किसान परिवार से आते हैं हमारे पिता भी किसान थे, चौधरी चरण सिंह की जयंती को किसान दिवस के रूप में मनाकर अखिलेश यादव ने देश भर के किसानों के सम्मान को बढ़ाया है। हम यह संकल्प लेते हैं कि इस समाजवादी झंडे के साथ गांव गरीब और किसान की जो भी मदद हो पाएगी करेंगे, उनकी आवाज बुलंद करेंगे उनके कदम से कदम मिलाकर उनकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगे। इस दौरान शिवशंकर शर्मा, रामपाल सिंह यादव, मुजाहिद अंसारी, प्रतिभा यादव, राजपाल यादव, नंदकिशोर दुबे वंदेमातरम, उत्कर्ष यादव, सुलक्षणा सिंह, पूजा कठेरिया, विनीत परमार, निजाम अंसारी, मुख्तार आलम, डॉ0 अतुल बाथम, सलमान अहमद, रवि यादव, अवधेश कुमार यादव, ठाकुर राजेंद्र सिंह, संजीत कुमार शर्मा, अर्पण यादव, करन गुप्ता, गौरव सैनी, विपिन प्रजापति, अंकुर साहू, राहुल गुप्ता, राघव गुप्ता, अखिल कठेरिया, रूबी यादव, गीता यादव, स0 प्रवक्ता/ सचिव राधेश्याम सविता आदि मौजूद रहे।

# खेलकूद प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखाया दमखम



जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद को प्रतीक चिन्ह भेंट करते प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ.आर. एस. कमल

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के अनौगी स्थित एम.एम.आई.टी. कन्नौज में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एस. के. सिंह, संयुक्त निदेशक प्राविधिक शिक्षा, बुंदेलखंड क्षेत्र झांसी तथा विशिष्ट अतिथि भीमसैन मुकुंद, अधीक्षक जिला कारागार कन्नौज द्वारा फीता काटकर एवं मार्चपास्ट की सलामी लेकर किया गया। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।प्रतियोगिता के दौरान दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, तवा फेंक, भाला फेंक, बैडमिंटन, वाद-विवाद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं सहित अनेक खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। छात्र- छात्राओं ने पूरे जोश, अनुशासन और खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर संस्था के प्रधानाचार्य एस. के. वर्मा ने संस्था की प्रगति आख्या प्रस्तुत करते हुए अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया। प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. आर. एस. कमल ने वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु छात्र- छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेलकूद से विद्यार्थियों का शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास होता है तथा जीवन में अनुशासन, सहयोग और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है।

विशिष्ट अतिथि भीमसैन मुकुंद ने विद्यार्थियों को खेलों के साथ- साथ चरित्र निर्माण पर भी विशेष ध्यान देने की प्रेरणा दी।

## पानी पूरी का धंधा करने वाले युवक की आंध्र प्रदेश में मौत

**जालौन,उरई।** पानी पूरी के धंधे पर आंध्र प्रदेश गये युवक की मौत हो गयी। मृतक के भाई ने हत्या की आशंका जतायी। शव आने पर पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरीपुरा निवासी नीलेश कुमार पुत्र शिव नारायण ने बताया कि लगभग डेढ़ महीने पहले उनका भाई सुशील कुमार थाना आटा के ग्राम इटौरा गुरु निवासी राजाबाबू पुत्र बालादीन के साथ पानी पूरी के धंधे पर आंध्रप्रदेश के विनयगुड़ी थाना नायडू पेटा जनपद तिरुपति गया था। काम पर गये उनके भाई की मौत हो गयी। भाई की मृत्यु के बाद उनका शव 22 दिसंबर 25 को अपरान्ह 4 बजे एम्बुलेंस से घर आया था। शव को देखने के बाद उन्हें भाई की मौत पर शक हुआ।

## 35 पोलियो बूथों में 5127 बच्चों को पिलायी दवा : डॉ. गुप्ता

**जालौन (उरई)।** चिकित्साधिकारी डॉ. कपिलदेव गुप्ता ने जानकारी दी कि पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के कुल 9537 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। यह अभियान 14 दिसंबर से शुरू किया गया था। अभियान के पहले दिन रविवार को नगर के विभिन्न विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थानों पर 35 पोलियो बूथ लगाए गए, जहां 5127 बच्चों को दवा पिलाई गई। इसके बाद सोमवार से 21 टीमों द्वारा लगातार 5 दिनों तक घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक दी गई। इस अभियान में आशा बहू, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी तथा एनजीओ कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। पूरे अभियान का संचालन 7 सुपरवाइजर एवं 2 सेक्टर मेडिकल अधिकारियों के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक किया गया।

# राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत बच्चों को कराया शैक्षिक भ्रमण

**उरई, जालौन समृद्धि न्यूज।**



आज नगर क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को एक दिवसीय एक्सपोजर विजिट के लिए झांसी रवाना किया गया। इस शैक्षिक भ्रमण को नगर शिक्षा अधिकारी / प्रभारी बेसिक शिक्षा अधिकारी बिरजू भारती द्वारा हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया गया।

भ्रमण के दौरान बच्चों को सर्वप्रथम स्पेस म्यूजियम ले जाया गया, जहाँ उन्हें पृथ्वी, सौर परिवार, सौर ग्रहों एवं अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं। बच्चों ने वहाँ वैज्ञानिक मॉडलों और प्रदर्शनों को उत्साहपूर्वक देखा और समझा। इसके पश्चात बच्चों को राजकीय संग्रहालय झांसी ले जाया गया, जहाँ उन्हें बुंदेलखंड का इतिहास, संस्कृति एवं वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की जीवनी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके बाद बच्चों को रानी लक्ष्मीबाई का किला दिखाया गया, जहाँ देश की आज़ादी के लिए किए गए संघर्षों की गाथा से बच्चों को अवगत कराया गया। शैक्षिक भ्रमण के अंतिम चरण में बच्चों ने मेजर ध्यानचंद म्यूजियम का भ्रमण किया, जहाँ उन्हें हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जीवन, उपलब्धियों और खेल जगत में उनके योगदान के बारे में जानकारी दी गई। इस भ्रमण में एआरपी शिक्षक अमित बिश्नोई, पूजा सक्सेना, विवेक, शादाव, अतुल खरे, दीक्षा एवं नरेंद्र सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। बच्चों में इस शैक्षिक यात्रा को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला और यह भ्रमण उनके ज्ञानवर्धन के साथ-साथ प्रेरणादायक भी रहा।

# होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने औरैया उप्र में अपना नेटवर्क बढ़ाया

- नई अधिकृत डीलरशिप केएसएस होंडा के उद्घाटन के साथ औरैया में मजबूत उपस्थिति

**औरैया, समृद्धि न्यूज।**



होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने उत्तर प्रदेश के औरैया में अपनी नई सेल्स एवं सर्विस आउटलेट केएसएस होंडा का उद्घाटन किया। यह नई सुविधा एचएमएसआई की उत्तर प्रदेश में पहुँच को और सुदृढ़ करती है और क्षेत्र के ग्राहकों को ब्रांड की टू-व्हीलर श्रृंखला तक सुविधाजनक पहुँच प्रदान करने के उद्देश्य को सशक्त करती है। इस आउटलेट के माध्यम से, एचएमएसआई भरोसेमंद टू-व्हीलर्स की बढ़ती मांग को सहज और परेशानी-मुक्त ओनरशिप अनुभव के साथ पूरा करने के और करीब आता है।

केएसएस होंडा को होंडा के विशिष्ट 4एस सेटअप के साथ डिज़ाइन किया गया है, जिसमें बिक्री, सेवा, स्पेयर पार्ट्स और होंडा का सुरक्षा राइडिंग प्रचार शामिल है। यह ग्राहकों के लिए एक ही स्थान पर उत्पादों को जानने, विश्वसनीय आफ्टर-सेल्स देखभाल प्राप्त करने और सुरक्षित मोबिलिटी गतिविधियों में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है। डीलरशिप को आगंतुकों के लिए आसान और स्वागतयोग्य अनुभव बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसमें उत्पाद प्रदर्शन क्षेत्र और सेवा अवसंरचना शामिल हैं। उद्घाटन के साथ, औरैया के ग्राहकों के पास होंडा के सभी स्कूटर और मोटरसाइकिल मॉडल तक पहुँच है। इसमें चार स्कूटर मॉडल शामिल हैं 110 सीसी में एक्टिवा और डियो, तथा 125सीसी सेगमेंट में एक्टिवा 125 और डियो 125 मोटरसाइकिल श्रेणी में कंपनी 100-110सीसी (शाइन 100, शाइन 100 डीएक्स और लिवो), 125सीसी (शाइन 125, एसपी 125 और सीबी125 हॉर्नेट), 160सीसी (यूनिकॉर्न और एसपी160) और 180-200सीसी (हॉर्नेट 2.0 और एन एक्स 200) सेगमेंट में दस रोमांचक मॉडल पेश करती है।





# अजीत यादव के जिला उपाध्यक्ष बनने से कार्यकर्ताओं में दिखा जोश, हुआ स्वागत

- चौधरी चरण सिंह की जयंती पर अन्नदाताओं को किया सम्मानित
- गरीब महिलाओं को दिए कम्बल, बोले निरंतर जारी रहेगी गरीबों की सेवा



स्वागत के दौरान कार्यकर्ताओं के बीच नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव



महिलाओं को कम्बल देते जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव व जिलाध्यक्ष आदि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अजीत यादव को समाजवादी पार्टी का जिला उपाध्यक्ष बनाये जाने से युवाओं में जोश दिखा। कार्यालय पर बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने अजीत यादव का गर्मजोशी से फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

मंगलवार को आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर नव मनोनीत जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव का जिला महासचिव इलियास मंसूरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भव्यता के साथ स्वागत किया। इस दौरान जोश से लवरेज दिखे कार्यकर्ताओं ने अजीत यादव को फूलमालाओं से लाद दिया और जबरदस्त नारेबाजी की। अजीत यादव का नाम प्रमुख समाजसेवियों में आता है। बताते चले कि अजीत यादव अपने निजी खर्चे से कई निर्धन और बेघर लोगों के लिए आवास मुहैया करा रहे हैं। सपा कार्यालय में चौधरी चरण सिंह जयंती कार्यक्रम प्रभारी के रूप में किसान दिवस के अवसर पर पांच अन्नदाताओं को शॉल ओढ़ाकर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। वहीं बढ़ती सर्दी को देखते हुए निर्धन महिलाओं को कंबल भेंट किये। जिससे उनके चेहरे खिल उठे और उन्होंने दुआयें दी। नव मनोनीत जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव ने कहा समाजवादी लोगों की एक ही पहचान है समाज की सेवा करना है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आशीर्वाद से यह कार्य अनवरत जारी रहेगा। जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने कहा कि अजीत यादव के उपाध्यक्ष बनने से पार्टी संगठन को मजबूती मिली है, काम करने वाले लोग जब सक्रिय हो जाते हैं तब जमीनी कार्यकर्ता में नई ऊर्जा का संचार हो जाता है। अजीत यादव के जिला उपाध्यक्ष बनने से कार्यकर्ताओं में जोश देखने को मिला। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिसमें प्रमुख रुप से आकाश यादव, प्रशांत यादव, अनुराग यादव, देव सिंह, विशाल यादव, प्रतीक शर्मा, राजपाल यादव प्रदेश उपाध्यक्ष छात्र सभा, अनुराग यादव जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी, कर्मेंद्र सिंह, विनीत सिंह, मुख्तार आलम, मुजाहिद अंसारी, महानगर अध्यक्ष युवजन सभा नितिन यादव, शिव शंकर शर्मा, निजाम अंसारी, जिला सचिव अखिल कठेरिया आदि मौजूद रहे।

# सिटी चर्च में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस उत्सव

- संडे स्कूल के बच्चे व यूथ ने प्रस्तुतियां देकर किया मंत्रमुग्ध



कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे व यूथ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

क्रिसमस के उपलक्ष्य में सिटी चर्च में क्रिसमस निटी बिटी कार्यक्रम का आयोजन संडे स्कूल के बच्चे व यूथ के द्वारा धूमधाम से किया गया। बच्चों ने प्रभु यीशु मसी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में नाटक प्रस्तुत किया। बच्चों ने हब्बा, मरियम, फरिश्ते आदि बनकर मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पादरी स्टीफन मसीह की प्रार्थना के साथ हुआ। निटी बिटी प्ले कार्यक्रम में मुकेश डेविड द्वारा व्यवस्था की गयी। नन्हे, मुन्ने बच्चों ने प्रस्तुतियां देकर मंत्रमुग्ध किया। पादरी स्टीफन मसीह ने कहा प्रभु ने हमें सच्चाई का मार्ग दिया। उस मार्ग चलने के लिए हम लोगों को प्रेरित करें, गरीब व असहायलोगों की मदद करें।

गरीबों पर खर्च करें और दान दें, क्योंकि प्रभु यही सिखाते हैं कि जो दूसरों की मदद करता है, उस पर कृपा बनी रहती है। मुकेश डेविड द्वारा बच्चों ने गीत प्रस्तुत किये और आराधना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर सुरेंद्र मसीह, रंजीत मैसी आदि ने व्यवस्था देखी। देर रात तक कार्यक्रम चलता रहा और सिटी चर्च को रंगीन झालरों से सजाकर खीस्ट जयंती के आगमन को लेकर रात भर उत्सव चलता रहा।

## ई-रिक्शा में दबकर युवक की मौत



रोते बिलखते मृतक के परिजन

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** बेकरी का सामान उतारकर आ रहे युवक का ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे युवक उसके नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज भेज दिया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्वजन शव लेकर घर चले गए। जानकारी के अनुसार नगर कायमगंज के मोहल्ला बजरिया रामलाल निवासी दीपचंद्र श्रीवास्तव का सताईस वर्षीय पुत्र सोनू कायमगंज स्थित एक बेकरी का सामान सप्लाई करने का कार्य करता था। मंगलवार दोपहर युवक बेकरी का सामान लेकर ई-रिक्शा से क्षेत्र के गांव रुदायन गया था। वापस लौटते समय गांव मानिकपुर के निकट ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे युवक ई-रिक्शा के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को सीएचसी कायमगंज में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात डाक्टर अमरेश कुमार ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर पर स्वजन बिलखने लगे। स्वजन शव लेकर घर चले गए। मृतक की पत्नी कल्पना का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक दो भाइयों मोनू से छोटा था। मृतक के दो पुत्रियां कनक व कशिश हैं। थाना प्रभारी नितिन कुमार ने बताया सीएचसी से सूचना मिली है। युवक की मौत हो गई है। मेमो आने पर कार्रवाई की जाएगी।

# व्यापारियों के विरोध के चलते नहीं नीलाम हो सकीं मंडी समिति की दुकानें



नीलामी प्रक्रिया के दौरान मौजूद व्यापारी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

मंडी समिति परिसर में मंगलवार को प्रस्तावित दुकानों की नीलामी प्रक्रिया व्यापारियों के भारी विरोध के कारण स्थगित कर दी गई। लखनऊ से आए मंडी परिषद के उप निदेशक और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष व्यापारियों ने अपनी समस्याएं रखीं और कोर्ट में विचाराधीन मामलों का हवाला देते हुए आवंटन प्रक्रिया रोकने की मांग की। अब दो सप्ताह बाद नीलामी की अगली तिथि निर्धारित की जाएगी।

मंगलवार को मंडी परिषद लखनऊ के उप निदेशक संजय सिंह, एडीएम न्यायिक दिनेश सिंह, आरओ साक्षी सिंह और तहसीलदार विक्रम सिंह चाहर मंडी समिति कार्यालय पहुंचे। यहां सुपर मार्केट की 25, सब्जी खंड की 8 और गल्ला खंड की 8 दुकानों की नीलामी होनी थी। प्रक्रिया शुरू होते ही पूर्व विधायक अमर सिंह खटिक, पूर्व चेयरमैन सुनील चक और व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में व्यापारी मौके पर पहुंच गए और विरोध शुरू कर दिया। व्यापारी संजय गुप्ता ने बताया कि सुपर मार्केट की 25 दुकानें साल 2007 में किराए पर दी गई थीं। 2013 में अचानक खाली करने का नोटिस मिलने पर दुकानदार हाईकोर्ट चले गए थे। हाल ही में 17 दुकानदारों ने फिर से पुर्नयाचिका दायर की है। व्यापारियों ने मांग की कि जब तक कोर्ट का अंतिम निर्णय नहीं आता, तब तक आवंटन प्रक्रिया रोकी जाए। व्यापारी नेता उमेश गुप्ता ने मंडी की बदहाली का मुद्दा उठाते हुए कहा कि 35 साल पुराने सी-क्लास दुकानों की टीनशेड टूट चुकी हैं और प्लेटफार्म जर्जर हैं। उन्होंने मांग की कि दुकानों की कीमत का निर्धारण ह्रास वैल्यू घटाकर किया जाए। साथ ही खराब सड़कें, बंद पड़े वाटर कूलर और दीमक लगे पेड़ों को हटाने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। मंडी परिषद लखनऊ उप निदेशक संजय सिंह का कहना है कि सुपर मार्केट और गल्ला मंडी की दुकानों के लिए कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ, जबकि सब्जी मंडी की 8 दुकानों के लिए 12 आवेदन सही पाए गए। फिलहाल नीलामी स्थगित कर दी गई है। व्यापारियों की मांग पर पेयजल और अलाव की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्माण विभाग के जरिए जर्जर सड़कों व टीनशेड का सर्वे कराकर मरम्मत कराई जाएगी।

# अज्ञात महिला की लोहिया अस्पताल में मौत



पंचनामा की कार्यवाही करती पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

लोहिया अस्पताल में उपचार के दौरान एक अज्ञात महिला की मौत हो गई। मोहम्मदाबाद कोतवाली पुलिस ने दो दिन पहले उसे घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया था। पुलिस अब महिला की शिनाख्त का प्रयास कर रही है।

जानकारी के अनुसार मोहम्मदाबाद कोतवाली पुलिस को दो दिन पूर्व एक महिला घायल अवस्था में मिली थी। वह अपना नाम और पता बताने में असमर्थ थी। पुलिस ने उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद में भर्ती कराया था। महिला की गंभीर हालत को देखते हुए उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया था। लोहिया अस्पताल में उपचार के दौरान सोमवार की शाम उसकी मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन ने शव को मोर्चरी में रखवाकर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर मंगलवार सुबह पुलिस लोहिया अस्पताल की मोर्चरी पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा भरा और आगे की कार्रवाई शुरू की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महिला की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। उसकी उम्र लगभग 25 वर्ष बताई जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### अज्ञात ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव कटिया निवासी शाह आलम खां ने दी तहरीर में बताया कि सोमवार शाम ट्रैक्टर से मकान निर्माण हेतु भट्टे से ईट लेकर आया था। उसने ट्रैक्टर चालक से धीरे से ट्रैक्टर पीछे करने को कहा। चालक ने लापरवाही से ट्रैक्टर पीछे करते समय भाई जाहीर आलम के घर के पास खड़े पुत्र शहजान के टक्कर मार दी। जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। मौका पाकर चालक फरार हो गया। डाक्टर ने सीएचसी मे युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

### महिला के साथ मारपीट व जानमाल की धमकी के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** महिला को मारपीट कर घायल करने एवं जानमाल की धमकी देने के मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार पीड़िता हुसनारा पत्नी लियाकत निवासी ग्राम शेखपुर नगला थाना कमालगंज की रहने वाली है। आज दिनांक 22.12.2025 को सुबह 11 बजे बच्चों-बच्चों के विवाद में पड़ोसी तसलीम पुत्र जहीरु व रुबी पुत्री तसलीम, खुशी पुत्री तसलीम, मुकीम पुत्र जहीरु उक्त लोगों ने मेरे साथ गाली-गलौज व लाठी डण्डों से बुरी तरह मारापीटा। मारपीट में मेरे शरीर में गम्भीर चोट आई है। मेरे दांत भी टूट गये। उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

### अतिरिक्त दहेज को लेकर ससुरालीजनों ने महिला को पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** तहसील क्षेत्र के गाँव गौरखेड़ा निवासी प्रीती ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि उसकी विवाह 20 मई 2025 को गाँव गौरखेड़ा निवासी अखलेश माथुर पुक्ष रामवीर माथुर के साथ हुआ था। कुछ ही दिनों बाद अखलेश अतिरिक्त दहेज की माँग को लेकर उसके साथ मारपीट करने लगा। प्रीती ने जब इस उत्पीड़न की शिकायत अपने मायके पक्ष को दी, तो प्रीती के पिता वेदप्रकाश और भाई गुड्डू, मंगली, गोपी, राजेश उसे लेने प्रीती की ससुराल पहुंचे। उसी दौरान प्रीती के साथ जेठ, जिठानी, पति सहित अन्य परिजनों ने मारापीटा। पुलिस ने पीड़िता प्रीती का मेडिकल परीक्षण करवाया।

### शराब सहित युवक गिरफ्तार

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी कर सोमवार देर रात एक व्यक्ति को बीस क्वॉर्टर अवैध शराब के साथ पकड़ लिया। पुलिस व्यक्ति को थाने ले आई। पूछताछ में युवक ने अपना नाम रामपाल निवासी गांव मिलकिया बताया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया।

### विद्युत लाइन पर शिफ्टिंग कार्य के चलते सात घंटे बाधित रहेगी आपूर्ति

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** अवर अभियंता आरपी सिंह ने बताया कंपिल-अलीगंज मार्ग चौड़ीकरण में 33 केवीए विद्युत लाइन पर शिफ्टिंग का कार्य किया जाएगा। इसलिए बुधवार सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने महिला को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव बबना निवासी नसीमा बेगम पत्नी सगीर खाँ 23 अगस्त सुबह दस बजे अपने घर पर साफ-सफाई कर रही थी। उसी समय पड़ोसी मोमीन अपने साथियों के साथ आकर नसीमा बेगम को गाली-गलौज करने लगे। गाली-गलौज का विरोध करने पर मोमीन व उसके साथियों ने नसीमा बेगम को मारपीट कर दी। मारपीट में नसीमा बेगम चोटिल हो गई। थाना पुलिस ने नसीमा बेगम पत्नी सगीर खां की तहरीर पर मोमीन, जाविर, फिरोज और जाकिर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

# मृत गौवंश बछड़े को पेड़ पर रखने से इलाके में सनसनी

- गौ रक्षा के पदाधिकारियों ने गड्ढा खोदकर किया दफन

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

मृत गौवंश बछड़े को पेड़ पर रखे जाने से इलाके में हड़कंप मच गया। बाद में पहुंचे गौ रक्षा के पदाधिकारियों ने गड्ढा खोदकर बछड़े को दफना दिया। थाना कमालगंज के ग्राम गौसपुर में खिन्नी बाबा मजार वाले बाग में आम के पेड़ पर मृत गौवंश बछड़े को रखा देखकर इलाके में सनसनी फैल गई। गौ रक्षा कार्यकर्ता एवं थाना प्रभारी राजीव कुमार मौके पर पहुंचे। मृत बछड़े को पेड़ से उतरा गया। बछड़े का मांस गायब देखकर अनुमान लगाया गया कि बछड़े को कुत्ते नोंचकर खा गए। अनुमान लगाया गया किसी व्यक्ति ने माहौल खराब करने की नीयत से बछड़े के अगले पैरों में रस्सी बांधी तथा रस्सी के सहारे खींचकर बछड़े को पेड़ पर रखा गया। गौ रक्षा के शिवम ठाकुर एवं पुजारी श्री हरिगिरी आदि लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस की मौजूदगी में वहां गड्डा खोदा गया और बछड़े को गड्ढे में दफनाया गया। मृत बछड़ा मिलने पर गांव के अनीस ने बताया कि यह बछड़ा हमारा था जो 3 दिन पूर्व मर गया था। मैंने बछड़े को खिन्नी बाबा मजार के चौराहे के निकट खंती में डाल दिया था।

# नलकूप और खोखे से हजारों की चोरी, घटना सीसीटीवी में कैद

**फर्रुखाबाद/मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

चोरों ने नलकूप व परचून दुकान से हजारों का सामान चोरी कर लिया। चोरी की घटना से ग्रामीणों में दहशत है।

जानकारी के अनुसार मोहम्मदाबाद के खिमसेपुर में चोरों ने एक परचून की दुकान और एक निजी नलकूप को निशाना बनाया। इन वारदातों में हजारों रुपये की नकदी और सामान चोरी हो गया। चोरी की एक घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस को अभी तक इस संबंध में कोई तहरीर नहीं मिली है, लेकिन मामले की जांच शुरू कर दी गई है। नगर पंचायत खिमसेपुर के वार्ड नंबर 8 अवंती बाई नगर ज्योता रोड पर रोशन लाल के परचून के खोखे को अज्ञात चोरों ने बीती रात निशाना बनाया। चोर खोखे का ताला तोड़कर उसमें से 2000 रुपये नकद और लगभग 8000 रुपये का सामान चुरा ले गए। यह पूरी घटना दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। सुबह शौच के लिए जा रहे ग्रामीणों ने रोशन लाल की दुकान खुली देखी और उन्हें इसकी सूचना दी। रोशन लाल ने तत्काल डायल 112 पर कॉल किया। मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम ने चौकी प्रभारी जसवीर सिंह को सूचित किया। जिन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसी क्षेत्र में रोशन लाल की दुकान से लगभग 800 मीटर दूर खेतों में लगे नगला सुर्जन निवासी अरविंद पुत्र आलम सिंह के निजी नलकूप को भी चोरों ने निशाना बनाया। चोर नलकूप का ताला तोड़कर वहां से लगभग 50 किलोग्राम लेजम पाइप चुरा ले गए। चौकी प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि उन्हें चोरी की इन घटनाओं की जानकारी मिली है, लेकिन खबर लिखे जाने तक किसी भी पक्ष से कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।



परचून की दुकान जिसे चोरों ने बनाया निशाना

# कोहरे से थमी ट्रेनों की रफ्तार, कालिंदी आठ घंटे व छपरा-मथुरा छह घंटे लेट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार को घने कोहरे के कारण ट्रेनों की रफ्तार धीमी पड़ गई। कई लंबी दूरी की ट्रेनें अपने निर्धारित समय से घंटों देरी से फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन पहुंचीं। इनमें भिवानी से प्रयागराज जाने वाली कालिंदी एक्सप्रेस सबसे अधिक प्रभावित हुई। यह ट्रेन अपने निर्धारित समय सुबह 6:00 बजे से लगभग 8 घंटे की देरी से दोपहर 1:30 बजे फर्रुखाबाद पहुंची। इसी तरह मथुरा से छपरा जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन भी 6 घंटे की देरी से फर्रुखाबाद पहुंची। इसका निर्धारित आगमन समय सुबह 3:00 बजे था, लेकिन यह सुबह 9:13 बजे स्टेशन पर पहुंची। अन्य ट्रेनों में लखनऊ एक्सप्रेस और कामाख्या एक्सप्रेस भी फर्रुखाबाद में लगभग 2 घंटे की देरी से पहुंचीं। शिकोहाबाद पैसेंजर ट्रेन भी अपने निर्धारित समय से 40 मिनट विलंब से फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन पर आई। ट्रेनों की इस देरी के कारण भीषण सर्दी में यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा। उन्हें घंटों स्टेशन पर इंतजार करना पड़ा। वहीं शाम के समय प्रयागराज से चलकर भिवानी को जाने वाली कालिंद्री एक्सप्रेस का फर्रुखाबाद पहुंचने का टाइम 9:45 बजे का है, लेकिन यह है रात 2:15 बजे फर्रुखाबाद पहुंचेगी। इसके अलावा बांद्रा अंत्योदय ट्रेन को निरस्त कर दिया गया है।



स्टेशन पर खड़ी कालिंदी एक्सप्रेस

# ससुराल व मायके पक्ष के लोगों में मारपीट, ग्यारह घायल

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

पति पत्नी विवाद में ससुराल व मायके पक्ष के लोग आमने सामने हो गए। जमकर मारपीट में दोनों पक्ष से महिला समेत ग्यारह लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

क्षेत्र के गांव गौरखेड़ा निवासी अखिलेश का पत्नी प्रीती से आए दिन बाद विवाद होता रहता है। मंगलवार दोपहर किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर महिला ने मामले की सूचना अपने पिता को दी। जनपद बदायूं के थाना दातागंज के गांव बसोला निवासी पिता वेदप्रकाश स्वजनों को लेकर बेटी की ससुराल पहुंच गए। पंचायत के दौरान दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें वेदप्रकाश पक्ष से धनेश पाल, गुड्डू, गोपालदास, मंगली, राजेश कुमार व वेदप्रकाश व प्रीती व अखिलेश पक्ष से रामवीर, रामकिशन, नीतेश व अखिलेश घायल हो गए। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। वेदप्रकाश ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज भेज दिया। दोनों पक्षों ने थाने पहुंच मामले की तहरीर पुलिस को दी। प्रीती ने ससुरालीजनों पर दहेज उत्पीड़न में मारपीट का आरोप लगाया। प्रीती के अनुसार उनकी शादी आठ माह पूर्व अखिलेश के साथ हुई थी। अतिरिक्त दहेज की मांग में ससुरालीजन आए दिन मारपीट करने लगे। थाना प्रभारी नितिन कुमार ने बताया मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### घायल पति की उपचार के दौरान मौत बोलेरो चालक पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** जनपद एटा थाना राजा का रामपुर गांव खैरपुरा उर्फ सिकंदरपुर सालवाहन निवासी मृतक विपिन कुमार की पत्नी स्वाती ने यूपी76एजे8010 बोलेरो के अज्ञात चालक पर मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 1 दिसंबर को मेरे पति विपिन कुमार अलीगंज-कायमगंज अचरा मार्ग होते हुए मेरे मायके सिलसंडा थाना मेरापुर जा रहे थे। कायमगंज मार्ग बघार नाला पुल के पास पहुंचे, तभी उपरोक्त बोलेरो के अज्ञात चालक ने तेजी व लापरवाही से चलते हुए हमारे पति की मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई और विपिन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी कायमगंज ले जाया गया। वहां से लोहिया के लिए रेफर कर दिया गया। आराम ना होने पर लोहिया से ले जाकर कानपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां 7 दिसंबर को मेरे पति विपिन कुमार की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस ने मृतक विपिन कुमार की पत्नी की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# कैश कलेक्शन कर्मी से लूट मामले में दो गिरफ्तार



घटना का अनावरण करते अपर पुलिस अधीक्षक

- 5,32,888 लाख की लूटी गई नकदी व पिस्टल की बरामद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कैश पिकअप कर्मी को गोली मारकर लूट करने के दो फरार ईनामी चचेरे भाईयों को पुलिस नें दबोच लिया। पुलिस को उनके पास में प्रयोग की गयी पिस्टल व लूटी गयी नकदी भी बरामद कर ली है। कोतवाली मोहम्मदाबाद के ग्राम सकवाई निवासी राजेश पुत्र कप्तान लाल के साथ विगत 15 दिसंबर को बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर लगभग 7 लाख की नगदी लूट ली गई थी। घटना के मास्टर माइंड कपिल कुमार पुत्र कर्मवीर सिंह निवासी जरौठा बलदेव मथुरा को पुलिस नें 1,84,500/-, एक मोबाइल, ड्राइविंग लाइसेंस व एक पर्स आदि के साथ 21 दिसंबर को गिरफ्तार किया था, जबकि उसका छोटा भाई छोटे भाई निखिल व चचेरे भाई मनीश सिकरवार पुत्र सोबरन सिंह फरार थे। एसपी आरती सिंह ने उनके ऊपर 25-25 हजार का ईनाम घोषित किया था। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी फरार निखिल पुत्र कर्मवीर व उसके चचेरे भाई मनीश सिकरवार को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार ने बताया की पकड़े गये दोनों आरोपियों के पास से 5,32,888/- लाख की लूटी गयी रकम, एक पिस्टल, दो जिन्दा कारतूस, एक बाइक बरामद की। पुलिस ने अब तक 7,17,388 रूपये की रकम बरामद की है।

### पुलिस के लिए सिरदर्द बनी लापता छात्रा



लापता छात्रा योजना

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** एक छात्रा के लापता होने के सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। छात्रा के लापता होने के बाद उसके परिवार वालों के मोबाइल पर विदेश के कंट्री कोड 92 से व्हाट्सएप पर फिरौती की कथित कॉल आ रही है। पुलिस मामले में गुमशुदगी दर्ज कर जाँच कर रही है। थाना कमालगंज के बहादुरपुर निवासी राहुल पुत्र रामनरेश नें थाना कमालगंज में गुमशुदगी दर्ज करायी। जिसमें कहा की बीते 17 दिसम्बर को उसकी 21 वर्षीय बहन योजना राजपूत सुबह लगभग 11 बजे अपने घर से रामकृष्ण महाविद्यालय रानूखेड़ा गयी थी, लेकिन वापस नहीं आयी। योजना की काफी खोजबीन की गयी, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। पुलिस नें 18 दिसम्बर को योजना की गुमशुदगी पंजीकृत कर ली, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। 22 दिसम्बर को लापता योजना के भाई राहुल ने पुलिस को फिर एक तहरीर दी। जिसमें बताया की योजना की सहेली सोनम निवासी कन्नौज अपने भाईयों के सहयोग से योजना को बेचने के उद्देश्य से उसे अपने साथ ले गयी इसके बाद लापता योजना के परिजनों के फोन पर विदेश के कंट्री कोड 92 से व्हाट्सएप पर फिरौती की कथित कॉल आ रही है। फोन करने वाला शख्स योजना के परिजनों से 2 से 5 लाख रूपये की फिरौती की मांग कर रहा है। फिरौती की रकम बैंक खाते में डालने का दबाब बना है। परिजन जब रकम की मात्रा कुछ कम करने की कहते हैं, तो फोन कर फिरौती मांगने वाला शख्स योजना के ना मिलने की धमकी दे रहा है। जिससे परिजन हैरान है। फोन करने वाला शख्स कह रहा है की रकम देने के बाद लड़की घर से 20 किलोमीटर दूर कहीं मिलेगी। कमालगंज थाना अध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया की गुमशुदगी दर्ज कर ली गयी है। पाकिस्तान कोड से आ रहे फोन नम्बर की भी जाँच की जा रहा है। फोन करने वाले साइबर ठग हो सकते हैं।

# ईडी ने पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी के खिलाफ 17 मामलों में चार्जशीट की दाखिल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

डॉ. जाकिर हुसैन मेमोरियल ट्रस्ट के माध्यम से कृत्रिम अंग व उपकरण वितरण के घोटाले में पूर्व विदेश मंत्री की पत्नी पूर्व विधायक सहित चार लोगों के खिलाफ सभी 17 मामलों में ईडी आरोप पत्र दाखिल कर चुकी है। इसी संदर्भ में ईडी की टीम फर्रुखाबाद में पहुंचने की चर्चा है। पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद व अन्य आरोपियों की मुश्किलें बढ़ सकती है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) लखनऊ क्षेत्रीय कार्यालय ने 11 अगस्त 2025 को अभियोजन शिकायत पीसी दायर की थी, जिसमें डॉ0 जाकिर हुसैन मेमोरियल ट्रस्ट, लुईस खुर्शीद पत्नी सलमान खुर्शीद और मोहम्मद अथर पर लगे 45.92 लाख रुपये की संपत्ति जब्त करने और धन शोधन के अपराध में दोषी ठहराए जाने की मांग की गई थी। इन आरोपियों पर ट्रस्ट द्वारा कृत्रिम अंग और उपकरण वितरित करने में सरकारी धन के दुरुपयोग से संबंधित आरोप थे, जिसका उपयोग ट्रस्ट ने अपने निजी लाभ के लिए किया था। विशेष पीएमएलए न्यायालय लखनऊ ने 25 नवम्बर 2025 को इस पीसी का संज्ञान लिया। ईडी ने उत्तर प्रदेश पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा द्वारा डॉ0 जाकिर हुसैन मेमोरियल ट्रस्ट के प्रतिनिधि प्रत्युष शुक्ला और अन्य के खिलाफ दर्ज 17 एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की। पुलिस ने ट्रस्ट के तत्कालीन सचिव अथर फारूकी उर्फ मोहम्मद अथर और तत्कालीन परियोजना निदेशक लुईस खुर्शीद के खिलाफ सभी 17 मामलों में आरोपपत्र दाखिल किए हैं। ईडी की जांच में पता चला कि ट्रस्ट को प्राप्त 71.50 लाख रुपये की अनुदान राशि का उपयोग केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत शिविरों के आयोजन के लिए नहीं किया गया था। आरोप है कि इस धनराशि का दुरुपयोग प्रत्युष शुक्ला, मोहम्मद अथर और लुईस खुर्शीद ने ट्रस्ट के हितों और अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए किया। इससे पहले ईडी ने उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद में कृषि भूमि के रूप में 29.51 लाख रुपये मूल्य की 15 अचल संपत्तियों और ट्रस्ट से जुड़े चार बैंक खातों में पड़े 16.41 लाख रुपये की राशि को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया था। इसी मामले में सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ईडी की टीम ने फर्रुखाबाद देर शाम पहुंचकर डेरा डाल लिया। फिलहाल इस संदर्भ में अभी तक जिला स्तर के किसी अधिकारी ने आने की पुष्टि नहीं की है।

# महिला सम्मान से कोई समझौता मंजूर नहीं : उर्मिला राजपूत

**▸ सपा ने विरोध प्रदर्शन कर सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

डॉक्टरों के नियुक्ति-पत्र वितरण कार्यक्रम में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक मुस्लिम महिला का नकाब खींचा गया था, उस विवादास्पद इस स्थिति को भाजपा के केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और उत्तर प्रदेश में मंत्री संजय निषाद ने अभद्र बयान देकर और बढ़ावा दिया। जिसको लेकर समाजवादी महिला सभा का गुस्सा आज सड़कों पर दिखाई दिया। सपा महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव के आवाह्न पर पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत एवं महिला सभा की जिलाध्यक्ष सुलक्षणा सिंह के नेतृत्व में महिलाएं सड़क पर उतरीं एवं नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। नितीश कुमार इस्तीफा दो के भी नारे लगाये। दिये गये ज्ञापन में कहा कि किसी महिला के नकाब को हाथ लगाना सभ्य समाज की सोच नहीं हो सकती। मांग की कि सभी व्यक्तियों को बर्खास्त कर इनके खिलाफ मुकदमा चलना चाहिए।

जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि इतने महत्वपूर्ण पदों पर बैठे हुए लोग जब इस तरह की बात करेंगे तो महिला सम्मान कहां पर सुरक्षित रह जाएगा। उर्मिला राजपूत ने कहा महिला सम्मान के साथ किसी भी तरह का कोई समझौता मंजूर ही नहीं किया जा सकता। जिस देश में कहा जाता हो कि जहां नारियों की पूजा होती है वहीं



विरोध प्रदर्शन के दौरान सपा महिला सभा पदाधिकारी

देवता निवास करते हैं उस देश में अब यह कैसी धार्मिक सरकार आई है जो महिलाओं की अस्मिता को खिलौना समझ रही है महिला सम्मान को लगातार कुचल रही है।

महिला सभा की जिलाध्यक्ष सुलक्षणा सिंह ने कहा कि हमें लगता है कि आजकल सत्ता पक्ष में यह होड़ लग गई है कि जो जितना बड़ा व्यभिचारी वह उतना बड़ा भाजपाई, शायद इसी नारे से प्रेरित होकर पूरी भाजपा आज महिला सम्मान के साथ खिलवाड़ कर रही है जो किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान इलियास मंसूरी, सुभाष चंद्र शाक्य, आलोक यादव, उर्मिला राजपूत, प्रतिभा यादव, पूजा कठेरिया, राम देवकी, रत्ना, सीमा, जल देवी, संपदा, पार्वती, धनदेवी, छोटी देवी, किरण, रीवा, फरजाना, जरीना, यासमीन, रानी, मुन्नी बेगम, सीमा, महरूनिशा, अनीता वर्मा, संगीता, रुकमलता आदि उपस्थिति रही।

# स्वामी श्रद्धानंद के 99वें बलिदान दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


कार्यक्रम को सम्बोधित करते चन्द्रदेव आर्य

आर्य समाज के प्रखर सन्यासी व भारतीय शुद्धि आंदोलन के प्रणेता महान स्वतंत्रता सेनानी स्वामी श्रद्धानंद के 99वें बलिदान दिवस पर आर्य समाज नवाबगंज में कार्यक्रम का आयोजन कर उनको श्रद्धांजलि दी गयी। यज्ञ का आयोजन किया गया। अध्यक्षता जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने की। उन्होंने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद भारतीय इतिहास के ऐसे महान संन्यासी, समाज सुधारक और देशभक्त थे, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र, धर्म और समाज की सेवा में समर्पित कर दिया। उनका जन्म 22 फरवरी 1856 को पंजाब के तलवंडी ग्राम में हुआ। उनका मूल नाम मुंशी राम था। वे प्रारंभ से ही मेधावी, साहसी और सत्यप्रिय थे। शिक्षा प्राप्त करने के बाद उन्होंने कुछ समय तक सांसारिक जीवन भी जिया, किंतु अंततः उनका मन आध्यात्मिक और राष्ट्रीय सेवा की ओर उन्मुख हो गया। महर्षि दयानंद सरस्वती के वैदिक विचारों से प्रभावित होकर मुंशी राम ने संन्यास ग्रहण किया और स्वामी श्रद्धानंद कहलाए। उन्होंने वेदों को जीवन का आधार बनाकर समाज में सत्य, नैतिकता और साहस का प्रचार किया। वे मानते थे कि धर्म का वास्तविक स्वरूप मानव सेवा और राष्ट्र उत्थान है। डॉ. शिवराम सिंह आर्य ने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद ने शुद्धि आंदोलन के माध्यम से समाज को संगठित किया और धर्मांतरण के विरुद्ध जागरूकता फैलाई। वे छुआछूत, नशाखोरी और सामाजिक कुरीतियों के घोर विरोधी थे। स्वतंत्रता संग्राम में उन्होंने महात्मा गांधी के साथ असहयोग आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई। परंतु 23 दिसंबर 1926 को एक मतान्ध मुस्लिम अब्दुल रशीद ने धोके से गोली मारकर उनकी हत्या कर दी और इस तरह राष्ट्र और समाज की सेवा करते हुए वे शहीद हो गए। कार्यक्रम में डॉ. हरिनंदन सिंह आर्य, यशवीर आर्य, रनवीर सिंह आर्य, राजेश आर्य, दफेदार सिंह आर्य, मुन्नालाल आर्य, अमित कुमार आर्य, डॉ. नवरंग सिंह आर्य आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने की वृहद पौधारोपण की तैयारियों की समीक्षा



बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारीगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

आगामी वित्तीय वर्ष 2026-2027 में विभिन्न विभागों द्वारा किये जाने बाले वृहद वृक्षारोपण की तैयारियों की समीक्षा की गई। डीएम ने पिछली बैठक में दिये गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई व निर्देशित किया कि सभी विभाग समय से वृक्षारोपण की तैयारिया करना सुनिश्चित करे। 2025 के समान ही लक्ष्य रहेगा, अगले वर्ष के वृक्षारोपण के लिए जमीन का चिन्हांकन अभी से कर लिया जाये। डीएफओ ने बताया कि 2025 के वृक्षारोपण का अंतर्विभागीय सत्यापन हो गया है, सभी विभागों की गणना पंजिका तैयार हो गई है, वैन विभाग द्वारा आगामी वृक्षारोपण के लिए नर्सरी की तैयारी कर ली है। डीएम ने मेला श्री रामनगरिया में प्लास्टिक व थर्माकोल की पत्तलें प्रतिबन्धित करने के निर्देश दिये व गंगा घाट की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के लिये निर्देशित किया। बैठक में पुलिस अधीक्षक, डीएफओ, पीडीडी आरडी व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत जनपद स्तरीय कार्यशाला आयोजित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद स्तर पर प्रशासन गांव की ओर, सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व तत्कालीन डीएम मानवेन्द्र सिंह रहे। अतिरिक्त विशेष अतिथि से0नि0 प्रोफेसर/शिक्षा विध डॉ0 विनोद कुमार तिवारी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलन कर किया। पूर्व डीएम मानवेन्द्र सिंह ने कहा कि अधिकारियों को जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी रहती है। उन्होंने कहा कि राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को सावधानी से कार्य करना चाहिए और सरकार की मंशा के अनुरूप बिना किसी के दबाव में आये सरकारी योजनाओं का लाभ एवं न्याय दिलाने में सजग रहना चाहिए। उन्होने जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी द्वारा



कार्यालय में मौजूद डीएम एसपी व अतिथिगण

किये जा रहे कार्यो की प्रशांसा की, साथ ही उन्होने पुलिस अधीक्षक आरती सिंह द्वारा जनपद में कानून व्यवस्था को सुधारने के लिए किये जा रहे प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने कहा की सुशासन के अनुरुप कार्य करने में पुलिस पर बहुत दवाव होता है, किन्तु मुख्यमंत्री के नीतियों के फलस्वरूप प्रदेश में विकास कार्यो एवं कानून व्यवस्था में अभूतपूर्व सुधार 2017 के बाद देखने को मिले है। डॉ0 विनोद कुमार तिवारी ने सुशासन के महत्व को रेखांकित किया और उन्होंने स्व0 अटल बिहारी बाजपई को याद करते हुये उनकी सुशासन नीतियों की चर्चा की। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने कहा कि जनपद के अधिकारी सरकारी योजनाओं को समाज के अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचने के लिए प्रतिबद्व है। उन्होंने जनसमुदाय से भी अपील की कि उनकी सभी योजनाओं में सक्रिय भागीदारी रहे, ताकि जनकल्याणकारी योजनाओं को सभी तक पहुंचाया सके। 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के आयुष्मान कार्ड न बने होने की जानकारी होने पर मौके पर ही पात्र लाभार्थियों के कार्ड बनाये जाने के निर्देश आयुष्मान के नोडल अधिकारी को दिये गये।

पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने कहा कि कानून व्यवस्था बेहतर चले कि इसके लिए आवश्यक है कि जनता भी पुलिस का सहयोग करें। उन्होने कहा कि बिना भागीदारी के अपराधो पर नियंत्रण नहीं कर सकते है। सीडीओ विनोद कुमार गौड़ ने भी गुड गर्वेन्स के बारे में बताया गया। कार्यशाला में किसान नेता स्व0 चौधरी चरण सिंह को वक्ताओं ने श्रद्धांजली अर्पित की गई। संचालन जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी ने किया। कार्यशाला में भाजपा के पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक वीरेन्द्र सिंह राठौर, उपकृषि निदेशक अरविन्द कुमार मिश्रा, परियोजना निदेशक कपिल कुमार एवं समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बांग्लादेश में हिन्दुओं के उत्पीड़न का भगवा भारत रक्षा दल ने किया विरोध

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** भगवा भारत रक्षा दल के कार्यकर्ता प्रदेश कार्यालय नगर के सब्जी मंडी जवाहर गंज पर एकत्रित हुए और बीते दिन बांग्लादेश में दीपू दास जो हिंदू समाज से था, को कट्टर मुस्लिमों ने रास्ते से बेवजह पकड़ लिया और पेड़ से बांध दिया तथा दीपू दास को जिंदा जला दिया। इसके विरोध में पूरे भारत में बांग्लादेश सरकार का बड़े पैमाने पर विरोध किया जा रहा है। इसी क्रम में भगवा भारत रक्षा दल कट्टरपंथी यूनुस खान का पुतला फूंककर विरोध प्रकट करता है व भारत सरकार से मांग करता है कि इस जुल्मकार देश जिसमें हिंदू समाज की बेरहमी से हत्या व बलात्कार व तरह-तरह से उत्पीड़न किया जाता है। इस बांग्लादेश को समस्त निर्यात किए जाने वाले खाद्य पदार्थ आदि पर तत्काल रोग लगा दे, ताकि यह भी पाकिस्तान की तरह भिखारी बन जाए व बांग्लादेश में रह रहे सनातियों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाएं। इस मौके पर भगवा भारत रक्षाबंधन के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना, अनूप चौबे, लखन कौशल, दिलीप, शिवमंगल कौशल, सनी शर्मा, अमित वर्मा, ज्ञानचंद शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# कराटे खिलाड़ियों ने जीते आठ गोल्ड, 11 सिल्वर व पांच कांस्य मेडल

**▸ बनारस में 20 व 21 दिसम्बर को हुई थी नेशनल कराटे प्रतियोगिता**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नेशनल कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड व सिल्वर मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

तिकोना सब्जी मंडी स्थित पुष्कर कराटे अकादमी सम्बद्द वर्ल्ड मॉडर्न शोटोकन फेडरेशन ऑफ की टीम ने बनारस के सिगरा स्टेडियम में 20, 21 दिसंबर को 10वीं नेशनल कराटे प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। जिसमें जनपद टीम ने 8 गोल्ड, 11 सिल्वर, 5 ब्रॉउन मेडल प्राप्त किये। वहीं टीम ने उत्तर प्रदेश की सबसे ज्यादा मेडल प्राप्त करने का खिताब भी अपने नाम



प्रतियोगिता में मौजूद कराटे खिलाड़ी

किया। प्रतिभागियों को प्रतियोगिता की डायरेक्टर किसले मानव ने विजेताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग आयोग दर्जा प्राप्त मंत्री सोहन लाल माली व असिस्टेंट कमिसनेर धीरेंद्र कुमार रहे। प्रतियोगीता में लगभग 17 प्रदेशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, हरियाणा, राजस्थान, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश आदि 17 प्रदेशों से 2000 बच्चों ने भाग लिया। गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में अर्पिता भारद्वाज, अर्णव कुमार, नैतिक यादव, पाखी सक्सेना, उमंग तिवारी, वैनावी वर्मा, आदित्य पाल, आरव रस्तोगी ने प्राप्त किया। वहीं सिल्वर मेडल प्राप्त करने वाले कृष्णा गुप्ता, आदित्य चतुर्वेदी, वीर सिंह, अभ्या मिश्रा, आर्या दुबे, संजना, आस्था सैनी, चेतन सिंह, सेरेस्ट वर्मा, सक्षम रस्तोगी, आर्यन सैनी ने प्राप्त किया। ब्रॉउन मेडल प्राप्त करने वाले संस्कार अग्रवाल, दर्श गुप्ता, उन्नति, निष्ठा मल्होत्रा, आयुष मिश्रा ने प्राप्त किया। कोच पारस भारद्वाज व आरती भारद्वाज ने सभी शुभकामनायें की। संरक्षक मिथलेश अग्रवाल, विधायक सुशील शाक्य, मोनिका यादव, सुमन राठौर, लालजी सक्सेना, ठा0 सर्वेन्द्र सिंह, अध्यक्ष अंजुम दुबे, सचिव अवनिन्दर कुमार, सोनू आदि सभी मेडल प्राप्त खिलाड़ियों को बधाई दी और कहा कि बच्चे ज्यादा से ज्यादा प्रतियोगिताओं में भाग ले, जिससे जिले व अपने माता पिता का नाम रोशन कर सकें।

# किसान दिवस मेले में अन्नदाता हुए सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर किसान सम्मान दिवस का आयोजन फतेहगढ़ स्थित एक गेस्ट हाउस में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने की। मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत रहे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा, वीरेन्द्र सिंह राठौर, डी.एस. राठौर, कपिल कुमार परियोजना निदेशक, श्याम कुमार तिवारी जिला विकास अधिकारी, अरविन्द गोहन मिश्र उप कृषि निदेशक, बी.के. सिंह जिला कृषि अधिकारी, गुंजा जैन पर्यावरणविद् मौजूद रहे।

उप कृषि निदेशक ने बताया कि चौधरी चरण सिंह जन्म दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में अधिक उत्पादन/उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषकों को सम्मानित किया जा रहा है। खरीफ रात्र में उर्द, मक्का एवं रवी में गेहूं, सरसों एवं मसूर की फसल तथा उद्यान, मत्स्य, पशुपालन, गन्ना के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 57 कृषकों को सम्मानित किया। जनपद


कार्यक्रम में मौजूद डीएम व जनप्रतिनिधि

में 13 कृषक प्रथम, 13 कृषक द्वितीय एवं 31 कृषक विकास खण्ड स्तर पर सम्मानित किये जायेगें। प्रथम पुरुस्कार हेतु रू0 7 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार हेतु 5 हजार रुपये एवं विकास खण्ड स्तरीय पुरस्कार 2 हजार रुपये कृषकों के खाते में डी.बी.टी. के माध्यम से उपलब्ध करायी। कृषक प्रतिनिधि एवं प्रगतिशील अन्य कृषकों को भी सम्मानित किया गया। पर्यावरणविद् गुंजा जैन ने बताया कि किसान सम्मान दिवस एक राष्ट्रीय पर्व है, किसानों के माध्यम से ही देश का विकास होगा। वीरेन्द्र राठौर ने कहा कि चौ0 चरण सिंह जमीन से जुड़े हुये नेता थे, जो जीवन भर किसानों के हित के कार्य करते रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा ने कहा कि किसान सम्मान दिवस का आयोजन 2001 से प्रारम्भ किया गया है तथा प्रत्येक वर्ष उत्साह के साथ मनाया जाता है। कृषक संतुलित उर्वरक, नैनो यूरिया, नैनो डीएपी तथा जैविक खेती का उपयोग करें। सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि चौधरी चरण सिंह को कृषकों का मसीहा भी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि जब देश आजाद हुआ था तब गेहूँ खाने हेतु भी उपलब्ध नहीं होता था, परन्तु अब देश के समस्त गोदाम अन्न से भरे हुये हैं, आज भारत से मसाले, फल, सब्जियां, अन्न एवं मोटा अनाज विदेशों में भेजा जा रहा है। डीएम ने कहा कि चौ0 चरण सिंह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा बाद में देश के प्रधानमंत्री भी रहे। चौ0 चरण सिंह के अनुसरण पर वर्तमान सरकार किसानों के हितों में कई कार्य कर रही है।



जयंती मनाते लोकदल के पदाधिकारी

## जयंती पर लोकदल के पदाधिकारियों ने चौधरी चरण सिंह को किया याद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय लोक दल के पार्टी कार्यालय पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री व किसानों के मसीहा स्व. चौधरी चरण सिंह की 123 वीं जयंती कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। प्रदेश महासचिव राजीव रंजन ने कहा कि सभी को उनके विचारों से प्रेरित होकर चलने का आवाहन किया। जिलाध्यक्ष सूरज चौहान ने स्व. चौधरी चरण सिंह को याद करते हुए कहा कि उन्होंने सत्ता के शिखर तक पहुंचकर खेत और किसान एवं गांव के लोगों को तरक्की दी और भारतीय राजनीति में किसान चेतना को लोकतंत्र के केंद्र में रखा। उनकी सेवा और संघर्ष को आज भी लोग याद करते है। इस अवसर पर अनिल सिंह चौहान, नईम खान, समसुद्दीन, अनंत यादव, बीके शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# सांसद खेल स्पर्धा के तहत क्रिकेट टूर्नामेंट सम्पन्न

**▸ तीन विकेट से भाजपा जिला पदाधिकारी की टीम हारी**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार को स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में सांसद खेल स्पर्धा के अंतर्गत भाजपा के जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों के मध्य क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजन में मंडल अध्यक्षों की टीम ने तीन विकेट से जिला पदाधिकारियों की टीम को हराया। क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारम्भ सांसद मुकेश राजपूत एवं जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने किया।

क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजन होने से पूर्व सांसद मुकेश राजपूत ने कहा पूरे जनपद में सांसद खेल स्पर्धा कार्यक्रम


क्रिकेट के शुभारम्भ पर मौजूद सांसद व अन्य

आयोजित हो रहा है, जिसका समापन 25 दिसंबर को होगा। जनपद के प्रतिभाशाली प्रतिभागी खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पूरे जनपद में सांसद खेल महोत्सव के कार्यक्रम को लेकर उत्साह है, खेल महोत्सव में विभिन्न खेल आयोजित हुए हैं। समापन दिवस अवसर पर विजयी खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम की श्रृंखला में जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों की टीमों के बीच क्रिकेट मैच आयोजित हुआ। आयोजन के माध्यम से खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजन किए जा रहे हैं। 25 दिसंबर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की 100वीं जयंती के अवसर पर सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम का समापन होगा। अभियान के संयोजक जिला मंत्री अमरदीप दीक्षित ने बताया 14 दिसंबर से आयोजित हुए खेल महोत्सव को 25 दिसंबर को अंतिम रूप दिया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता, डीएस राठौर, संजीव गुप्ता, जय गंगवार, रिशिपाल सिसोदिया, विजय गुप्ता, गोपाल राठौर, डॉ0 प्रभात अवस्थी, अभय कठेरिया, रश्मि दुबे, रमला राठौर, धर्मेंद्र राजपूत, राजकुमार वर्मा, वीर बहादुर पाल, देवेंद्र दुबे, मयंक सिंह बुंदेला, अंकित गुप्ता, महेंद्र राजपूत, निर्मल शाक्य, अनुज राजपूत, धीरेंद्र वर्मा, डॉ0 उदय प्रताप सिंह, शिवांग रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।

## हिंदू अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के विरोध में बांग्लादेश पीएम का फूंका पुतला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार और हिंदू युवक दीपू दास की निर्मम हत्या के विरोध में बांग्लादेश के प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस का पुतला दहन किया। सरकार से मांग की कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने बांग्लादेश सरकार के खिलाफविरोध दर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पर बांग्लादेश के प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस का पुतला फूंका। जिसमें सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। विरोध प्रदर्शन में विभाग संयोजक बजरंग दल अभिषेक शाक्य, जिला मंत्री अखिलेश मिश्रा, ईश्वरदास ब्रह्मचारी महाराज, जिलाध्यक्ष मुकेश बाथम, जिला सहसंयोजक बजरंग दल रोहन मिश्रा, जिला संयोजक सुदीप कुमार, दुर्गा वाहिनी जिला संयोजक विधि सिंह, जिला सुरक्षा प्रमुख आकाश, अर्पित, प्रखंड मंत्री सिद्धांत सिंह, प्रखंड मंत्री विनोद, श्रवण, आर्यन, चंदन मिश्रा, अंकित, नितिन, आकाश, आकाश प्रजापति, अभय शुक्ला, योगेंद्र, अंकित तिवारी, विमलेश मिश्रा आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।


विरोध प्रदर्शन करते हिन्दू संगठन के लोग

# जन सामान्य को विधिक साक्षरता के प्रति किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में मंगलवार को विधिक साक्षरता एवं विधिक जागरुकता शिविर कार्यक्रम जेपी मेमोरियल विद्यालय खुदागंज के परिसर में स्थानीय जन सामान्य को विधिक रुप से साक्षरता एवं जागरुकता उत्पन्न कराते हुए सम्पन्न किया गया। शुभारम्भ अपर जिला जज संजय कुमार ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण के साथ किया। स्थानीय जनसमान्य, जनता बुजुर्ग एवं बच्चों ने भाग लिया। अध्यक्षता कर रहे सचिव ने बताया कि न्याय अब निर्धन के द्वार चल पड़ा है,हर व्यक्ति तक न्याय पहुंचे और कोई न्याय से तचित न रह जाये इसके लिये


सम्बोधित करते अपर जिला जज

विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 का गठन किया गया है जो सन् 1995 से लागू हुआ है। जिसके आधार पर राष्ट्रीय स्तर पर राज्य स्तर पर, जिला स्तर, तहसील स्तर एवं अब ग्राम स्तर तक सभी को न्याय उपलब्ध कराया जाना न्याय विभाग की अनिवार्यता है, जिसके अन्तर्गत बाल विवाह के रोकथाम का प्रयास भी जागरुकता, शिविर दवारा किया जाएगा। लोग दूसरे को परेशान करने के लिये थाना एवं न्यायालय न आये, लेकिन अधिकारों का हनन होने पर थाना एक न्यायालय से अवश्य जाए। अधिवक्ताा खुशनवाज खाँ ने मध्यस्थ दवारा स्थानीय एवं ग्रामीण भाषा में समस्या को स्थानीय स्तर घर ही मिल बैठ कर निपटाने की बात को लेके सुझाव दिया। सगीर अहमद खां ने मध्यस्थ द्वारा सामाजिक इकाई परिवार में होने वाले विवादों को सुलह समझौते के आधार पर अथवा मध्यस्थता केन्द्र के माध्यम से निपटाने का सुझाव दिया। सुरेन्द्र कुमार राणा डिप्टी चौक नीग्ल एंड डीफेन्स काउन्सिल द्वारा खुदागंज की धरती आयोजित कार्यक्रम की सरहाना करते हुये कारागारी में निरुद्ध बंदियों की हर सम्भव समस्यों को हल करने का अश्वासन दिया। तथा 340 बन्दियों को कारागार से बाहर कर विधिक सेवायों की सरहाना की तथा 200 बन्दियों की अपीलों के लिये कार्यवाही भी भेजने के लिये विधिक सहायता उपलब्ध करना बताया गया। जवाहर सिंह गंगवार, राजरानी श्रीवास्तव, स्नेहलता शाक्य ने विधिक सेवाओं के बारे में विचार रखे। संचालन उमा मिश्रा ने किया। धन्यवाद प्रवीर सिंह चौहान ने ज्ञापित किया।

# डायरिया से डर नहीं, कार्यक्रम से जुड़े केमिस्ट, हरसम्भव मदद का भरोसा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से जनपद में चल रहे डायरिया से डर नहीं, कार्यक्रम के तहत मंगलवार को एक होटल में दवा व्यापारियों और केमिस्ट एसोसिएशन के सदस्यों की अभिमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला में डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में उनके योगदान को लेकर एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ चर्चा हुई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मेडिकल स्टोर पर आने वालों को डायरिया के बारे में जानकारी देना, उससे बचाव व रोकथाम के उपायों की जानकारी देना और चिकित्सक के पास जाने की सलाह देना था। पीएसआई इंडिया के अम्बरीष पांडे ने बताया कि डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के 13 और बिहार के तीन जनपदों में चलाया जा रहा है, जिसमें शून्य से पांच साल तक के बच्चों की डायरिया के कारण होने वाली


कार्यशाला में मौजूद एसो. पदाधिकारी

मृत्यु दर को शून्य करना और दस्त प्रबंधन को बढ़ावा देना है। अध्यक्षता करते हुए केमिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रवि शंकर चौहान ने कार्यक्रम को सफल बनाने में हर सम्भव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि समुदाय में डायरिया को लेकर आज भी बहुत सी भ्रांतियां व्याप्त हैं, जिनको दूर करना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा ओआरएस दस्त से बच्चे के शरीर में पानी की कमी को पूरा करता है और जान बचाता है। केमिस्ट एसोसिएशन के सचिव मनोज मिश्र ने कहा कि लोगों में यह भी भ्रम है कि दस्त होने पर बच्चे को ठोस आहार नहीं देना चाहिए, ऐसा कतई नहीं है छह महीने से बड़े बच्चों को हल्का और पचने वाला आहार देना जारी रखें। केमिस्ट अमन रस्तोगी के सवालों का जवाब देते हुए पीएसआई इंडिया के अम्बरीष पांडे ने बताया कि दस्त के दौरान भी स्तनपान जारी रखें, मां का दूध बच्चे को पोषण और ताकत देता है। केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि शंकर चौहान ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यशाला में केमिस्ट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष शिवम रस्तोगी, मोहित चौहान, गौरव सक्सेना, अरविंद पाल, अमरनाथ गुप्ता, दिनेश श्रीवास्तव, अनुपम मिश्र तथा करीब 30 दवा व्यापारी उपस्थित रहे।

# क्रिसमस को लेकर कैरल सिंगिंग और सेंट जॉन्स चर्च में तैयारियां चरम पर

**गोला गोकर्णनाथ खीरी समृद्धि न्यूज।**





गोला गोकर्णनाथ, खीरी स्थित सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में बने चर्च में आगामी 25 दिसंबर को मनाए जाने वाले क्रिसमस पर्व को लेकर तैयारियां पूरे उत्साह, श्रद्धा और धार्मिक उल्लास के साथ चल रही हैं। चर्च परिसर को रंग-बिरंगी लाइटों, आकर्षक सजावटी वस्तुओं, भव्य क्रिसमस ट्री और धार्मिक प्रतीकों से सजाया गया है, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय और आनंदमय हो गया है। क्रिसमस पर्व के अवसर पर प्रति वर्ष हज़ारों की संख्या में नगरवासी चर्च पहुंचकर कैंडल जलाते हैं और प्रभु यीशु मसीह के जन्म की खुशी में प्रार्थना करते हैं। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जिसमें न केवल ईसाई समाज बल्कि अन्य समुदायों के लोग भी बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हैं। इस आयोजन के माध्यम से शांति, प्रेम, करुणा और भाईचारे का संदेश समाज में प्रसारित होता है।

इसी क्रम में चर्च के फादर बैलेरियन पिंटो के नेतृत्व में 18 दिसंबर से नगर के विभिन्न स्थानों पर कैरल सिंगिंग का आयोजन किया जा रहा है। कैरल सिंगिंग के माध्यम से प्रभु यीशु मसीह के जन्म का संदेश घर-घर तक पहुंचाया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भागीदारी देखने को मिल रही है, जिससे पूरे नगर में क्रिसमस की रौनक साफ दिखाई दे रही है।

इन सभी आयोजनों को सफल और सुव्यवस्थित बनाने में सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य फादर अनूप टिर्की की अहम भूमिका रही है। उनके मार्गदर्शन में विद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी एवं स्वयंसेवक आयोजन से जुड़े कार्यों में सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं।

वहीं विद्यालय की हेडमिस्ट्रेस सिस्टर स्नेहा द्वारा विद्यार्थियों को कैरल सिंगिंग, अनुशासन और सेवा भावना के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उनकी देखरेख में छात्र-छात्राएं न केवल धार्मिक गीतों की प्रस्तुति दे रहे हैं, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को भी आत्मसात कर रहे हैं, जिससे इन कार्यक्रमों को एक सशक्त और गरिमामय स्वरूप मिल रहा है। क्रिसमस पर्व यानी 25 दिसंबर को शाम 5 बजे से लेकर लगभग 8 बजे तक श्रद्धालुओं का चर्च में निरंतर आगमन रहता है। बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से गोला कोतवाली पुलिस द्वारा विशेष निगरानी एवं आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था की जाती है। पुलिस बल द्वारा चर्च परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सतर्कता बरती जाती है, ताकि आयोजन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हो सके। चर्च समिति, विद्यालय प्रशासन, शिक्षकगण एवं स्वयंसेवकों द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। नगरवासियों, विद्यार्थियों और शिक्षकों में क्रिसमस पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। यह आयोजन न केवल एक धार्मिक पर्व है, बल्कि आपसी सौहार्द, सेवा और मानवता के मूल्यों को मजबूत करने का भी संदेश देता है।

## चोरों का तांडव, बंद घर को बनाया निशाना जेवरात व पार की 70 हजार की नकदी



**मितौली-खीरी।** कस्बे में चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मैगलगंज रोड स्थित पुरानी पेट्रोल पंप के पास रहने वाले उमेश कुमार गुप्ता के घर सोमवार रात चोर पीछे के रास्ते से घुस गए। चोरों ने घर में रखी अलमारी और बक्सों को तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात तथा लगभग 70 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। मंगलवार सुबह घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। थानाध्यक्ष महेश पाठक ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है, जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। चोरी की घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है और लोगों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने की मांग की है।

**राशन कार्ड के लिए दिव्यांग किसान की गुहार**

## एसडीएम से मांगी धरने की अनुमति, चार दिन का अल्टीमेटम

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**

राशन कार्ड न बनाए जाने से परेशान एक दिव्यांग किसान ने एसडीएम से धरना देने की अनुमति मांगी है। मामला तहसील क्षेत्र के जगन्नाथपुर मजरा जलालपुर गांव का है।जगन्नाथपुर निवासी छेदेलाल पुत्र पित्तमलाल अनुसूचित जाति वर्ग से हैं। वह गरीब किसान होने के साथ 50 प्रतिशत दिव्यांग भी हैं और किसान यूनियन के सदस्य हैं। छेदेलाल ने बताया कि वह लंबे समय से राशन कार्ड बनवाने के लिए, संबंधित कार्यालयों में कई बार आवेदन कर चुके हैं, लेकिन अब तक उनका राशन कार्ड नहीं बन पाया है। उन्होंने कहा कि राशन कार्ड न होने के कारण उन्हें सरकारी योजनाओं और सस्ते गल्ले के राशन जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। बार-बार प्रार्थना पत्र देने के बावजूद सुनवाई न होने से वह मानसिक और आर्थिक रूप से बेहद परेशान हैं। पीड़ित किसान ने इस संबंध में एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वह धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने प्रशासन को चार दिन का समय देते हुए समस्या के निस्तारण की मांग की है और धरने की अनुमति भी मांगी है।

## बेसिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में अन्नू भारती की प्रस्तुति ने मोहा मन

- शिक्षक बोले, बच्चों की छिपी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करते हैं इस तरह के मंच

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



लखीमपुर खीरी लालपुर स्टेडियम में आयोजित बेसिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों में ईसानगर ब्लॉक के संविलयन विद्यालय ऐरा की छात्रा अन्नू भारती ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से सभी दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए अन्नू भारती ने 'यशोमति मैया से बोले नंदलाला' भजन पर भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया। उसके चेहरे के भाव, नृत्य की लय और आत्मविश्वास ने मंच पर मौजूद सभी लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय के अध्यापकों ने कहा कि अन्नू शुरू से ही सांस्कृतिक गतिविधियों में रुचि रखती है और नियमित अभ्यास के कारण आज उसने इतना सुंदर प्रदर्शन किया है। शिक्षकों ने कहा कि इस तरह के मंच बच्चों की छिपी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करते हैं।खंड शिक्षा अधिकारी ईसानगर अखिला नन्द राय ने अन्नू की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि परिषदीय विद्यालयों के बच्चे प्रतिभा में किसी से कम नहीं हैं, बस उन्हें सही मंच और मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। उन्होंने विद्यालय परिवार को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में मौजूद अन्य प्रशासनिक अधिकारियों एवं अतिथियों ने भी नन्ही कलाकार की खुले दिल से प्रशंसा की और भविष्य में ऐसे आयोजनों को और अधिक प्रोत्साहित करने की बात कही।

## गायत्री महायज्ञ का निमंत्रण देने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल से बैंक मैनेजर पर अभद्रता का आरोप, बैंक का घेराव

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**



निघासन झंडी रोड पर प्रस्तावित राष्ट्रीय शौर्य समृद्धि 251 कुंडीय विराट गायत्री महायज्ञ का निमंत्रण देने पहुंचे आयोजन समिति के प्रतिनिधिमंडल से आर्यावर्त बैंक के मैनेजर द्वारा अभद्रता किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि बैंक मैनेजर ने समिति सदस्यों को केबिन से बाहर निकालते हुए अपमानित कर दिया। इस घटना से आक्रोशित लोगों ने मंगलवार सुबह बैंक का घेराव कर प्रदर्शन किया और मैनेजर को हटाने की मांग पर अड़ गए।

जानकारी के अनुसार, सोमवार को महायज्ञ आयोजन समिति के प्रतिनिधिमंडल ने सिंगाही रोड स्थित आर्यावर्त बैंक पहुंचकर बैंक मैनेजर शैलेंद्र प्रताप सिंह को निमंत्रण देने का प्रयास किया था। आरोप है कि इस दौरान बैंक मैनेजर ने आयोजक समिति के मुख्य आयोजक विनोद कुमार सिंह, मोनू दीक्षित, दामोदर वर्मा सहित अन्य सदस्यों के साथ अभद्र व्यवहार किया और उन्हें केबिन से बाहर निकालकर बैंक से भगा दिया। घटना की जानकारी मिलने पर मंगलवार सुबह नगर व्यापार मंडल कंछल गुट के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, आनंद चतुर्वेदी, अशोक चौधरी, अशोक तिवारी सहित सैकड़ों हिंदू समाज के लोग बैंक पहुंच गए और घेराव कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने बैंक मैनेजर को तत्काल हटाने की मांग की। इस दौरान कई बड़े खाताधारकों ने बैंक से खाते बंद करने की चेतावनी भी दी। स्थिति बिगड़ती देख बैंक प्रबंधन की ओर से समझाने का प्रयास किया गया। अंततः बैंक मैनेजर ने एकत्रित लोगों के सामने सार्वजनिक रूप से माफी मांगी, जिसके बाद मामला शांत हुआ।

## कोरैया पर्यावरण संरक्षण सेवा समिति ने कोहरे में हादसों से बचाव के लिए लगाए रिफलेक्टर

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**



- समिति ने आमजन से भी अपील की है कि वे सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक बनें
- कोहरे के समय रिफलेक्टर व अन्य सुरक्षा उपायों का उपयोग करें

कोहरे के बढ़ते प्रकोप और उससे होने वाले सड़क हादसों को देखते हुए कोरैया पर्यावरण संरक्षण सेवा समिति ने एक सराहनीय पहल की है। समिति द्वारा खमरिया थाना प्रभारी ओपी राय, रेहुआ पुलिस चौकी इंचार्ज एवं पुलिस स्टाफ के सहयोग से सड़क किनारे रिफलेक्टर लगाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा एवं सदस्य शिव सागर सिंह उपस्थित रहे। रिफलेक्टर लगाए जाने का मुख्य उद्देश्य कोहरे के दौरान वाहन चालकों को मार्ग स्पष्ट रूप से दिखाई देना और दुर्घटनाओं की संभावना को कम करना है। समिति अध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा ने कहा कि जनसुरक्षा समिति की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस पहल से कोहरे के समय होने वाले सड़क हादसों में कमी आएगी। खमरिया थाना प्रभारी ओपी राय ने समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन भविष्य में भी ऐसे जनहित कार्यों में पूरा सहयोग करता रहेगा। समिति ने आमजन से भी अपील की है कि वे सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक बनें और कोहरे के समय रिफलेक्टर एवं अन्य सुरक्षा उपायों का उपयोग करें।

## परेली में किसान गोष्ठी का आयोजन आधुनिक खेती की मिली जानकारी

**गोला गोकर्णनाथ, लखीमपुर, समृद्धि न्यूज।**

किसान दिवस के अवसर पर मंगलवार को प्रभात किरण सामाजिक संस्थान की ओर से ग्राम परेली में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, फसल सुरक्षा और उत्पादन बढ़ाने से जुड़ी नवीन जानकारियों से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। गोष्ठी को संबोधित करते हुए कृषि विशेषज्ञों ने उन्नत बुवाई विधि, कीट एवं रोग नियंत्रण तथा आधुनिक तकनीकों को अपनाने पर विस्तार से प्रकाश डाला। रिच क्रॉप प्रोटेक्शन प्राइवेट लिमिटेड के अंशुल कुमार वर्मा ने फसलों को कीटों और रोगों से बचाने के प्रभावी उपाय बताए। वहीं एफएमसी प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि रितेश कुमार सिंह ने वैज्ञानिक तरीके से फसल सुरक्षा और संतुलित दवाओं के प्रयोग पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष नवनीत वर्मा ने किया। उन्होंने किसान दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और इस तरह की गोष्ठियां उन्हें नई तकनीकों से जोड़कर बेहतर खेती की दिशा दिखाती हैं। अंत में उन्होंने सभी किसानों, वक्ताओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था के प्रबंधक पंकज वर्मा, कैलाश श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान बालगोविंद वर्मा, मोहन लाल, सोवरन लाल, बाबू शुक्ला, मदन लाल वर्मा, नन्हें लाल सहित अनेक किसान उपस्थित रहे। किसानों ने गोष्ठी को अत्यंत उपयोगी बताते हुए ऐसे कार्यक्रमों के नियमित आयोजन की मांग की।

## ग्राम प्रधान ने 200 जरूरतमंदों को बांटे कंबल



**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**

निघासन विकासखंड की ग्राम पंचायत बैलहा में कड़ाके की ठंड और शीतलहर को देखते हुए मंगलवार को कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान हाजी रफीक अहमद के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान गांव के करीब 200 गरीब व जरूरतमंद परिवारों को कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम दोपहर लगभग 11 बजे शुरू हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से ठंड लगातार बढ़ रही है। शीतलहर के कारण सबसे अधिक परेशानी गरीब और असहाय परिवारों को हो रही है। ऐसे में ग्राम प्रधान द्वारा किया गया कंबल वितरण जरूरतमंदों के लिए राहत का बड़ा सहारा साबित हुआ। कंबल पाकर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के चेहरों पर संतोष और राहत साफ दिखाई दी। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सद्दाम हुसैन ने कहा कि ग्राम पंचायत का उद्देश्य केवल विकास कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि जरूरत के समय गरीब और असहाय लोगों की मदद करना भी उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में कोई भी गरीब परिवार परेशान न हो, इसके लिए ग्राम प्रधान लगातार प्रयासरत हैं। आवश्यकता पड़ने पर आगे भी ऐसे सामाजिक कार्य किए जाएंगे। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत से जुड़े अन्य गणमान्य लोग और ग्रामीण उपस्थित रहे। कंबल प्राप्त करने वाले ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान हाजी रफीक अहमद व उनके प्रतिनिधि का आभार जताते हुए कहा कि इस सहायता से उन्हें भीषण ठंड में काफी राहत मिलेगी। ग्राम पंचायत बैलहा में आयोजित यह कंबल वितरण कार्यक्रम क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। ग्रामीणों ने इसे सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि यदि जनप्रतिनिधि इसी तरह संवेदनशीलता के साथ कार्य करें, तो गरीबों की कई समस्याओं का समाधान संभव है।

## अंशुल त्रिपाठी की रगो में दौड़ा आमिर खान का खून

- 27वीं बार रक्तदान कर दिया जीवन दान

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**



जिला अस्पताल बांदा से डॉक्टर आर.के गुप्ता बाल रोग विशेषज्ञ से संस्था सेवर्स ऑफ लाइफ के अध्यक्ष सलमान खान जी को सूचना मिली की एक अंशुल त्रिपाठी नाम का बच्चा जिला अस्पताल बांदा में एडमिट है और उसके मात्र 2.1 ब्लड है और ब्लड ग्रुप नेगेटिव है कृपया इनकी मदद करे अध्यक्ष सलमान ने फौरन ही अपने ग्रुप में डिमांड डाली कुछ ही समय में सक्रिय रक्तदाता श्री आमिर खान जी जोकि 27 बार रक्तदान कर चुके है वो फौरन ही जिला अस्पताल बांदा पहुंचे और 2 साल का बच्चे अंशुल त्रिपाठी के लिए रक्तदान किया रक्तदान में संस्था के अध्यक्ष सलमान खान जी सलाहकार मीडिया प्रभारी, सुनील सक्सेना, विष्णुकांत त्रिपाठी मौजूद रहे।

## प्रतियोगिता में अक्षरा सिंह ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**



**जिला स्तरीय एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता**

राजा लोन सिंह इंटर कॉलेज मितौली की कक्षा 10 की छात्रा अक्षरा सिंह ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई जी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता में जनपद लखीमपुर-खीरी में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय, क्षेत्र एवं परिवार का नाम रोशन किया है।

यह प्रतियोगिता गत 22 दिसंबर 2025 को जनपद मुख्यालय स्थित गुरु नानक इण्टर विधिक सभा कॉलेज, लखीमपुर-खीरी में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं तहसीलों से आए माध्यमिक विद्यालयों तथा महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में युवराज दत्त महाविद्यालय लखीमपुर खीरी के प्रोफेसर हेमन्त पाल तथा गुरु नानक इंटर कॉलेज के प्राचार्य ईसविंदर सिंह अजमानी मौजूद रहे। प्रतियोगिता में राजा लोन सिंह इंटर कॉलेज के अध्यापक जितेंद्र कुमार वर्मा, जेपी इंटर कॉलेज मोहम्मदी के प्राचार्य प्रदीप वर्मा तथा आर्य कन्या डिग्री कालेज,इस्लामिया डिग्री कालेज,सी एम पी जी कालेज वाई डी पी जी कालेज लखीमपुर राजकीय महाविद्यालय पीलिया सहित जिले के अनेक शिक्षकगण उपस्थित रहे। कठोर प्रतिस्पर्धा के बीच काव्य पाठ में उत्कृष्ट प्रस्तुति देते हुए अक्षरा सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जानकारी के अनुसार, विजेता प्रतिभागियों को 25 दिसंबर को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्मदिवस के अवसर पर सनातन धर्म बालिका इंटर कॉलेज मिश्राना में आयोजित समारोह में जिलाधिकारी खीरी द्वारा पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। अक्षरा सिंह की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, शिक्षकों एवं क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है।

## तीन दिवसीय उर्से मसूदी आज से शुरू

**बाँदा।** कालवन गंज छिपटहरी स्थित खानकाहे मसूदिया में हरत मसूद हुसैन चिश्ती साबरी का 114 वाँ सालाना तीन दिवसीय उर्स बुधवार की सुबह से शुरू हो गया। खानकाहे मसूदिया के सज्जाद नशीन सैय्यद आफ्ताब मसूदी ने बताया की उर्स के पहले दिन बुधवार की सुबह 10 बजे से नात, मनकबत, व तकरीर होगी दोपहर एक बजे मूवे मुबारक की जियारत कराई जाएगी इसके बाद गागर उठाई जाएगी रात में कव्वालियों की महफिल होगी। दूसरे दिन जुमेरात को फजिर की नमाज के बाद कुरान ख्वानी होगी सुबह 9 बजे नात मनकबत की महफिल उसके बाद फतेहा व लंगर होगा लंगर के बाद चादर रवाना होगी रात में कव्वालियों की महफिल होगी । तीसरे दिन जुमा को सुबह 9 बजे तोशा की रवानगी होगी।

## चौधरी चरण सिंह की जयंती पर किसानों का हुआ सम्मान



**बांदा।** पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में बड़ोखर ब्लाक में किसान सम्मान एवं कृषि प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस मौके पर किसानों को कृषि से संबेधित विभिन्न जानकारियां प्रदान की गई। वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को सम्मानित किया गया। इस दौरान जलयोद्धा व पदमश्री उमाशंकर पाण्डेय ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को किसानों को मसीहा कहा जाता है। उन्होंने अपने कार्यकाल में किसानों के लाभ के लिए अनेकों लाभकारी योजनाएं संचालित की। जिससे किसानों के जीवन में खुशहाली आयी। अजय कुमार पाण्डेय सीडीओए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एसके बैशए बीडीओ राजेश कुमारए पदमश्री उमाशंकर पाण्डेय, बड़ोखर ब्लाक प्रमुख स्वर्ण सिंह सोनू, परियोजना निदेशक राजेश कुमार, एमसलसी प्रतिनिधि आलोक सिंह, वरिष्ठ पत्रकार अभिषेक गंगेले आदि मौजूद रहे।

## अटल स्मृति पखवाड़ा के रूप में मनेगी पूर्व पीएम की जयंती



**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की की जयंती 25 दिसंबर को अटल स्मृति पखवाडा के रूप में मनाई जाएगी स इस अवसर पर प्रतियोगितायें, विचार गोष्ठी, प्रदर्शनी तथा उनके जीवन पर आधारित कविता पाठ व स्वच्छता अभियान सहित दर्जनों रचनात्मक एवं प्रेरणादाई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे स इस सम्बन्ध में आज एक जिला स्तरीय कार्यशाला भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जिला प्रभारी रामकिशोर साहू ने कहा कि अटल की एक नेता ही नहीं थे बल्कि युग दृष्टा, कवि और राष्ट्रनायक थे उनके विचार आज भी देश की राजनीति और शासन व्यवस्था को दिशा देने का कार्य कर रहे है उन्होंने बताया कि अटल की जयंती पर 24 दिसंबर को उनकी मूर्ति स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा तत्पश्चात उनकी मूर्ति या चित्र पर दीपंजलि का कार्यक्रम होगा स 25 दिसंबर को प्रत्येक बूथ पर उनकी जयंती मनाई जाएगी अटल जी की प्रदर्शनी व विशाल गोष्ठी का आयोजन होगा स 26 दिसंबर को बीर बाल दिवस के अवसर पर गुरु गोविन्द सिंह व बीर बाल साहिबजादों के बलिदान दिवस को स्मरण कर गुरुद्वारे व सार्वजनिक स्थलों पर विशाल कार्यक्रम आयोजित कर उनके बलिदान व साहस का सन्देश दिया जायेगा। इसी दौरान मतदाता विशेष पुनरीक्षण अभियान के सम्बन्ध में मण्डल स्तर पर बैठकें आयोजित की जाएगी।



## हेड कांस्टेबल के स्थानांतरण पर हुआ सम्मान समारोह का आयोजन

**बांदा।** जनपद के पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अकाउंट ब्रांच में तैनात अपने मधुर स्वभाव के लिए चर्चित कर्मठ एवं इमानदार हेड कांस्टेबल विकास यादव जो गत 10 वर्षों से अकाउंट ब्रांच में पद पर थे। जनपद बांदा में 15 वर्ष की सेवाएं देने के उपरांत उनका स्थानांतरण जनपद महोबा के लिए किया गया अकाउंट ब्रांच में सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें गिफ्ट प्रदान करते हुए उनकी कार्यशैली और मधुर स्वभाव की प्रशंसा सभी स्टाफके द्वारा की गई इस अवसर पर अकाउंट ब्रांच प्रभारी सीमा मैडम अकाउंटेंट अमित मिश्रा अमित वर्मा संदीप यादव इम्तियाज अहमद हरदीप यादव महिला कांस्टेबल अलका वर्मा दीपमाला सहायक सब इंस्पेक्टर चिंतामणि रामदयाल हीरा उर्फराजकुमार द्वारा माल्यार्पण कर भावभीनी विदाई की गई।

## गोवंश का कटा सिर मिलने से हिंदू संगठनों में आक्रोश

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**



मंगलवार को शहर के स्वराज कालोनी में मंदिर के पास गोवंश का कटा हुआ सिर मिलने से अफरा-तफरी मच गयी। मामले की जानकारी होने पर हिंदू संगठनों के तमाम लोग मौके पर पहुंच गये और नारेबाजी करने लगे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को जांच कर कार्यवाही का आश्वासन देते हुए मामले को शांत कराया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को शहर के स्वराज कालोनी मोहल्ले में गली नंबर.2 के पास स्थित शिव मंदिर के पास ही गाय के बछड़े का कटा हुआ सिर मिलते ही अफरा-तफरी मच गयी। घटना की खबर जंगल में आग की तरह फैल गई और धीरे-धीरे विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के साथ मोहल्ले के लोग एकत्र हो गए और नारेबाजी के साथ विरोध प्रदर्शन का दौर शुरू हो गया। मोहल्लेवालों और हिंदू संगठनों के लोगों ने गोवंश का सिर उठाकर सड़क पर रख दिया और सड़क पर जाम लगा दिया। जाम के दौरान तमाम वाहन फंसे रहे। जानकारी मिलते ही पुलिस ने मोर्चा संभाला और लोगों को समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। पुलिस ने तत्काल गोवंश के सिर को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और पूरी घटना को जानवरों के नोचने का मामला बताया है। सीओ सिटी मेविस टॉक ने कहा है कि पूरे मामले की जांच की जाएगी। फिलहाल अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है जांच के बाद तस्वीर साफ हो सकेगी। उधर गौरक्षा समिति के अध्यक्ष महेश प्रजापति ने पूरे मामले की जांच कराने और दोषियों के खिलाफकठोर कार्रवाई किए जाने की मांग बुलंद की है। कहा है कि शहर का धार्मिक माहौल बिगाड़ने की नियत से किसी अराजकतत्व ने घटना को अंजाम दिया है।